Shakespeare's

As You Like It

जो तुमको हो पसंद

आलोक श्रीवास्तव

Shakespeare's

AS YOU LIKE IT

जो तुमको हो पसंद

आलोक श्रीवास्तव

सह-लेखन एवं कवर डिजाईन

आदित्य श्रीवास्तव

ISBN: 9781520574974

© आलोक श्रीवास्तव, आदित्य श्रीवास्तव, 2017

प्रथम संस्करण: 2017

ऊपर आरक्षित कॉपीराइट के अधीन अधिकारों को सीमित किए बिना, लेखक की पूर्व-लिखित अनुमति के बग़ैर इस प्रकाशन के किसी हिस्से का न ही पुनरूत्पादन किया जा सकता है, न ही किसी माध्यम से (इलेक्ट्रॉनिक, यांत्रिक, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या अन्यथा) पुनर्प्राप्ति प्रणाली में संग्रहण, एकत्रण या वितरण किया जा सकता है। यदि कोई भी व्यक्ति इस पुस्तक की सामग्री, टाइटल, डिज़ाइन अथवा मैटर को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से तोड़-मोड कर इस्तेमाल में लाता है तो कानूनी हर्जे-खर्चे व हानि का ज़िम्मेदार वह स्वयं होगा।

बिना लेखक की पूर्व-लिखित अनुमति के, इंटरनेट के माध्यम से या किसी अन्य माध्यम के द्वारा, इस किताब की स्कैनिंग, अपलोड और वितरण गैरकानूनी है और विधि द्वारा दंडनीय है।

किसी भी प्रकार के वाद की स्थिति में, न्याय-क्षेत्र इलाहाबाद होगा।

AS YOU LIKE IT

जो तुमको हो पसंद

Table of contents

विषय सूची

ACT I. 1

नाटकांक १ 1

SCENE I. Orchard of OLIVER'S house 1

दृश्य १: ऑलिवर के घर का बाग 1

SCENE II. A lawn before the DUKE'S palace 16

दृश्य २: ड्यूक के महल के सामने स्थित घास का एक मैदान 16

SCENE III. The DUKE's palace 50

दृश्य ३: ड्यूक का महल 50

ACT II. 66

नाटकांक २ 66

SCENE I. The Forest of Arden 66

दृश्य १: आर्डन का जंगल 66

SCENE II. The DUKE'S palace 74

दृश्य २: ड्यूक का महल 74

SCENE III. Before OLIVER'S house 77

दृश्य ३: ऑलिवर के घर के सामने 77

SCENE IV. The Forest of Arden 85

दृश्य ४: आर्डन का जंगल 85

SCENE V. Another part of the forest 98

दृश्य ५: जंगल का एक अन्य हिस्सा 98

SCENE VI. The forest 106

दृश्य ६: जंगल 106

SCENE VII. The forest 108

दृश्य ७: जंगल 108

ACT III. 128

नाटकांक ३ 128

SCENE I. The palace 128

दृश्य १: महल में 128

SCENE II. The forest 132

दृश्य २: जंगल 132

SCENE III. The forest 177

दृश्य ३: जंगल 177

SCENE IV. The forest 190

दृश्य ४: जंगल 190

SCENE V. Another part of the forest 197

दृश्य ५: जंगल का एक अन्य हिस्सा 197

ACT IV. 210

नाटकांक ४ 210

SCENE I. The forest 210

दृश्य १: जंगल 210

SCENE II. The forest 235

दृश्य २: जंगल 235

SCENE III. The forest 238

दृश्य ३: जंगल 238

ACT V. 259

नाटकांक ५ 259

SCENE I. The forest 259

दृश्य १: जंगल 259

SCENE II. The forest 267

दृश्य २: जंगल 267

SCENE III. The forest 279

दृश्य ३: जंगल 279

SCENE IV. The forest 284

दृश्य ४: जंगल..... 284

EPILOGUE..... 304

उपसंहार..... 304

DRAMATIS PERSONAE.

नाटकीय व्यक्तित्व

DUKE, living in exile
ड्यूक, निष्कासन में रहते हुए

FREDERICK, his brother, and usurper of his dominions
फ्रेडेरिक, ड्यूक का भाई, और उसके राज्य को हड़पने वाला

AMIENS, lord attending on the banished Duke
ऐमीयेन्स, निष्कासित ड्यूक की देखभाल करने के लिए उनके साथ रहने वाला एक सामंत

JAQUES, lord attending on the banished Duke
जॉक, निष्कासित ड्यूक की देखभाल करने के लिए उनके साथ रहने वाला एक सामंत

LE BEAU, a courtier attending upon Frederick
ले बो, फ्रेडेरिक के साथ रहने वाला एक दरबारी

CHARLES, wrestler to Frederick
चार्ल्स, फ्रेडेरिक का कुश्तीबाज

OLIVER, son of Sir Rowland de Boys

ऑलिवर, सर रोलैंड डी बॉयज का लड़का

JAQUES, son of Sir Rowland de Boys
जॉक, सर रोलैंड डी बॉयज का लड़का

ORLANDO, son of Sir Rowland de Boys
ऑरलैंडो, सर रोलैंड डी बॉयज का लड़का

ADAM, servant to Oliver
ऐडम, ऑलिवर का नौकर

DENNIS, servant to Oliver
डेनिस, ऑलिवर का नौकर

TOUCHSTONE, the court jester
टचस्टोन, दरबार का विदूषक

SIR OLIVER MARTEXT, a vicar
सर ऑलिवर मार्टेक्स्ट, एक पादरी

CORIN, shepherd
कॉरिन, गड़ेरिया

SILVIUS, shepherd
सिलवियस, गड़ेरिया

WILLIAM, a country fellow, in love with Audrey

विलियम, एक ग्रामीण आदमी, जो ऑड्री के साथ प्यार में है

A person representing **HYMEN**
हायमेन को दर्शाने वाला एक व्यक्ति

ROSALIND, daughter to the banished Duke
रोज़लिंड, निष्कासित ड्यूक की बेटी

CELIA, daughter to Frederick
सीलिया, फ्रेडेरिक की बेटी

PHEBE, a shepherdess
फीबी, एक गड़ेरियिन

AUDREY, a country wench
ऑड्री, एक ग्रामीण लड़की

Lords, Pages, Foresters, and Attendants
सामंतगण, सेवक, वनरक्षक, और परिचारक

SCENE: OLIVER'S house; FREDERICK'S court; and the Forest of Arden

दृश्य: ऑलिवर का घर; फ्रेडेरिक का दरबार; और आर्डन का जंगल

ACT I.

नाटकांक १

SCENE I. Orchard of OLIVER'S house

दृश्य १: ऑलिवर के घर का बाग

[Enter ORLANDO and ADAM]

[ऑरलैंडो और ऐडम का प्रवेश]

ORLANDO.

As I remember, Adam, it was upon this fashion bequeathed me by will but poor a thousand crowns, and, as thou sayest, charged my brother, on his blessing, to breed me well; and there begins my sadness. My brother Jaques he keeps at school, and report speaks goldenly of his profit. For my part, he keeps me rustically at home, or, to speak more properly, stays me here at home unkept; for call you that keeping for a gentleman of my birth that differs not from the stalling of an ox? His horses are bred better; for, besides that they are fair with their feeding, they are taught their manage, and to that end riders dearly hired; but I, his brother, gain nothing under him but growth; for the which his animals on his dunghills are as much bound to him as I. Besides this nothing that he so plentifully gives me, the something that nature gave me his countenance seems to take from me. He lets me feed with his hinds, bars me the place of a brother, and as much as in him lies, mines my gentility with my education. This is it, Adam, that grieves me; and the spirit of my father, which I think is within me, begins to mutiny against this servitude. I will no longer endure it, though yet I know no wise remedy how to avoid it.

ऑरलैंडो

ऐडम, जहां तक मुझे ध्यान आता है, मुझे वसीयत में केवल एक हजार सोने के सिक्के दिए गये थे, और, जैसा तुम बताते हो, मेरे भाई को अपना आशीष देते हुए मेरे पिता ने जिम्मेदारी सौंपी थी कि वह अच्छे ढंग से मेरा पालन-पोषण करे। और वहीं से मेरे दुःख की शुरुआत होती है। मेरे भाई जॉक को वह (ऑलिवर) स्कूल में रखता है, और रिपोर्ट कहती है उसको (जॉक को) बहुत ही लाभ हुआ है। दूसरी तरफ, वह (ऑलिवर) मुझे घर पर, गंवार ही रखे हुए है या ज्यादा उचित तरीके से कहा जाए, तो यहाँ घर पर उसने मुझे उपेक्षित-सा रखा हुआ है; मैं तुमसे पूछता हूँ कि कुलीन घर में जन्मे मेरे जैसे व्यक्ति का "रखरखाव", क्या पशुशाला में बांधे गये एक बैल से ज्यादा भिन्न नहीं है? उसके घोड़ों को बढ़िया खिलाया जाता है, इसके अलावा वे खुद भी अपने खाने का विशेष ध्यान देते हैं, उन्हें अपने रखरखाव के लिए प्रशिक्षित किया जाता है और, ऐसा करने के लिए महंगे प्रशिक्षकों की सेवायें ली जाती हैं। लेकिन मैं, उसका भाई, उसके अधीन रहकर बढ़ने के सिवाय और कुछ हासिल नहीं कर पाया हूँ, जिसके लिए उसके जानवर उसके गोबरखाने में गोबर करने के लिए जितने बाध्य हैं उतना ही मैं भी। इसके अलावा ऐसा कुछ नहीं है जो वह मुझे बहुत ज्यादा देता हो, उसकी मुखाकृति से लगता है कि वह मुझसे, कुदरत द्वारा दी गयी किसी भी चीज को, छीनना चाहता है। अपने नौकरों के साथ ही वह मुझे खाना खाने देता है, वह मुझे भाई का दर्जा देने से मना करता है, और, जितनी कुलीनता उसमें है उतनी ही मुझमें भी मेरी अल्पशिक्षा के साथ है। ऐडम, यही वह बात है जिससे मुझे दुःख होता है, और मेरे पिता की रूह, मैं सोचता हूँ जो मुझमें भी है, ने उसकी इस गुलामी के विरूद्ध बगावत शुरू कर दी है। मैं इसे अब और सहन नहीं करूंगा, हालांकि अभी तक मैं ऐसा कोई बुद्धिमत्तापूर्ण उपाय नहीं जानता कि इससे कैसे बचा जाए।

[Enter OLIVER]

[ऑलिवर का प्रवेश]

ADAM.

Yonder comes my master, your brother.

ऐडम

वो देखिये मेरे मालिक, आपके भाई, आ रहे हैं।

ORLANDO.

Go apart, Adam, and thou shalt hear how he will shake me up.

ऑरलैंडो

ऐडम, दूर हट जाओ, और अब तुम सुनोगे कि किस तरह से वह मुझे झकझोड़ेगा।

[ADAM retires]

[ऐडम, पीछे हटता है]

OLIVER.

Now, sir! what make you here?

ऑलिवर

अब, श्रीमान! तुम यहाँ पर क्या बना रहे हो?

ORLANDO.

Nothing; I am not taught to make any thing.

ऑरलैंडो

कुछ नहीं; मुझे कुछ बनाना नहीं सिखाया गया है।

OLIVER.

What mar you then, sir?

ऑलिवर

तब श्रीमान, तुम यहाँ क्या बिगाड़ रहे हो?

ORLANDO.

Marry, sir, I am helping you to mar that which God made, a poor unworthy brother of yours, with idleness.

ऑरलैंडो

श्रीमान, मैं उसे बिगाड़ने में आपकी मदद कर रहा हूँ जिसे ईश्वर ने बनाया है, आपके एक बेचारे बेकार भाई को काहिल बनाकर।

OLIVER.

Marry, sir, be better employed, and be nought awhile.

ऑलिवर

श्रीमान, जाओ कोई बेहतर काम करो और कुछ देर के लिए दफा हो जाओ।

ORLANDO.

Shall I keep your hogs, and eat husks with them?

What prodigal portion have I spent that I should come to such penury?

ऑरलैंडो

क्या मैं आपके सूअर ले आऊँ, और उनके साथ भूसी खाऊँ? मैंने क्या फिजूलखर्ची की है जो मुझे ऐसी दरिद्रता में जीना होगा?

OLIVER.

Know you where you are, sir?

ऑलिवर

श्रीमान, क्या तुम जानते हो कि तुम कहाँ हो?

ORLANDO.

O, sir, very well; here in your orchard.

ऑरलैंडो

ओ हाँ, श्रीमान, बहुत अच्छी तरह से; यहाँ आपके फलोद्यान में।

OLIVER.

Know you before whom, sir?

ऑलिवर

श्रीमान, क्या तुम जानते हो कि तुम किसके सामने खड़े हो?

ORLANDO.

Ay, better than him I am before knows me. I know you are my eldest brother; and in the gentle condition of blood, you should so know me. The courtesy of nations allows you my better in that you are the first-born; but the same tradition takes not away my blood, were there twenty brothers betwixt us. I have as much of my father in me as you, albeit I confess your coming before me is nearer to his reverence.

ऑरलैंडो

हां, मैं उस शख्स, जो मुझे नहीं जानता, से बेहतर जानता हूँ कि मैं किसके सामने खड़ा हूँ। मैं जानता हूँ कि आप मेरे सबसे बड़े भाई हैं, और लहू की कुलीनता के कारण आपको भी मुझे जानना चाहिए। राष्ट्रों की (व्यवहारिक) शिष्टता के कारण आप मुझसे श्रेष्ठ हैं, क्योंकि आप प्रथम सन्तान हैं, लेकिन वही परम्परा मुझे मेरे लहू की कुलीनता से वंचित नहीं करती, भले ही हमारे बीच बीस भाइयों का फासला क्यों न हों। मुझमें भी मेरे पिता की उतनी ही रूह बसती है जितनी आप में, यद्यपि, मैं स्वीकारता हूँ कि मुझसे पहले आपका जन्म होने के कारण आप उनके ज्यादा करीब हैं।

OLIVER.

What, boy! *[Strikes him]*

ऑलिवर

क्या, लड़का है! *[ऑरलैंडो को जोर से मारता है]*

ORLANDO.

Come, come, elder brother, you are too young in this. *(seizes him)*

ऑरलैंडो

आओ, आओ, बड़े भाई, अभी आप इस मामले में (लड़ने के मामले में) काफी छोटे हो।*(उसे पकड़ते हुए)*

OLIVER.

Wilt thou lay hands on me, villain?

ऑलिवर

दुष्ट, क्या तुम मुझ पर हाथ उठाओगे?

ORLANDO.

I am no villain; I am the youngest son of Sir Rowland de Boys. He was my father; and he is thrice a villain that says such a father begot villains. Wert thou not my brother, I would not take this hand from thy throat till this other had pulled out thy tongue for saying so. Thou hast railed on thyself.

ऑरलैंडो

मैं कोई दुष्ट नहीं हूँ; मैं 'सर रोलैंड डी बॉयज' का सबसे छोटा लड़का हूँ। वह मेरे पिता थे; और जो कोई कहता है कि ऐसे पिता ने दुष्टों को पैदा किया था तो ऐसा कहने वाला खुद तीन गुना दुष्ट है। यदि आप मेरे भाई न होते, तो मैं तब तक अपने इस हाथ को आपके गले से न हटाता जब तक कि ऐसा कहने वाली आपकी यह जबान बाहर न आ जाती। आपने स्वयं को ही अपमानित किया है।

ADAM.

[Coming forward]

Sweet masters, be patient; for your father's remembrance, be at accord.

ऐडम

[आगे आते हुए]

अच्छे मालिकों, शांत हो जायें; अपने पिता की यादों के लिए, सुलह करके रहिये।

OLIVER.

Let me go, I say.

ऑलिवर

मैं कहता हूँ, मुझे जाने दो।

ORLANDO.

I will not, till I please; you shall hear me. My father charged you in his will to give me good education: you have trained me like a peasant, obscuring and hiding from me all gentleman-like qualities. The spirit of my father grows strong in me, and I will no longer endure it; therefore allow me such exercises as may become a gentleman, or give me the poor allottery my father left me by testament; with that I will go buy my fortunes.

ऑरलैंडो

जब तक मेरी मर्जी होगी तब तक मैं नहीं छोडूंगा; आपको मेरी बात सुननी होगी। मेरे पिता ने अपनी वसीयत में आपको जिम्मेदारी सौंपी थी कि आप मुझे अच्छी तालीम दें: आपने मुझे एक गरीब किसान की तरह प्रशिक्षित किया है, कुलीन आदमियों में होने वाले सभी गुणों से आपने मुझे वंचित और छिपाकर रखा है। मेरे पिता की रूह मुझमें बलवती हो रही है और यह सब मैं अब और बर्दाश्त नहीं करूंगा। इसलिए आप मुझे ऐसी शिक्षा प्राप्त करने की अनुमति दें जिससे मैं एक कुलीन आदमी बन सकूं, या फिर वसीयत में मेरे पिता ने मेरे लिए जो हिस्सा छोड़ा है वह मुझे दे दें। उसे लेकर अपनी किस्मत आजमाने के लिए मैं चला जाऊँगा।

OLIVER.

And what wilt thou do? Beg, when that is spent? Well, sir, get you in. I will not long be troubled with you; you shall have some part of your will. I pray you leave me.

ऑलिवर

और जब तुम्हारा वह धन खत्म हो जाएगा, तब तुम क्या करोगे – भीख मांगोगे? अच्छी बात है, श्रीमान, अंदर चलो। तुम्हारे साथ मैं और अधिक उलझना नहीं चाहूंगा। तुम्हारी वसीयत का कुछ हिस्सा तुम्हें मिल जाएगा। कृपया अब मुझे छोड़ दो।

ORLANDO.

I will no further offend you than becomes me for my good.

ऑरलैंडो

आवश्यकता की स्थिति को छोड़कर आगे से मैं आपको कष्ट नहीं पहुँचाऊँगा।

OLIVER.

(to ADAM) Get you with him, you old dog.

ऑलिवर

(ऐडम से) तुम, बूढ़े कुत्ते, तुम उसके साथ जाओ।

ADAM.

Is 'old dog' my reward? Most true, I have lost my teeth in your service. God be with my old master! He would not have spoke such a word.

ऐडम

'बूढ़ा कुत्ता!' क्या यही मेरा पुरस्कार है? बिल्कुल सही है, मैंने अपने दांतों को आपकी खिदमत में गंवाया है। ईश्वर मेरे पुराने मालिक के साथ रहे! वह कभी ऐसे शब्द नहीं कह सकते थे।

[Exeunt ORLANDO and ADAM]

[ऑरलैंडो और ऐडम का निकास]

OLIVER.

Is it even so? Begin you to grow upon me? I will physic your rankness, and yet give no thousand crowns neither. Holla, Dennis!

ऑलिवर

क्या ऐसी बात है? मेरी बिल्ली और मुझी से म्याऊं? मैं तुम्हारी धृष्टता को ठीक कर दूंगा और इसके अलावा हजार सोने के सिक्के भी नहीं दूंगा। - हे, डेनिस!

[Enter DENNIS]

[डेनिस का प्रवेश]

DENNIS.

Calls your worship?

डेनिस

'योर वोरशिप' ने मुझे बुलाया?

OLIVER.

Was not Charles, the Duke's wrestler, here to speak with me?

ऑलिवर

क्या वह चार्ल्स, ड्यूक का कुश्तीबाज, तो नहीं था जो यहाँ मुझसे बात करने के लिए आया था?

DENNIS.

So please you, he is here at the door and importunes access to you.

डेनिस

आपको जानकर ख़ुशी होगी, वह यहीं दरवाजे पर ही खड़े हैं और आप से अविलम्ब मुलाक़ात करने के लिए कह रहे हैं।

OLIVER.

Call him in.

ऑलिवर

उसे अंदर बुला लो।

[Exit DENNIS]

[डेनिस का निकास]

OLIVER.

[Aside]

'Twill be a good way; and to-morrow the wrestling is.

ऑलिवर

[एक कोने में खुद से]

यह एक अच्छा तरीका होगा; और कल तो कुश्ती होने वाली है।

[Enter CHARLES]

[चार्ल्स का प्रवेश]

CHARLES.

Good morrow to your worship.

चार्ल्स

सुप्रभात 'योर वोरशिप'।

OLIVER.

Good Monsieur Charles! What's the new news at the new court?

ऑलिवर

अच्छे श्रीमान चार्ल्स! नये दरबार में क्या नया समाचार है?

CHARLES.

There's no news at the court, sir, but the old news; that is, the old Duke is banished by his younger brother the new Duke; and three or four loving lords have put themselves into voluntary exile with him, whose lands and revenues enrich the new Duke; therefore he gives them good leave to wander.

चार्ल्स

श्रीमान, दरबार में कोई नया समाचार घटित नहीं हुआ है लेकिन पुराना समाचार यह है कि पुराने ड्यूक को उनके छोटे भाई, नये ड्यूक, द्वारा देश-निकाला दे दिया गया है; और उनके तीन या चार प्रिय सामंतों ने स्वेच्छा से उनके साथ निर्वासन ले लिया है, जिनकी जमीनें और राजस्व अब नये ड्यूक को समृद्ध करते हैं, इसलिये उन्होंने (नये ड्यूक ने) उन्हें घूमने के लिए अच्छी छुट्टी दे दी है।

OLIVER.

Can you tell if Rosalind, the Duke's daughter, be banished with her father?

ऑलिवर

क्या तुम बता सकते हो रोज़लिंड, ड्यूक की पुत्री, को भी उसके पिता के साथ निष्कासित किया गया है?

CHARLES.

Oh, no; for the Duke's daughter, her cousin, so loves her, being ever from their cradles bred together, that she would have followed her exile, or have died to stay behind her. She is at the court, and no less beloved of her uncle than his own daughter; and never two ladies loved as they do.

चार्ल्स

ओह नहीं, ड्यूक की बेटी को उसकी चचेरी-बहन, जो उसके साथ-साथ पालने में पलकर बढ़ी है, बहुत चाहती है; यदि उसे (रोज़लिंड को) निष्कासित किया गया तो वह भी उसके पीछे-पीछे चली जायेगी या पीछे यहाँ उसके वियोग में मर जायेगी। इसलिए वह दरबार में ही है, और वह अपने चाचा को, अपनी पुत्री से कम प्यारी नहीं है, और जितना प्यार उन दोनों में है उतना दो औरतों में कभी नहीं हुआ था।

OLIVER.

Where will the old Duke live?

ऑलिवर

पुराने ड्यूक कहाँ पर रहेंगे?

CHARLES.

They say he is already in the Forest of Arden, and a many merry men with him; and there they live like the old Robin Hood of England. They say many young gentlemen flock to him every day, and fleet the time carelessly, as they did in the golden world.

चार्ल्स

वे कहते हैं वह पहले से ही आर्डन के जंगल में हैं, और कई सारे खुशमिजाज लोग उनके साथ हैं; और वहां वे लोग पुराने जमाने के इंग्लैंड के रॉबिन हुड जैसा जीवन जीते हैं। वे कहते हैं कई सारे भद्र युवा लोग हर रोज उनके पास भीड़ लगाकर इकट्ठा

होते हैं और लापरवाह होकर अपने समय को तेजी से बिताते हैं, जैसा वे स्वर्णिम-संसार[1] में किया करते थे।

OLIVER.

What, you wrestle to-morrow before the new Duke?

ऑलिवर

क्या, तुम नये ड्यूक के सामने कल कुश्ती लड़ोगे?

CHARLES.

Marry, do I, sir; and I came to acquaint you with a matter. I am given, sir, secretly to understand that your younger brother, Orlando, hath a disposition to come in disguised against me to try a fall. To-morrow, sir, I wrestle for my credit; and he that escapes me without some broken limb shall acquit him well. Your brother is but young and tender; and, for your love, I would be loath to foil him, as I must, for my own honour, if he come in; therefore, out of my love to you, I came hither to acquaint you withal, that either you might stay him from his intendment, or brook such disgrace well as he shall run into, in that it is thing of his own search and altogether against my will.

चार्ल्स

मैं लड़ूंगा, श्रीमान, और मैं आपको एक बात बताने आया था। श्रीमान, मुझे गुप्त रूप से पता चला है कि आपका छोटा भाई ऑरलैंडो मुझे हराने की कोशिश करने के लिए छद्म-भेष में मेरे खिलाफ खड़ा होने का इरादा रखता है। श्रीमान, कल मैं अपनी प्रतिष्ठा के लिए लड़ूंगा, और जो कोई अपनी कुछ हड्डियां तुड़वाये बगैर मुझसे बच निकले वह वाकई अच्छा कुश्तीबाज होगा। आपका भाई अभी छोटा और अकुशल है और आपके प्रति लगाव की खातिर मैं उसे तोड़ने के लिए (हड्डियां तोड़ने के

[1] यूनानी दंत कथा में, माना जाता है कि मानव सबसे पहले स्वर्णिम युग में जीते थे, जहाँ उन्हें कोई काम नहीं करना पड़ता था, समाज में किसी प्रकार का मतभेद या हिंसा नहीं थी और किसी किस्म के क़ानून की जरूरत नहीं थी।

लिए) अनिच्छुक होऊंगा, किन्तु यदि वह अखाड़े में आता है तो अपने खुद के सम्मान के लिए, मुझे लड़ना पड़ेगा। इसलिए आपके प्रति अपने लगाव को भूलकर, मैं आपको यह बताने आया था कि या तो आप उसकी मंशा से उसे दूर रखे या फिर उसके साथ-साथ ऐसी जिल्लत बर्दाश्त करें जो उसे मिलेगी, ऐसी स्थिति में यह बात (शर्मिंदगी) उसकी खुद की खोज होगी और पूर्णतया मेरी इच्छा के विरुद्ध भी।

OLIVER.

Charles, I thank thee for thy love to me, which thou shalt find I will most kindly requite. I had myself notice of my brother's purpose herein, and have by underhand means laboured to dissuade him from it; but he is resolute. I'll tell thee, Charles, it is the stubbornest young fellow of France; full of ambition, an envious emulator of every man's good parts, a secret and villainous contriver against me his natural brother. Therefore use thy discretion: I had as lief thou didst break his neck as his finger. And thou wert best look to't; for if thou dost him any slight disgrace, or if he do not mightily grace himself on thee, he will practice against thee by poison, entrap thee by some treacherous device, and never leave thee till he hath ta'en thy life by some indirect means or other; for, I assure thee – and almost with tears I speak it - there is not one so young and so villainous this day living. I speak but brotherly of him; but should I anatomize him to thee as he is, I must blush and weep, and thou must look pale and wonder.

ऑलिवर

चार्ल्स, मेरे प्रति तुम्हारे प्रेम के लिए, मैं तुम्हारा धन्यवाद करता हूँ तुम देखोगे, इसे (प्रेम को) बेहद सहज ही मैं तुम्हें वापस दूंगा। यहाँ खुद मैंने भी अपने भाई के इरादे को गौर किया था और शांतिपूर्ण तरीके से उसे इससे (कुश्ती से) विरत करने की कोशिश भी की है; किन्तु वह दृढ-संकल्पी है। चार्ल्स, मैं तुम्हें बताऊँगा कि वह पूरे फ्रांस में सबसे अधिक जिद्दी, महत्वाकांक्षा से भरा हुआ और हर व्यक्ति की अच्छाइयों की नकल करने वाला एक ईर्ष्यालु व्यक्ति है, वह मेरे, अपने प्राकृतिक भाई के, खिलाफ एक गुप्त और दुष्ट षड्यन्त्रकर्ता है। इसलिए तुम अपने विवेक का इस्तेमाल करो। यदि तुम उसकी गर्दन को उसकी अंगुली की तरह ही तोड़ते हो तो भी तुम मुझे पहले जितने ही प्रिय रहोगे। और तुम इस मशवरे का सबसे ज्यादा ध्यान रखना, क्योंकि

यदि तुम तनिक-सा भी उसका अपमान कारित करते हो या फिर वह बलपूर्वक तुम पर अपनी श्रेष्ठता साबित नहीं कर पाता, तो वह तुम पर जहर आजमायेगा या किसी कपटपूर्ण योजना से तुम्हें गड्ढ़े में फंसायेगा और वह तुम्हें तब तक नहीं छोड़ेगा जब तक किसी अप्रत्यक्ष तरीके या अन्य तरीके से वह तुमसे तुम्हारी जिन्दगी न छीन ले। मैं तुम्हें यकीन दिलाता हूँ – और लगभग नम हो चुकी आँखों से मैं कहता हूँ – आज की तारीख में कोई ऐसा जीवित व्यक्ति नहीं होगा जो इतनी कम आयु का हो और जिसमें इतनी दुष्टता भरी हो। सिर्फ उसका भाई होने के नाते मैं उससे बोलता हूँ, लेकिन जैसा वह है उसका पूरा चिट्ठा क्या मुझे तुम्हारे सामने खोलना चाहिए, मुझे तो लज्जा आनी चाहिए और रोना चाहिए, और (उसके बारे में जानकर) तुम्हारा चेहरा पीला पड़ जाना चाहिए और तुम्हें अचंभित हो जाना चाहिए।

CHARLES.

I am heartily glad I came hither to you. If he come to-morrow I'll give him his payment. If ever he go alone again, I'll never wrestle for prize more. And so, God keep your worship!

चार्ल्स

मैं बेहद खुश हूँ कि मैं आपके पास यहाँ आया। यदि कल वह आता है तो मैं उसे उसका भुगतान कर दूंगा (अर्थात मेरे सामने आने का दंड मैं उसे दे दूंगा)। (कल की कुश्ती के बाद) यदि फिर कभी वह अकेले (अर्थात बिना किसी सहारे के) टहल सका, तो पुरस्कार पाने के लिए मैं आगे कभी कुश्ती नहीं लड़ूंगा। और इसलिए, ईश्वर आपकी रक्षा करे 'योर लॉर्डशिप'।

OLIVER.

Farewell, good Charles.

ऑलिवर

अलविदा, अच्छे चार्ल्स।

[Exit CHARLES.]

[चार्ल्स का निकास]

OLIVER.

Now will I stir this gamester. I hope I shall see an end of him; for my soul - yet I know not why - hates nothing more than he. Yet he's gentle; never schooled and yet learned; full of noble device; of all sorts enchantingly beloved; and, indeed, so much in the heart of the world, and especially of my own people, who best know him, that I am altogether misprized. But it shall not be so long; this wrestler shall clear all. Nothing remains but that I kindle the boy thither, which now I'll go about.

ऑलिवर

अब मैं (अपने) इस खिलाड़ी को झकझोड़ दूंगा। अपनी रूह के लिए, मैं उम्मीद करता हूँ कल मैं उसका अंत देखूँगा – लेकिन मैं यह नहीं जानता कि क्यों – उससे ज्यादा मैं किसी और चीज से नफरत नहीं करता हूँ। हालांकि वह सभ्य है; (वह) कभी स्कूल नहीं गया फिर भी विद्वान है, अच्छाइयों से परिपूर्ण है, मोहक रूप से प्रिय लगने वाले सभी गुणों से युक्त है, और वाकई, (वह) दुनियाभर के लोगों, और खासकर मेरे अपने लोगों, जो उसे बहुत अच्छी तरह से जानते हैं, के दिलों की गहराई में इतना बसा है कि वे मुझे पूर्णतया उपेक्षित कर देते हैं। लेकिन यह सब अब ज्यादा समय तक नहीं चलेगा; यह पहलवान (चार्ल्स) कल सब-कुछ साफ़ कर देगा। कुछ भी नहीं बचेगा लेकिन उसके लिए यहाँ मुझे इस लड़के (ऑरलैंडो) को उकसाना होगा, जो अब मैं करूंगा।

[Exit]

[निकास]

SCENE II. A lawn before the DUKE'S palace

दृश्य २: ड्यूक के महल के सामने स्थित घास का एक मैदान

[Enter ROSALIND and CELIA]

[रोज़लिंड और सीलिया का प्रवेश]

CELIA.

I pray thee, Rosalind, sweet my coz, be merry.

सीलिया

रोज़लिंड, मेरी प्यारी चचेरी-बहन, मैं तुमसे प्रार्थना करती हूँ, खुश रहो।

ROSALIND.

Dear Celia, I show more mirth than I am mistress of; and would you yet I were merrier? Unless you could teach me to forget a banished father, you must not learn me how to remember any extraordinary pleasure.

रोज़लिंड

प्यारी सीलिया, मैं जितनी खुश हूँ उससे कहीं ज्यादा का मैं प्रदर्शन करती हूँ, और फिर भी तुम चाहती हो कि मैं और अधिक खुश दिखाई दूं? जब तक तुम मुझे देश से निकाले गये मेरे पिता को भूलना नहीं सिखा देती, तब तक किसी असाधारण ख़ुशी को याद कैसे किया जाता है यह बात तुम्हें मुझे नहीं सिखानी चाहिए।

CELIA.

Herein I see thou lov'st me not with the full weight that I love thee. If my uncle, thy banished father, had banished thy uncle, the Duke my father, so thou hadst been still with me, I could have taught my

love to take thy father for mine; so wouldst thou, if the truth of thy love to me were so righteously tempered as mine is to thee.

सीलिया

यहाँ मैं देखती हूँ कि तुम मुझसे उतना गहरा प्रेम नहीं करती जितना मैं तुमसे करती हूँ। यदि मेरे ताऊजी, तुम्हारे देश-निकाले गये पिता, ने तुम्हारे चाचा, मेरे ड्यूक पिता, को देश से निकाल दिया होता, और तब भी तुम मेरे साथ होती, तो तुम्हारे पिता को अपना पिता मानकर मैं तुम्हें अपना प्यार सिखा सकती थी। तुम भी ऐसा ही करती, यदि मेरे प्रति तुम्हारा प्रेम उतना ही सच्चा होता जितना मेरा तुम्हारे लिए है।

ROSALIND.

Well, I will forget the condition of my estate, to rejoice in yours.

रोज़लिंड

अच्छी बात है, तुम्हारी खुशी में खुश होने के लिए मैं अपनी कठिन परिस्थितियों को भूल जाऊँगी।

CELIA.

You know my father hath no child but I, nor none is like to have; and, truly, when he dies thou shalt be his heir; for what he hath taken away from thy father perforce, I will render thee again in affection. By mine honour, I will; and when I break that oath, let me turn monster; therefore, my sweet Rose, my dear Rose, be merry.

सीलिया

तुम जानती हो, मैं अपने पिता की एकमात्र सन्तान हूँ, और उनके कोई अन्य संतान होगी ऐसी कोई सम्भावना नहीं है, और जब वह मरेंगे, सच में तुम्हीं उनकी उत्तराधिकारी होगी - क्योंकि जो कुछ भी उन्होंने तुम्हारे पिता से जबरन छीना है, वह सब स्नेहवश मैं तुम्हें लौटा दूँगी। मैं कसम खाती हूँ, मैं ऐसा ही करूंगी, और जब मैं अपनी कसम तोड़ूँ, तो मैं एक विरूप दैत्य में बदल जाऊं। इसलिये, मेरी अच्छी रोज़, मेरी प्यारी रोज़, खुश रहो।

ROSALIND.

From henceforth I will, coz, and devise sports. Let me see; what think you of falling in love?

रोज़लिंड

चचेरी-बहन, अब इसके बाद से मैं (खुश) रहूंगी और खेल-कूद की योजनायें बनाऊँगी। मुझे देखने दो – प्यार में पड़ने के बारे में तुम क्या सोचती हो?

CELIA.

Marry, I prithee, do, to make sport withal; but love no man in good earnest, nor no further in sport neither than with safety of a pure blush thou mayst in honour come off again.

सीलिया

हाँ, मैं प्रार्थना करती हूँ, तुम ऐसा ही करो, ताकि तुरंत ही खेल बनाया जा सके; लेकिन सचमुच किसी आदमी के प्यार में मत पड़ना, न ही इस खेल में बहुत आगे तक जाना और न ही पवित्र- लाज की सुरक्षा से खिलवाड़ करना ताकि तुम सम्मान के साथ इस खेल से बाहर निकल सको।

ROSALIND.

What shall be our sport, then?

रोज़लिंड

तो फिर हमारा खेल क्या होगा?

CELIA.

Let us sit and mock the good housewife Fortune from her wheel, that her gifts may henceforth be bestowed equally.

सीलिया

चलो हम बैठकर उस अच्छी पत्नी[2] 'किस्मत' का उसके भाग्य-चक्र से मजाक उड़ाते हैं, जिससे उसके तोहफे भविष्य में समानता से बंट सकें[3]।

[2] किस्मत की उपमा 'पत्नी' से की गयी है क्योंकि कोई भी व्यक्ति अपनी किस्मत का स्वामी होता है।

ROSALIND.

I would we could do so; for her benefits are mightily misplaced; and the bountiful blind woman doth most mistake in her gifts to women.

रोज़लिंड

काश, हम ऐसा कर पातीं, क्योंकि उसके तोहफे ज्यादातर गलत ढंग से बंटते हैं, और यह उदार अंधी महिला, औरतों को अपने तोहफे देने में सबसे ज्यादा गलती करती है।

CELIA.

'Tis true; for those that she makes fair she scarce makes honest; and those that she makes honest she makes very ill-favouredly.

सीलिया

यह सच है, क्योंकि उन औरतों को जिन्हें वह खूबसूरत बनाती है उन्हें वह मुश्किल से ही वफ़ादार बनाती है, और जिन औरतों को वह वफ़ादार बनाती है उन्हें वह बहुत ही अनाकर्षक बनाती है।

ROSALIND.

Nay; now thou goest from Fortune's office to Nature's: Fortune reigns in gifts of the world, not in the lineaments of Nature.

रोज़लिंड

नहीं, अब तुम किस्मत को प्रकृति (स्वभाव) से जोड़ रही हो। किस्मत का नियंत्रण संसारी तोहफों पर है, न कि प्रकृति (स्वभाव) की रूपरेखा में।

[Enter TOUCHSTONE]

[टचस्टोन का प्रवेश]

CELIA.

---

[3] सीलिया कहना चाहती है कि उसे और रोज़लिंड, दोनों को मिलकर अपनी तकदीरों का उपहास उड़ाना चाहिए क्योंकि उसने (किस्मत ने) उनके साथ भेदभाव किया है।

No? when Nature hath made a fair creature, may she not by Fortune fall into the fire? Though Nature hath given us wit to flout at Fortune, hath not Fortune sent in this fool to cut off the argument?

सीलिया

नहीं? जब प्रकृति एक सुंदर जीव बनाती है, तो किस्मत क्या उसे आग में नहीं गिरा सकती? भले ही प्रकृति ने हमें यह समझ दी है कि हम किस्मत की अवहेलना करें, लेकिन क्या किस्मत ने इस बेवकूफ को इस बहस को खत्म करने के लिए नहीं भेजा है?

ROSALIND.

Indeed, there is Fortune too hard for Nature, when Fortune makes Nature's natural the cutter-off of Nature's wit.

रोज़लिंड

वाकई, किस्मत, प्रकृति के लिए बहुत कठिन हो जाती है, जब वह (सहज रूप से समझदार दो औरतों की) समझ के इस खेल में खलल डालने के लिए एक सहज मूर्ख व्यक्ति को भेजती है।

CELIA.

Peradventure this is not Fortune's work neither, but Nature's, who perceiveth our natural wits too dull to reason of such goddesses, and hath sent this natural for our whetstone; for always the dullness of the fool is the whetstone of the wits. How now, wit! Whither wander you?

सीलिया

संभवतः, यह किस्मत का काम न हो बल्कि प्रकृति का हो, जिसने महसूस किया हो कि ऐसी देवियों (किस्मत और प्रकृति) के बारे में तर्क करने के लिए हमारी सहज समझ काफी कम है। और इसलिए उसने इस सहज (मूर्ख) व्यक्ति को हमारी समझ की धार को तेज करने के लिए भेजा है, क्योंकि एक मूर्ख की मतिमंदता हमेशा समझदारों के लिए धार देने वाले पत्थर की तरह होती है। अब कैसे, बुद्धिजीवी! तुम यहाँ क्या टहल रहे हो?

TOUCHSTONE.

Mistress, you must come away to your father.

टचस्टोन

मालकिन, आपको अपने पिता के पास जाने के लिए निकलना चाहिए।

CELIA.

Were you made the messenger?

सीलिया

क्या तुम्हें मैसेंजर[4] बनाकर भेजा गया था?

TOUCHSTONE.

No, by mine honour; but I was bid to come for you.

टचस्टोन

अपने ईमान की कसम, ऐसा नहीं है, लेकिन मुझे आपको बुलाने के लिए भेजा गया था।

ROSALIND.

Where learned you that oath, fool?

रोज़लिंड

विदूषक, तुमने ऐसी कसम कहाँ से सीखी?

TOUCHSTONE.

Of a certain knight that swore by his honour they were good pancakes, and swore by his honour the mustard was naught. Now I'll stand to it, the pancakes were naught and the mustard was good, and yet was not the knight forsworn.

[4] मैसेंजर (messenger)– शब्द का प्रयोग उस जमाने में सामान्यतया ऐसे व्यक्ति के लिए किया जाता था जो किसी अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार करने के लिए वारंट लेकर जाया करता था।

टचस्टोन

एक सामंत से जिसने अपने ईमान की कसम खाई थी कि वे पैनकेक[5] अच्छे थे, और अपने ईमान की कसम खाकर यह भी कहा था कि उन पर रखा हुआ मस्टर्ड[6] बेकार था। अब, मैं इस बात पर अडिग होऊंगा कि पैनकेक बेकार थे और मस्टर्ड अच्छा था, और इसके बावजूद भी उस सामंत ने झूठी कसम नहीं खायी थी।

CELIA.

How prove you that, in the great heap of your knowledge?

सीलिया

अपने ज्ञान के विशाल भंडार से, इस बात को तुम कैसे साबित करोगे?

ROSALIND.

Ay, marry, now unmuzzle your wisdom.

रोज़लिंड

हाँ, बोलो, अब मुंह खोलकर अपनी बुद्धि का प्रदर्शन करो।

TOUCHSTONE.

Stand you both forth now: stroke your chins, and swear by your beards that I am a knave.

टचस्टोन

आप दोनों अब सामने खड़ी हो जाइए : अपनी ठुड्डियों को सहलाइए और अपनी मूंछों की कसम खाकर कहिये कि मैं बेईमान हूँ।

CELIA.

By our beards, if we had them, thou art.

सीलिया

---

[5] पैनकेक (pancake) – चपटा गोल केक

[6] मस्टर्ड (mustard) –लाल भूरे रंग का मीठा गोला जो केक के ऊपर रखा जाता है।

हमें अपनी मूंछों, यदि वे हमारे पास होतीं, की कसम - तुम बेईमान हो।

TOUCHSTONE.

By my knavery, if I had it, then I were. But if you swear by that that is not, you are not forsworn; no more was this knight, swearing by his honour, for he never had any; or if he had, he had sworn it away before ever he saw those pancackes or that mustard.

टचस्टोन

मुझे अपनी मक्कारी, यदि वह मुझमें होती, की कसम - मैं मक्कार हूँ। लेकिन यदि आप उस चीज की कसम खाते हैं जो है ही नहीं, तो आपने झूठी कसम नहीं खाई है। यह सामंत अपने ईमान की कसम अब और नहीं खा सकता था क्योंकि वह उसके पास कभी था ही नहीं। या यदि था, तो उसने उन पैनकेक या उन मस्टर्ड को देखने से पहले ही उसे कसम खाकर गँवा दिया था।

CELIA.

Prithee, who is't that thou mean'st?

सीलिया

कृपया बताओ, कौन है वह जिससे तुम्हारा आशय है?

TOUCHSTONE.

One that old Frederick, your father, loves.

टचस्टोन

एक ऐसा व्यक्ति जिसे बूढ़े फ्रेडेरिक, आपके पिता, प्यार करते हैं।

CELIA.

My father's love is enough to honour him. Enough, speak no more of him; you'll be whipt for taxation one of these days.

सीलिया

मेरे पिता का प्रेम ही उसका सम्मान करने के लिए पर्याप्त है। बहुत हो गया। उनके बारे में अब और कुछ मत कहो; अन्यथा मिथ्या बात करने के लिए तुम पर किसी दिन कोड़े बरसाए जायेंगे।

TOUCHSTONE.

The more pity that fools may not speak wisely what wise men do foolishly.

टचस्टोन

ज्यादा दयनीय बात यह है कि मूर्ख लोग (उन चीजों पर) बुद्धिमत्तापूर्ण बात भी नहीं कर सकते हैं जिन्हें बुद्धिमान लोग मूर्खतापूर्ण ढंग से करते हैं।

CELIA.

By my troth, thou sayest true; for since the little wit that fools have was silenced, the little foolery that wise men have makes a great show. Here comes Monsieur Le Beau.

सीलिया

ईमानदारी से कहूं, तो तुम सच कहते हो क्योंकि शुरूआत से ही मूर्खों की छोटी सी चतुराई को दबाया जाता रहा है[7] और बुद्धिमान लोगों की छोटी सी बेवकूफी की ज्यादा चर्चा होती है। श्रीमान ले बो इधर आ रहे हैं।

[Enter LE BEAU]

[ले बो का प्रवेश]

ROSALIND.

With his mouth full of news.

रोज़लिंड

खबरों से भरा अपना मुंह लेकर।

[7] सीलिया का इशारा उन किताबों की तरफ है जिनमें राजनैतिक विषयों पर व्यंग्योक्ति लिखी गयी थी और जिन्हें सन 1599 में जला दिया गया था।

CELIA.

Which he will put on us as pigeons feed their young.

सीलिया

जिन्हें वह हमें ऐसे सुनायेगा जैसे कबूतर अपने छोटे बच्चों को खाना खिलाते हैं।

ROSALIND.

Then shall we be news-crammed.

रोज़लिंड

तब तो हम लोग खबरों से पूरी तरह ठूंस उठेंगे।

CELIA.

All the better; we shall be the more marketable. Bon jour, Monsieur Le Beau. What's the news?

सीलिया

अच्छा ही है। (उन ठूंसी हुयी जानकारियों से) हमारा बाजारू मूल्य बढ़ जायेगा[8]। आपका दिन शुभ हो, श्रीमान ले बो। क्या समाचार है?

LE BEAU.

Fair Princess, you have lost much good sport.

ले बो

फेयर प्रिंसेस, आप काफी अच्छे खेल को देखने से वंचित रह गयी हैं।

CELIA.

Sport! of what colour?

खेल! किस तरह का खेल?

LE BEAU.

[8] जैसे बाजार में बेची जाने वाली चिड़ियाओं का मूल्य उनका वज़न ज्यादा होने से बढ़ जाता है।

What colour, madam? How shall I answer you?

ले बो

किस तरह का खेल, मैडम? इसका जवाब मैं आपको कैसे दूंगा?

ROSALIND.

As wit and fortune will.

रोज़लिंड

जैसे तुम्हारी बुद्धि और किस्मत, तुम्हें सुझाए।

TOUCHSTONE.

Or as the Destinies decrees.

टचस्टोन

या फिर जैसे किस्मतों द्वारा निर्धारित है।

CELIA.

Well said; that was laid on with a trowel.

सीलिया

बढ़िया कहा; कन्नी से (अच्छी) जुड़ाई की[9]।

TOUCHSTONE.

Nay, if I keep not my rank-

टचस्टोन

नहीं, यदि मैं अपनी रैंक[10] को नहीं बचाता –

ROSALIND.

---

[9] दीवार की जुड़ाई करते समय जिस प्रकार कन्नी से ईंटों को रखा जाता है वैसे ही तुमने अपनी बात को यहाँ जोड़ा।

[10] रैंक (rank) – ओहदा, बदबूदार

Thou losest thy old smell.

रोज़लिंड

तो तुम अपनी पुरानी गंध[11] को खो देते।

LE BEAU.

You amaze me, ladies. I would have told you of good wrestling, which you have lost the sight of.

ले बो

देवियों, आप मुझे चकित करती हैं। मैं आपको एक बढ़िया कुश्ती की जानकारी देने वाला था, जिसे आप लोग नहीं देख पायेंगी।

ROSALIND.

You tell us the manner of the wrestling.

रोज़लिंड

तुम हमें इस कुश्ती के बारे में बताओ।

LE BEAU.

I will tell you the beginning, and, if it please your ladyships, you may see the end; for the best is yet to do; and here, where you are, they are coming to perform it.

ले बो

मैं आपको शुरूआत बताऊँगा, और यदि इससे 'योर लेडीशिप्स'[12] को ख़ुशी होती है, तो आप अंत देख सकती हैं, क्योंकि इसका सबसे अच्छा हिस्सा अभी होना बाकी है, और यहाँ, जहाँ पर आप हैं, वे इसे प्रदर्शित करने आ रहे हैं।

CELIA.

---

[11] यहाँ जब टचस्टोन ने रैंक शब्द कहा था तो उसका आशय ओहदे से था किन्तु रोज़लिंड ने रैंक शब्द का आशय 'बदबूदार' समझा और टचस्टोन से उसकी बदबू खोने की बात की।

[12] योर लेडीशिप (Your Ladyship) – रानी या राजकुमारियों को दी जाने वाली पदवी।

Well, the beginning, that is dead and buried.

सीलिया

खैर, शुरुआत, एक बीती बात है।

LE BEAU.

There comes an old man and his three sons

ले बो

उधर एक बूढ़ा आदमी और उसके तीन लड़के आ रहे हैं।

CELIA.

I could match this beginning with an old tale.

सीलिया

एक पुरानी कहानी से मैं इस शुरुआत का मिलान कर सकती हूँ।

LE BEAU.

Three proper young men, of excellent growth and presence.

ले बो

बढ़िया लम्बाई और आकर्षक व्यक्तित्व वाले, तीन दुरुस्त नौजवान।

ROSALIND.

With bills on their necks: 'Be it known unto all men by these presents'-

रोज़लिंड

उनके गलों की सूचनापट्टिकाओं पर लिखा है : "इनकी हालत से सभी लोग जान लें।"

LE BEAU.

The eldest of the three wrestled with Charles, the Duke's wrestler; which Charles in a moment threw him, and broke three of his ribs, that there is little hope of life in him. So he served the second, and

so the third. Yonder they lie; the poor old man, their father, making such pitiful dole over them that all the beholders take his part with weeping.

ले बो

तीनों में सबसे बड़ेवाले ने चार्ल्स, ड्यूक के कुश्तीबाज, के साथ कुश्ती लड़ी थी जिसे चार्ल्स ने एक क्षण में उठाकर फेंक दिया था, और उसकी तीन पसलियाँ तोड़ दी थीं, अब उसके जीवित रहने की सम्भावना कम ही है। उसके बाद चार्ल्स ने दूसरे वाले की और फिर तीसरे वाले की अच्छी खातिरदारी की थी। उधर (जमीन पर) वे पड़े हुए हैं, उनका बेचारा बूढ़ा पिता उनके लिए कारुणिक रूप से ऐसे दुःखी है कि सारे दर्शकगण उसके साथ रो पड़े।

ROSALIND.

Alas!

रोज़लिंड

अफ़सोस!

TOUCHSTONE.

But what is the sport, monsieur, that the ladies have lost?

टचस्टोन

लेकिन श्रीमान वह खेल क्या है, जिसे इन देवियों ने नहीं देखा है?

LE BEAU.

Why, this that I speak of.

ले बो

अरे, यही जिसका मैंने जिक्र किया।

TOUCHSTONE.

Thus men may grow wiser every day. It is the first time that ever I heard breaking of ribs was sport for ladies.

टचस्टोन

ऐसे तो लोग प्रतिदिन समझदार हो सकते हैं। हड्डियों का तोड़ा जाना महिलाओं के (मनोरंजन के) लिए खेल था, ऐसा मैंने पहली बार सुना है।

CELIA.

Or I, I promise thee.

सीलिया

मैंने भी, कसम से।

ROSALIND.

But is there any else longs to see this broken music in his sides? Is there yet another dotes upon rib-breaking? Shall we see this wrestling, cousin?

रोज़लिंड

लेकिन क्या कोई बाकी है जिसे अपनी हड्डियां तुड़वाने की चाहत है? क्या (लोगों में) अभी भी दूसरी पसली-तोड़ कुश्ती के लिए दीवानगी है? चचेरी-बहन, क्या हमें यह कुश्ती देखनी चाहिए?

LE BEAU.

You must, if you stay here; for here is the place appointed for the wrestling, and they are ready to perform it.

ले बो

यदि आप यहाँ रुकती हैं तो जरूर देखनी चाहिए। क्योंकि कुश्ती के लिए यही जगह चुनी गयी है, और वे इसे लड़ने के लिए तैयार हैं।

CELIA.

Yonder, sure, they are coming. Let us now stay and see it.

सीलिया

उधर देखो, यकीनन, वे आ रहे हैं। अब हमें रुकना और इसे देखना चाहिए।

[Flourish.]

[तुरहियों का बजना।]

[Enter DUKE FREDERICK, LORDS, ORLANDO, CHARLES, and ATTENDANTS]

[ड्यूक फ्रेडेरिक, सामन्तों, ऑरलैंडो, चार्ल्स और अनुचरों का प्रवेश]

FREDERICK.

Come on; since the youth will not be entreated, his own peril on his forwardness.

फ्रेडेरिक

चलो; क्योंकि इस युवक को समझाया नहीं जाएगा, उसका आगे आना उसके खुद के जोखिम पर होगा।

ROSALIND.

Is yonder the man?

रोज़लिंड

क्या दूर खड़ा वह आदमी?

LE BEAU.

Even he, madam.

ले बो

बराबर वही है, मैडम।

CELIA.

Alas, he is too young; yet he looks successfully.

सीलिया

हाय! वह अभी काफी छोटा है; फिर भी लगता है वह सफलतापूर्वक लड़ सकता है।

FREDERICK.

How now, daughter and cousin! Are you crept hither to see the wrestling?

फ्रेडेरिक

बेटी-भतीजी, अब कैसे? क्या तुम यहाँ दबे पाँव कुश्ती देखने आयी हो?

ROSALIND.

Ay, my liege; so please you give us leave.

रोज़लिंड

हाँ, माय लीज[13], इसलिए कृपया आप हमें इसकी इजाजत दें।

FREDERICK.

You will take little delight in it, I can tell you, there is such odds in the man. In pity of the challenger's youth I would fain dissuade him, but he will not be entreated. Speak to him, ladies; see if you can move him.

फ्रेडेरिक

इसमें तुम्हें कम ही मजा आएगा, मैं तुम्हें बता सकता हूँ, इस नवयुवक का मुकाबला बहुत ही बेमेल है। उसकी युवावस्था पर तरस खाकर मैंने उसे हतोत्साहित करना चाहा था लेकिन उसे समझाया नहीं जा सकता। बच्चियों, उससे बात करो, देखो क्या तुम उसे राज़ी कर सकती हो।

CELIA.

Call him hither, good Monsieur Le Beau.

सीलिया

अच्छे श्रीमान ले बो, उसे यहाँ बुलाओ।

FREDERICK.

Do so; I'll not be by.

फ्रेडेरिक

तुम ऐसा करो। मैं यहाँ से जाता हूँ।

[13] लीज (Liege) – राजा या ड्यूक के लिए एक संबोधन।

[DUKE FREDERICK goes apart]

[ड्यूक फ्रेडेरिक का अलग हट जाना]

LE BEAU.

Monsieur the Challenger, the Princess calls for you.

ले बो

श्रीमान प्रतिद्वंद्वी, राजकुमारी ने तुम्हें बुलाया है।

ORLANDO.

I attend them with all respect and duty.

ऑरलैंडो

मैं पूरे आदर और दायित्व के साथ उनसे मिलूंगा।

ROSALIND.

Young man, have you challenged Charles the wrestler?

रोज़लिंड

नौजवान, क्या तुमने कुश्तीबाज चार्ल्स को चुनौती दी है?

ORLANDO.

No, fair Princess; he is the general challenger. I come but in, as others do, to try with him the strength of my youth.

ऑरलैंडो

नहीं, फेयर प्रिंसेस; वह सामान्य प्रतिद्वंद्वी है। बाकियों की भांति ही मैं तो केवल उसके साथ अपनी जवानी की ताकत आजमाना चाहता हूँ।

CELIA.

Young gentleman, your spirits are too bold for your years. You have seen cruel proof of this man's strength; if you saw yourself with your eyes, or knew yourself with your judgment, the fear of your adventure would counsel you to a more equal enterprise. We

pray you, for your own sake, to embrace your own safety and give over this attempt.

सीलिया

नौजवान, तुम्हारी उम्र के हिसाब से तुम्हारा जोश बहुत ही ज्यादा है। इस आदमी की ताकत का क्रूर प्रमाण तुम देख चुके हो। यदि अपनी आँखों से तुमने खुद को देखा होता या अपने निर्णय से खुद को आंका होता, तो तुम्हारे जोखिम का भय तुम्हें सलाह देता कि तुम ज्यादा तार्किक ढंग से सोचो। तुम्हारी खुद की भलाई के लिए हम तुमसे प्रार्थना करते हैं कि अपनी खुद की सुरक्षा के बारे में सोचो और इस आजमाइश का विचार त्याग दो।

ROSALIND.

Do, young sir; your reputation shall not therefore be misprised: we will make it our suit to the Duke that the wrestling might not go forward.

रोज़लिंड

हाँ, नौजवान। तुम्हारी प्रतिष्ठा को इससे कोई भी क्षति नहीं पहुँचने दी जाएगी। ड्यूक से यह कहने की जिम्मेदारी हम अपने ऊपर ले लेंगे कि यह कुश्ती आगे न बढ़े।

ORLANDO.

I beseech you, punish me not with your hard thoughts, wherein I confess me much guilty to deny so fair and excellent ladies any thing. But let your fair eyes and gentle wishes go with me to my trial; wherein if I be foiled there is but one shamed that was never gracious; if killed, but one dead that was willing to be so. I shall do my friends no wrong, for I have none to lament me; the world no injury, for in it I have nothing; only in the world I fill up a place, which may be better supplied when I have made it empty.

ऑरलैंडो

मैं आपसे विनती करता हूँ, अपने सख्त ख्यालातों से मुझे दंडित न करें, यहाँ मैं स्वीकारता हूँ कि इतनी सुंदर और बेहतरीन महिलाओं को किसी चीज की मनाही के लिए मैं कसूरवार हूँ। लेकिन (अच्छा होगा कि) मेरी इस आजमाइश को आप अपनी

खूबसूरत नजरों से देखते हुए अपनी शुभकामनायें मेरे साथ भेजें, यहाँ यदि मैं विफल होता हूँ तो केवल मैं, जो कभी गरिमापूर्ण था ही नहीं, ही शर्मिन्दा होऊंगा। यदि मैं मारा जाता हूँ, तो केवल उस शख्स की मौत होगी जो मरना चाहता था। मैं अपने दोस्तों का कुछ अप्रिय नहीं करूंगा; क्योंकि मेरे लिए शोक करने वाला कोई नहीं है; इस दुनिया को कोई हानि नहीं होगी, क्योंकि दुनिया में मेरे लिए कुछ भी नहीं है। इस दुनिया में मैं केवल जगह घेरे हुए हूँ जब मैं यह जगह खाली कर दूंगा तो वह ज्यादा बेहतर तरीके से भरी जा सकेगी।

ROSALIND.

The little strength that I have, I would it were with you.

रोज़लिंड

मुझमें जो थोड़ी शक्ति है, मैं चाहूंगी वह तुम्हें मिल जाये।

CELIA.

And mine to eke out hers.

सीलिया

और उसके साथ-साथ मेरी भी शक्ति तुम्हें मिल जाए।

ROSALIND.

Fare you well. Pray heaven I be deceived in you!

रोज़लिंड

अलविदा। ईश्वर से प्रार्थना है कि तुम्हारे मामले में मैं गलत साबित होऊं[14]!

CELIA.

Your heart's desires be with you!

सीलिया

तुम्हारे दिल की चाहतें पूरी हों!

[14] अर्थात तुम कुश्ती जीत जाओ।

CHARLES.

Come, where is this young gallant that is so desirous to lie with his mother earth?

चार्ल्स

आओ, कहाँ है यह बहादुर नौजवान जो धरती में दफन होने के लिए इतना इच्छुक है?

ORLANDO.

Ready, sir; but his will hath in it a more modest working.

ऑरलैंडो

तैयार है, श्रीमान; लेकिन उसकी मंशा इसे (कुश्ती को) ज्यादा अनुशासित ढंग से करने की है।

FREDERICK.

You shall try but one fall.

फ्रेडेरिक

तुम्हें जोर-आजमाइश के लिए केवल एक ही राउंड मिलेगा।

CHARLES.

No, I warrant your Grace, you shall not entreat him to a second, that have so mightily persuaded him from a first.

चार्ल्स

नहीं, मैं आश्वस्त करता हूँ 'योर ग्रेस', आप उसको दूसरा राउंड खेलने के लिए राज़ी नहीं कर पायेंगे, जिसे पहला राउंड न खेलने के लिए आपने कितना समझाया है।

ORLANDO.

You mean to mock me after; you should not have mocked me before; but come your ways.

ऑरलैंडो

तुम मेरा मजाक बाद में उड़ा लेना; पहले से ही तुम्हें मेरा मजाक नहीं उड़ाना चाहिए। आओ अपना पैंतरा आजमाओ।

ROSALIND.

Now, Hercules be thy speed, young man!

रोज़लिंड

अब, हर्कुलस[15] तुम्हारी गति बने, नौजवान!

CELIA.

I would I were invisible, to catch the strong fellow by the leg.

सीलिया

उस मजबूत पहलवान को टांग से फंसाने के लिए, काश मैं अदृश्य हो पाती।

[They wrestle]

[वे कुश्ती लड़ते हैं।]

ROSALIND.

O excellent young man!

रोज़लिंड

ओ बेहतरीन नौजवान!

CELIA.

If I had a thunderbolt in mine eye, I can tell who should down.

सीलिया

यदि मेरी आँखों में बिजली की तेजी होती, तो मैं बताती कि कौन धराशायी होना चाहिए।

[CHARLES is thrown. Shout]

[15] हर्कुलस (Hercules) – यूनानी और रोमन दंत कथाओं का एक महान योद्धा और नायक।



[चार्ल्स का उठाकर फेंका जाना। हर्षोल्लास का शोर]

FREDERICK.

No more, no more.

फ्रेडेरिक

और नहीं, और नहीं।

ORLANDO.

Yes, I beseech your Grace; I am not yet well breathed.

ऑरलैंडो

हाँ, मेरी 'योर ग्रेस' से प्रार्थना है - अभी तो मैंने ठीक से दम भी नहीं भरा है[16]।

FREDERICK.

How dost thou, Charles?

फ्रेडेरिक

चार्ल्स, अब कैसे हो?

LE BEAU.

He cannot speak, my lord.

ले बो

वह बोल नहीं सकता, माय लार्ड।

FREDERICK.

Bear him away. What is thy name, young man?

फ्रेडेरिक

उसे बाहर ले जाओ। नौजवान, क्या नाम है तुम्हारा?

[16] ऑरलैंडो का आशय कुश्ती को न रोकने से है।

ORLANDO.

Orlando, my liege; the youngest son of Sir Rowland de Boys.

ऑरलैंडो

'माय लीज', ऑरलैंडो; सर रोलैंड डी बॉयज का सबसे छोटा लड़का।

FREDERICK.

I would thou hadst been son to some man else.The world esteemed thy father honourable, but I did find him still mine enemy.Thou shouldst have better pleased me with this deed, hadst thou descended from another house.But fare thee well; thou art a gallant youth;I would thou hadst told me of another father.

फ्रेडेरिक

काश तुम किसी और व्यक्ति के लड़के होते। दुनिया के लिए तुम्हारे पिता सम्माननीय व्यक्ति थे, लेकिन वे हमेशा मेरे शत्रु थे। तुम्हारी जीत से मुझे और ज्यादा ख़ुशी होती यदि तुम किसी दूसरे घर में जन्में होते। खैर तुम्हें अलविदा, तुम एक बहादुर युवक हो। काश तुमने किसी अन्य को अपना पिता बताया होता।

[Exeunt DUKE, train, and LE BEAU]

[ड्यूक, उसके अनुचरों, और ले बो का निकास]

CELIA.

Were I my father, coz, would I do this?

सीलिया

चचेरी-बहन, यदि मैं मेरी पिता होती, तो क्या मैं ऐसा करती?

ORLANDO.

I am more proud to be Sir Rowland's son, his youngest son- and would not change that callingTo be adopted heir to Frederick.

ऑरलैंडो

सर रोलैंड डी का लड़का—उनका सबसे छोटा लड़का—होकर मैं और ज्यादा गर्वित हूँ और मैं इस सम्बोधन को नहीं बदलूँगा, चाहे फ्रेडेरिक मुझे गोद लेकर उत्तराधिकारी ही क्यों न बना लें।

ROSALIND.

My father loved Sir Rowland as his soul, and all the world was of my father's mind;Had I before known this young man his son,I should have given him tears unto entreaties ere he should thus have ventured.

रोज़लिंड

मेरे पिता सर रोलैंड को अपनी रूह की तरह चाहते थे और सारी दुनिया भी मेरे पिता जैसा ही सोचती थी; यदि मुझे पहले पता होता कि यह नौजवान उनका (सर रोलैंड का) लड़का है तो मैं रोकर विनती कर, उसे कुश्ती न करने को कहती।

CELIA.

Gentle cousin,

Let us go thank him, and encourage him;

My father's rough and envious disposition

Sticks me at heart. - Sir, you have well deserved;

If you do keep your promises in love

But justly as you have exceeded all promise,

Your mistress shall be happy.

सीलिया

अच्छी चचेरी-बहन, चलकर उसे धन्यवाद दें और प्रोत्साहित करें; मेरे पिता का रूखा और ईर्ष्यालु स्वभाव मुझे दिल में चुभता है। -श्रीमान, आपने बढ़िया योग्यता साबित की; यदि प्यार में भी आप अपने वायदों को वैसे ही पूरा करते हैं, जैसे अभी आपने सभी अपेक्षाओं को पूरा किया है, तो आपकी पत्नी खुश होगी।

ROSALIND.

Gentleman,

[Giving him a chain from her neck]

Wear this for me; one out of suits with fortune,

That could give more, but that her hand lacks means.

Shall we go, coz?

रोज़लिंड

नौजवान, [गले से चेन उतारकर देते हुए] इसे मेरे लिए पहन लो – मैं बदनसीब यदि दे सकती तो तुम्हें इससे ज्यादा देती– चचेरी-बहन, क्या हम चलें?

CELIA.

Ay. Fare you well, fair gentleman.

सीलिया

हाँ, अलविदा, सुंदर नौजवान।

ORLANDO.

(to himself) Can I not say 'I thank you'? My better parts

Are all thrown down; and that which here stands up

Is but a quintain, a mere lifeless block.

ऑरलैंडो

(खुद से) क्या मैं नहीं कह सकता 'मैं तुम्हारा धन्यवाद करता हूँ?' मेरा दिमाग पीछे कुश्ती के अखाड़े में छूट गया है; और यहाँ जो आदमी खड़ा है केवल एक बुत है, लकड़ी का एक निर्जीव टुकड़ा।

ROSALIND.

He calls us back. My pride fell with my fortunes;

I'll ask him what he would. Did you call, sir?

Sir, you have wrestled well, and overthrown

More than your enemies.

रोज़लिंड

वह हमें वापस बुला रहा है। मेरी अहंता तो मेरी किस्मत के साथ ही चली गयी थी। मैं उससे पूछूंगी कि वह क्या चाहता है – क्या आपने मुझे बुलाया था, श्रीमान? श्रीमान, आपने अच्छी कुश्ती लड़ी और अपने प्रतिस्पर्धियों की तुलना में उसे काफी दूर फेंका।

CELIA.

Will you go, coz?

सीलिया

चचेरी-बहन, क्या तुम चलोगी?

ROSALIND.

Have with you. Fare you well.

रोज़लिंड

आती हूँ। अलविदा नौजवान।

[Exeunt ROSALIND and CELIA]

[रोज़लिंड और सीलिया का निकास]

ORLANDO.

What passion hangs these weights upon my tongue?

I cannot speak to her, yet she urged conference.

O poor Orlando, thou art overthrown!

Or Charles or something weaker masters thee.

ऑरलैंडो

यह कैसा मनोभाव है जिसने मेरी जुबान को सी दिया है? मैं उससे बात नहीं कर सकता, हालांकि बातचीत के लिए उसने मुझे उकसाया था। ओ बेचारे ऑरलैंडो, तुम चित हो चुके हो! चार्ल्स या किसी कमजोर चीज ने तुम पर काबू कर लिया है।

[Re-enter LE BEAU]

[ले बो का पुनः प्रवेश]

LE BEAU.

Good sir, I do in friendship counsel you

To leave this place. Albeit you have deserved

High commendation, true applause, and love,

Yet such is now the Duke's condition

That he misconstrues all that you have done.

The Duke is humorous; what he is, indeed,

More suits you to conceive than I to speak of.

ले बो

अच्छे श्रीमान, मैं आपको दोस्ताना सलाह देता हूँ कि इस जगह से चले जाइये। हालांकि आप बेहद प्रशंसा, करतल ध्वनियों, और प्यार के हकदार हैं, फिर भी अभी ड्यूक की जैसी मनोदशा है उसमें, आपने जो कुछ किया है, वह उसका गलत आशय निकालते हैं। ड्यूक अस्थिर चित्त के हैं। वह, वास्तव में, कैसे हैं इस बारे में बेहतर होगा कि मेरे कहे बगैर ही आप अनुमान लगायें।

ORLANDO.

I thank you, sir; and pray you tell me this:

Which of the two was daughter of the Duke

That here was at the wrestling?

ऑरलैंडो

मैं आपका धन्यवाद करता हूँ, श्रीमान, और आपसे विनती है कि मुझे यह बताएं: इन दोनों में से ड्यूक की पुत्री कौन थी, जो कुश्ती के समय यहाँ थी?

LE BEAU.

Neither his daughter, if we judge by manners;

But yet, indeed, the smaller is his daughter;

The other is daughter to the banished Duke,

And here detained by her usurping uncle,

To keep his daughter company; whose loves

Are dearer than the natural bond of sisters.

But I can tell you that of late this Duke

Hath ta'en displeasure 'gainst his gentle niece,

Grounded upon no other argument

But that the people praise her for her virtues

And pity her for her good father's sake;

And, on my life, his malice 'gainst the lady

Will suddenly break forth. Sir, fare you well.

Hereafter, in a better world than this,

I shall desire more love and knowledge of you.

ले बो

तहजीब के आधार पर यदि हम फैसला करें तो दोनों में से कोई उनकी पुत्री नहीं है, लेकिन फिर भी हकीकत में छोटी वाली उनकी पुत्री है और दूसरी अन्य देश निकाला दिए गये ड्यूक की पुत्री है, और जिसे सत्ता हड़पने वाले उसके चाचा ने यहाँ निरोधित करके रखा है ताकि उनकी (फ्रेडेरिक की) पुत्री को साथी मिल सके, इनका प्यार सगी बहनों के प्राकृतिक लगाव से बढ़कर है। लेकिन मैं आपको बता सकता हूँ कि देर-सबेर यह ड्यूक अपनी अच्छी भतीजी से नाराज हो जाएगा, किसी और वजह से नहीं बल्कि इसलिए कि लोग उसके (रोज़लिंड के) गुणों की वजह से उसकी (रोज़लिंड की) प्रशंसा करते हैं और उसके (रोज़लिंड के) अच्छे पिता के लिए उससे (रोज़लिंड से) हमदर्दी करते हैं; और, अपनी जिन्दगी की कसम खाकर मैं कहता हूँ कि भतीजी के प्रति उनकी (फ्रेडेरिक की) यह नफरत अचानक ही उजागर हो जायेगी। श्रीमान, अब आपको अलविदा। इसके बाद, इस दुनिया से बेहतर दुनिया में, मैं आप से ज्यादा प्यार और जानकारी पाना चाहूंगा।

ORLANDO.

I rest much bounden to you; fare you well.

ऑरलैंडो

मैं आपका बहुत आभारी रहूँगा। अलविदा।

[Exit LE BEAU]

[ले बो का निकास]

ORLANDO.

Thus must I from the smoke into the smother;

From tyrant Duke unto a tyrant brother. But heavenly Rosalind!

ऑरलैंडो

ओ खूबसूरत रोज़लिंड! क्या मुझे आसमान से गिरकर खजूर पर अटकना होगा;
निरंकुश ड्यूक के यहाँ से निकलकर एक निरंकुश भाई के पास जाना होगा।

[Exit]

[निकास]

SCENE III. The DUKE's palace

दृश्य ३: ड्यूक का महल

[*Enter CELIA and ROSALIND]*

[सीलिया और रोज़लिंड का प्रवेश]

CELIA.

Why, cousin! why, Rosalind! Cupid have mercy! Not a word?

सीलिया

क्यों, चचेरी-बहन! क्यों, रोज़लिंड! कामदेव तरस खायें! क्या एक शब्द न बोलोगी?

ROSALIND.

Not one to throw at a dog.

रोज़लिंड

कुत्ते पर छोड़ने तक के लिए मेरे पास शब्द नहीं है।

CELIA.

No, thy words are too precious to be cast away upon curs; throw some of them at me; come, lame me with reasons.

सीलिया

नहीं, कुत्तों पर छोड़ने के लिए तुम्हारे शब्द बहुत कीमती हैं; उनमें से कुछ को तुम मुझ पर छोड़ो; बोलो, अपने तर्कों से मुझे असमर्थ कर दो।

ROSALIND.

Then there were two cousins laid up, when the one should be lamed with reasons and the other mad without any.

रोज़लिंड

तब तो दोनों चचेरी बहनें अपने-अपने बिस्तरों को पकड़ लेंगी। जहाँ एक तर्क द्वारा असमर्थ हो जायेगी और दूसरी अकारण ही पागल हो जायेगी।

CELIA.

But is all this for your father?

सीलिया

लेकिन क्या यह सब तुम्हारे पिता के लिए है?

ROSALIND.

No, some of it is for my child's father. O, how full of briers is this working-day world!

रोज़लिंड

नहीं, इसमें से कुछ मेरे बच्चे के पिता[17] के लिये है। ओह, दिनभर काम में उलझी रहनेवाली यह दुनिया, कितनी कांटों भरी है!

CELIA.

They are but burs, cousin, thrown upon thee in holiday foolery; if we walk not in the trodden paths, our very petticoats will catch them.

सीलिया

वे केवल कंटीले बीजकोष[18] हैं, चचेरी-बहन, जिन्हें तुम्हारे ऊपर इसलिए फेंका गया है, क्योंकि तुमने लोक आचरण का पालन नहीं किया। यदि हम कुचलकर बनाये गये रास्तों पर नहीं चलते, तो वे (कांटे) हमारे पेटीकोटों में फंसेंगे ही[19]।

ROSALIND.

---

[17] रोज़लिंड का आशय उसके विवाह के बाद पैदा होने वाले उसके बच्चे के पिता से है।

[18] जैसे गोखरू की झाड़ियों में होते हैं।

[19] सीलिया बता रही है कि यदि परम्परागत आचरण न किया जाए तो, कंटीले बीजकोष के समान, लोगों के ताने सुनने ही पड़ते हैं।

I could shake them off my coat: these burs are in my heart.

रोज़लिंड

मैं उन कंटीले बीजकोषों को अपने पेटीकोट से झाड़ सकती हूँ, लेकिन ये मेरे दिल में (फंसे) हैं।

CELIA.

Hem them away.

सीलिया

उन्हें गला साफ़ करके निकाल दो।

ROSALIND.

I would try, if I could cry 'hem' and have him.

रोज़लिंड

यदि मैं रोकर "गला साफ" कर सकती और उसे पा सकती, तो मैं कोशिश जरूर करती।

CELIA.

Come, come, wrestle with thy affections.

सीलिया

धीरज रखो, अपनी भावनाओं पर काबू रखो।

ROSALIND.

O, they take the part of a better wrestler than myself.

रोज़लिंड

ओह, वे (भावनाएं) मुझसे ज्यादा उस बेहतर कुश्तीबाज के बस में हैं।

CELIA.

O, a good wish upon you! You will try in time, in despite of a fall. But, turning these jests out of service, let us talk in good earnest. Is

it possible, on such a sudden, you should fall into so strong a liking with old Sir Rowland's youngest son?

सीलिया

ओह, तुम्हें मेरी शुभकामनाएं! हार[20] के बावजूद, समय रहते तुम कोशिश[21] करोगी। लेकिन, इस हंसी-मजाक को बंद कर, अब हमें गंभीरता से बात करनी चाहिए। क्या यह सम्भव है कि ऐसे अचानक ही तुम बूढ़े सर रोलैंड के सबसे छोटे लड़के के प्यार में इतना ज्यादा पड़ जाओ?

ROSALIND.

The Duke my father loved his father dearly.

रोज़लिंड

मेरे ड्यूक पिता उसके पिता को बहुत पसंद करते थे।

CELIA.

Doth it therefore ensue that you should love his son dearly? By this kind of chase I should hate him, for my father hated his father dearly; yet I hate not Orlando.

सीलिया

तो इसलिए, क्या यह जरूरी है कि तुम उनके लड़के से इतना प्यार करने लगो? इस तरह से, तो मुझे उससे घृणा करनी चाहिए, क्योंकि मेरे पिता उसके पिता से बहुत घृणा करते थे। फिर भी मैं ऑरलैंडो से घृणा नहीं करती।

ROSALIND.

No, faith, hate him not, for my sake.

रोज़लिंड

नहीं, मेरी खातिर उससे घृणा मत करना।

---

[20] प्यार में दिल हारना।

[21] ऑरलैंडो का दिल जीतने की कोशिश।

CELIA.

Why should I not? Doth he not deserve well?

सीलिया

मैं उससे घृणा क्यों न करूं? क्या वह मेरी घृणा के लायक नहीं है?

ROSALIND.

Let me love him for that; and do you love him because I do. Look, here comes the Duke.

रोज़लिंड

इसके लिए तुम मुझे उसे प्यार करने दो, और तुम भी उससे प्यार करो क्योंकि मैं उससे प्यार करती हूँ। देखो, ड्यूक इधर ही आ रहे हैं।

[Enter DUKE FREDERICK, with LORDS]

[ड्यूक फ्रेडेरिक का सामंतों के साथ प्रवेश]

CELIA.

With his eyes full of anger.

सीलिया

क्रोध से भरी हुयी आँखें लिए हुए।

FREDERICK.

Mistress, dispatch you with your safest haste, And get you from our court.

फ्रेडेरिक

कुमारी, जितनी जल्दी तुम जा सकती हो मेरे दरबार से बाहर चली जाओ।

ROSALIND.

Me, uncle?

रोज़लिंड

चाचाजी, मैं?

FREDERICK.

You, niece.Within these ten days if that thou beest found

So near our public court as twenty miles,Thou diest for it.

फ्रेडेरिक

हाँ तुम, भतीजी। इन दस दिनों में यदि तुम हमारे दरबार के घेरे के बीस मील के दायरे में नजर भी आयी, तो तुम्हें मौत की सज़ा दी जायेगी।

ROSALIND.

I do beseech your Grace,

Let me the knowledge of my fault bear with me.

If with myself I hold intelligence,

Or have acquaintance with mine own desires;

If that I do not dream, or be not frantic

As I do trust I am not- then, dear uncle,

Never so much as in a thought unborn

Did I offend your Highness.

रोज़लिंड

मैं आपसे प्रार्थना करती हूँ 'योर ग्रेस', मुझे मेरी गलती बताएं। यदि मुझमें समझ है या मैं अपनी ज्ञात इच्छाओं से परिचित हूँ—यदि मैं सपना नहीं देख रही हूँ या पागल नहीं हूँ–जैसा मुझे यकीन है मैं नहीं हूँ – तो प्यारे चाचाजी, मैंने कभी सपने में भी ऐसे विचार को आने नहीं दिया जिससे 'योर हाइनेस' को कष्ट पहुंचे।

FREDERICK.

Thus do all traitors;

If their purgation did consist in words,

They are as innocent as grace itself.

Let it suffice thee that I trust thee not.

फ्रेडेरिक

सभी गद्दार ऐसे ही कहते हैं। यदि उनका शुद्धिकरण केवल शब्दों से होता तो वे सभी उतने ही निर्दोष होते जितना ईश्वर खुद है। तुम्हारे लिए इतना जानना ही काफी है कि मुझे तुम पर भरोसा नहीं है।

ROSALIND.

Yet your mistrust cannot make me a traitor.

Tell me whereon the likelihood depends.

रोज़लिंड

फिर भी, आपका अविश्वास मुझे गद्दार नहीं बना सकता है। मुझे बताइये किस आधार पर ऐसी सम्भावना बनती है।

FREDERICK.

Thou art thy father's daughter; there's enough.

फ्रेडेरिक

तुम अपने पिता की पुत्री हो; इतना काफी है।

ROSALIND.

So was I when your Highness took his dukedom;

So was I when your Highness banished him.

Treason is not inherited, my lord;

Or, if we did derive it from our friends,

What's that to me? My father was no traitor.

Then, good my liege, mistake me not so much

To think my poverty is treacherous.

रोज़लिंड

मैं तो तब भी उनकी पुत्री थी जब 'योर हाइनेस' ने उनसे उनका राज्य छीना था; मैं तो उनकी पुत्री तब भी थी जब 'योर हाइनेस' ने उन्हें देश से निकाल दिया था। 'माय लार्ड', देशद्रोह उत्तराधिकार में नहीं मिलता, न ही इसे हम अपने दोस्तों से पाते हैं, फिर ऐसा मेरे साथ क्यों? मेरे पिता गद्दार नहीं थे, इसलिए 'माय गुड लीज', मेरे बारे में इतना गलत न सोचें कि उपाधि की कमी[22] मुझे विश्वासघाती बनाएगी।

CELIA.

Dear sovereign, hear me speak.

सीलिया

प्यारे महाराज, मेरी बात सुनिए।

FREDERICK.

Ay, Celia; we stayed her for your sake,

Else had she with her father ranged along.

फ्रेडेरिक

हाँ, सीलिया; तुम्हारे लिए हमने उसे यहाँ रोक रखा था। अन्यथा वह भी अपने पिता के साथ देश से पहले ही निकाल दी गयी होती।

CELIA.

I did not then entreat to have her stay;

It was your pleasure, and your own remorse;

I was too young that time to value her,

But now I know her. If she be a traitor,

Why so am I: we still have slept together,

Rose at an instant, learned, played, eat together;

And wheresoe'er we went, like Juno's swans,

[22] अर्थात जैसे ड्यूक बनने के लिए आपने मेरे पिता को निकाला वैसे ही आपकी गद्दी हथियाने के लिए मैं कोई योजना बनाऊँगी।

Still we went coupled and inseparable.

सीलिया

उस समय मैंने आपसे रोज़लिंड को यहाँ रोकने की विनती नहीं की थी; यह आपकी मर्जी थी, और आपका खुद का पछतावा है। उसका महत्व जानने के लिए उस समय मैं बहुत छोटी थी, लेकिन अब मैं उसे जानती हूँ। यदि वह गद्दार है, तो मैं भी हूँ। हम अभी तक साथ सोते, और एक साथ उठते थे। हम एक साथ पढ़ते, खेलते और खाते थे और हम जहाँ पर भी जाते थे, जूनो देवी के राजहंसों की तरह—जोड़े में और अभिन्न होकर जाते थे।

FREDERICK.

She is too subtle for thee; and her smoothness,

Her very silence and her patience,

Speak to the people, and they pity her.

Thou art a fool. She robs thee of thy name;

And thou wilt show more bright and seem more virtuous

When she is gone. Then open not thy lips.

Firm and irrevocable is my doom

Which I have pass'd upon her; she is banish'd.

फ्रेडेरिक

वह तुम्हारे लिए बहुत मझी हुयी है। उसकी मृदुता, उसकी चुप्पी और सहनशीलता लोगों को प्रभावित करते हैं, और वे उस पर तरस खाते हैं। तुम मूर्ख हो। वह तुमसे तुम्हारा नाम छीन रही है। और जब वह चली जायेगी तब तुम ज्यादा श्रेष्ठ और गुणी दिखाई देने लगोगी। इसलिए अपना मुंह मत खोलो। मैंने उसे जो दंड सुनाया है वह अटल और अपरिवर्तनीय है। उसे देश से निकाला जाता है।

CELIA.

Pronounce that sentence, then, on me, my liege;

I cannot live out of her company.

सीलिया

'माय लीज', तब मुझे भी वही दंड देने की घोषणा कीजिए मैं उसकी संगति के बिना नहीं रह सकती।

FREDERICK.

You are a fool. (to ROSALIND) You, niece, provide yourself.

If you outstay the time, upon mine honour,

And in the greatness of my word, you die.

फ्रेडेरिक

तुम बेवकूफ हो। (रोज़लिंड से) तुम, भतीजी, अपना सामान बाँध लो। अगर तुम निर्धारित समय से ज्यादा ठहरी, तो मैं अपने सम्मान और अपने वचन की महत्ता की सौगंध खाकर कहता हूँ, तुम मारी जाओगी।

[Exeunt DUKE and LORDS]

[ड्यूक और सामंतों का निकास]

CELIA.

O my poor Rosalind! Whither wilt thou go?

Wilt thou change fathers? I will give thee mine.

I charge thee be not thou more grieved than I am.

सीलिया

ओह मेरी बेचारी रोज़लिंड! तुम कहाँ जाओगी? क्या तुम पिताओं की अदला-बदली करोगी? मैं तुम्हें अपना पिता दे दूँगी। मैं कह रही हूँ, तुम उतनी दुःखी नहीं हो सकती जितनी मैं हूँ।

ROSALIND.

I have more cause.

रोज़लिंड

मेरे पास और भी वजहें हैं।

CELIA.

Thou hast not, cousin.

Prithee be cheerful. Know'st thou not the Duke

Hath banished me, his daughter?

सीलिया

चचेरी-बहन, तुम्हारे पास कोई वजह नहीं है। कृपया खुश रहो। क्या तुम नहीं जानती ड्यूक ने मुझे, अपनी पुत्री को, देश से निकाल दिया है?

ROSALIND.

That he hath not.

रोज़लिंड

उन्होंने ऐसा नहीं किया है।

CELIA.

No, hath not? Rosalind lacks, then, the love

Which teacheth thee that thou and I am one.

Shall we be sundered? Shall we part, sweet girl?

No; let my father seek another heir.

Therefore devise with me how we may fly,

Whither to go, and what to bear with us;

And do not seek to take your charge upon you,

To bear your griefs yourself, and leave me out;

For, by this heaven, now at our sorrows pale,

Say what thou canst, I'll go along with thee.

सीलिया

नहीं, नहीं किया है? तब रोज़लिंड तुममें वह प्यार नहीं है जिसने तुम्हें सिखाया है कि तुम और मैं एक हैं। क्या हम जुदा हो पायेंगे? क्या हम अलग हो जायेंगे, बोलो प्यारी? नहीं, मेरे पिता अब कोई अन्य उत्तराधिकारी ढूंढ लें। इसलिए मेरे साथ सोचो कि हम कैसे भाग सकते हैं, हमें जाना कहां है और हम अपने साथ क्या ले चलेंगे। और अपने निकलने के बारे में, अपने दुःखों को अकेले सहने और मुझे छोड़कर जाने के बारे में तुम सोचना भी मत। मैं उस ईश्वर की, जो अब हमारे दुःखों से दुःखी है, कसम खाकर कहती हूँ कि चाहे तुम कुछ भी कहो मैं तुम्हारे साथ चलूंगी।

ROSALIND.

Why, whither shall we go?

रोज़लिंड

अरे, हम जायेंगे कहाँ?

CELIA.

To seek my uncle in the Forest of Arden.

सीलिया

आर्डन के जंगल में ताऊजी को खोजने।

ROSALIND.

Alas, what danger will it be to us,

Maids as we are, to travel forth so far!

Beauty provoketh thieves sooner than gold.

रोज़लिंड

हाय, इतनी दूर आगे जाने में हम जैसी कुमारियों के लिये वहां न जाने कौन से खतरे होंगे? (जवान लड़की की) सुन्दरता चोरों को सोने से ज्यादा जल्दी उकसाती है।

CELIA.

I'll put myself in poor and mean attire,

And with a kind of umber smirch my face;

The like do you; so shall we pass along,

And never stir assailants.

सीलिया

मैं एक गरीब औरत बनकर फटे-चिथड़े कपड़े पहन लूंगी और चेहरे पर मिट्टी का कीचड़ लगा लूंगी। तुम भी ऐसा ही करना। ऐसे हम आसानी से निकल जायेंगे और आक्रमणकारियों को कभी भनक भी नहीं लगेगी।

ROSALIND.

Were it not better,

Because that I am more than common tall,

That I did suit me all points like a man?

A gallant curtle-axe upon my thigh,

A boar spear in my hand; and- in my heart

Lie there what hidden woman's fear there will

We'll have a swashing and a martial outside,

As many other mannish cowards have

That do outface it with their semblances.

रोज़लिंड

क्या यह ज्यादा अच्छा नहीं होगा – क्योंकि मैं (औरतों की) सामान्य लम्बाई से लम्बी हूँ, मैं एक आदमी की सी वेशभूषा धारण कर लूं? एक साहसी की भांति 'कर्टल-एक्स'[23] को अपनी जांघ पर बाँध लूं, हाथ में एक शिकारी भाले को ले लूं, और नारीगत सभी भयों को अपने दिल में छिपा लूं। और बाहर से, हम अकड़कर चलने वाले योद्धाओं का सा रूप रखें – जैसे मर्दानगी दिखाने वाले बहुत से कायर लोग अपने बाहरी दिखावे से करते हैं।

[23] कर्टल-एक्स (curtle-axe) – एक किस्म की वजनदार छोटी घुमावदार तलवार (cutlass) जिसे पुराने समय में युद्धपोतों के नाविक इस्तेमाल किया करते थे। जो देखने में काफी हद तक एक कटार की तरह होती है।

CELIA.

What shall I call thee when thou art a man?

सीलिया

जब तुम पुरुष बनोगी, तो मैं तुम्हें क्या कहकर बुलाऊँगी?

ROSALIND.

I'll have no worse a name than Jove's own page,

And therefore look you call me Ganymede.

But what will you be called?

रोज़लिंड

जोव[24] के निजी-सेवक के नाम से, कम का कोई दूसरा नाम मैं नहीं लूंगी। और देखो, इसलिए तुम मुझे गैनमीड कहकर बुलाना। लेकिन मैं तुम्हें क्या कहकर बुलाऊँगी?

CELIA.

Something that hath a reference to my state:

No longer Celia, but Aliena.

सीलिया

कुछ ऐसा जो मेरी दशा को जंचे; अब सीलिया नहीं बल्कि एलियना।

ROSALIND.

But, cousin, what if we assayed to steal

The clownish fool out of your father's court?

Would he not be a comfort to our travel?

रोज़लिंड

[24] जोव (Jove)– एक दंत कथा के अनुसार जोव, देवताओं का राजा था, जो धरती के एक लड़के गैनमीड के प्यार में पड़ गया था और जिसे उठाकर वह अपने साथ माउंट ओलम्पस में ले आया ताकि वह लड़का उसे शराब पिला सके।

लेकिन, चचेरी-बहन, यदि हम तुम्हारे पिता के दरबार के उस मूर्ख विदूषक (टचस्टोन) को अपने साथ ले चलें तो कैसा रहेगा? हमारी यात्रा में क्या वह एक राहत नहीं होगा?

CELIA.

He'll go along o'er the wide world with me;

Leave me alone to woo him. Let's away,

And get our jewels and our wealth together;

Devise the fittest time and safest way

To hide us from pursuit that will be made

After my flight. Now go we in content

To liberty, and not to banishment.

सीलिया

मेरे साथ तो वह पूरी दुनिया देखने भी चलेगा। उसे मनाने की जिम्मेदारी तुम मुझ पर छोड़ दो। हमें चलना चाहिए और अपने आभूषणों और धन को एकत्रित कर लेना चाहिए। मेरे भागने के बाद, पीछा किये जाने से खुद को छिपाने के लिए हमें सबसे उपयुक्त समय और सबसे सुरक्षित रास्ते के बारे में सोचना पड़ेगा। अब हम संतुष्टि से, आजादी से जायेंगे न कि देश-निकाला के कारण।

[Exeunt]

[निकास]

ACT II.

नाटकांक २

SCENE I. The Forest of Arden

दृश्य १: आर्डन का जंगल

[DUKE SENIOR, AMIENS, and two or three LORDS, like foresters]

[ड्यूक सीनियर[25], ऐमीयेन्स और दो या तीन सामन्तों का, वनरक्षकों जैसी वेशभूषा में, प्रवेश]

DUKE SENIOR.

Now, my co-mates and brothers in exile,

Hath not old custom made this life more sweet

Than that of painted pomp? Are not these woods

More free from peril than the envious court?

Here feel we not the penalty of Adam,

The seasons' difference; as the icy fang

And churlish chiding of the winter's wind,

Which when it bites and blows upon my body,

Even till I shrink with cold, I smile and say

'This is no flattery; these are counsellors

[25] ड्यूक सीनियर – वह ड्यूक जिसे देश से निकाला दिया गया।

That feelingly persuade me what I am.'

Sweet are the uses of adversity,

Which, like the toad, ugly and venomous,

Wears yet a precious jewel in his head;

And this our life, exempt from public haunt,

Finds tongues in trees, books in the running brooks,

Sermons in stones, and good in everything.

ड्यूक सीनियर

अब, मेरे साथियों और भाइयों, जो इस निष्कासन में मेरे साथ हो, क्या पुराने रिवाजों ने हमारी इस जिंदगी को, दिखावटी शानवाली जिन्दगी की अपेक्षा, ज्यादा मधुर नहीं बना दिया है? क्या ये जंगल, ईर्ष्या भरे दरबार की तुलना में, खतरों से ज्यादा उन्मुक्त नहीं हैं[26]? आदम[27] को मिले दंड को हम यहाँ महसूस नहीं करते, मौसम के बदलाव से, जब शीतलहर के बर्फीले दंश और उसकी निर्दयी झड़झड़ाहट, मेरे शरीर को काटते हैं और उस पर बहते हैं तो उस समय तक भी, जब मैं ठंड से सिकुड़ जाता हूँ, मैं मुस्कुराता हूँ और कहता हूँ, "यह कोई चापलूसी नहीं है : ये सलाहकार हैं जो (अपने) स्पर्श से मुझे समझाते हैं कि मैं क्या हूँ।" दुर्दिन के समान कोई शिक्षा नहीं होती, जो एक बदसूरत और जहरीले टोड[28] की भांति एक कीमती मणि को अपने सिर पर पहने रहता है[29]। और जन-घेराव से मुक्त हमारी यह जिन्दगी पेड़ों की जुबान सुन सकती है, बहती धाराओं में किताबों को देख सकती है, पत्थरों में धर्मोपदेशों को सुन सकती है, और हर चीज में अच्छाई को खोज सकती है।

---

[26] अर्थात जंगल में, ईर्ष्या भरे दरबार की अपेक्षा कम खतरा है।

[27] आदम (Adam)- बाइबिल के अनुसार ईश्वर का बनाया प्रथम पुरुष था, जिसने ईश्वर द्वारा निषेधित सेब खाया था। जिसके दंड स्वरूप उसे स्वर्ग के बगीचे (garden of eden) से निकाल दिया गया था।

[28] टोड –Toad –मेढक की प्रजाति का एक जीव जिसकी पीठ पर जहर की थैलियाँ होती हैं।

[29] यहाँ दुर्दिन टोड के समान है और शिक्षा एक मणि के समान है।

AMIENS.

I would not change it. Happy is your Grace,

That can translate the stubbornness of fortune

Into so quiet and so sweet a style.

ऐमीयेन्स

मैं इसे[30] नहीं बदलूँगा। 'योर ग्रेस' खुशकिस्मत हैं जो तकदीर की कठोरता को इतनी शान्ति और इतनी मधुरता में तब्दील कर सकते हैं।

DUKE SENIOR.

Come, shall we go and kill us venison?

And yet it irks me the poor dappled fools,

Being native burghers of this desert city,

Should, in their own confines, with forked heads

Have their round haunches gored.

ड्यूक सीनियर

आओ, क्या अब हम चलें और हिरन के गोश्त के लिए शिकार करें? पर फिर भी इस बात से मुझे कष्ट होता है कि शाखा जैसी सींगों वाले इन बेचारे चितकबरे मासूम जीवों, जो इस वीरान शहर[31] के स्थानीय नागरिक हैं, के उनके अपने इलाकों में घुसकर उनके मांसल पृष्ठभाग को (हम) रक्तरंजित करेंगे।

FIRST LORD.

Indeed, my lord,

The melancholy Jaques grieves at that;

And, in that kind, swears you do more usurp

---

[30] जिन्दगी को।

[31] 'निर्जन जंगल' के लिए अलंकार।

Than doth your brother that hath banished you.

To-day my Lord of Amiens and myself

Did steal behind him as he lay along

Under an oak whose antique root peeps out

Upon the brook that brawls along this wood!

To the which place a poor sequestered stag,

That from the hunter's aim had ta'en a hurt,

Did come to languish; and, indeed, my lord,

The wretched animal heaved forth such groans

That their discharge did stretch his leathern coat

Almost to bursting; and the big round tears

Coursed one another down his innocent nose

In piteous chase; and thus the hairy fool,

Much marked of the melancholy Jaques,

Stood on th' extremest verge of the swift brook,

Augmenting it with tears.

पहला सामंत

यकीनन, माय लार्ड, उदास रहने वाला जॉक इससे दुःखी है। और उस उदासी में शपथपूर्वक कहता है कि आप अपने उस भाई, जिसने आपको देश से निकाला है, से ज्यादा अन्यायपूर्वक छिनैती करते हैं[32]। ऐमीयेन्स के सामंत और मैंने, आज चोरी छिपे जॉक का पीछा किया था जब वह एक ओक के पेड़ -जिसकी पुरानी जड़ें नदी की जमीन के ऊपर निकली थीं और पेड़ से टकराकर उलझी हुयी थीं -के नीचे लेटा हुआ था। उसी जगह एकांत में एक बेचारा हिरन जो किसी शिकारी का लक्ष्य होने से

[32] अर्थात हिरनों का मारकर उनका मांस हासिल करते हैं।

घायल होकर अशक्त हो गया था। और वास्तव में, माय लार्ड, वह अभागा जानवर ऐसे कराहते हुए जोर लगाकर आगे उठा था कि घाव के रिसावों से उसकी खाल लगभग फटने की हद तक खिंचकर तन गयी थी, और उसके बड़े–बड़े गोल आंसू दारूणिक दशा में एक के ऊपर एक उसकी मासूम नाक से होकर नीचे बह रहे थे। और इस तरह, घनेबालों वाले उस मूर्ख (हिरन) ने तेज बहती नदी के बिल्कुल किनारे पर खड़े होकर अपने आँसुओं से नदी के जल में वृद्धि की और जॉक की उदासी को काफी महसूस किया था।

DUKE SENIOR.

But what said Jaques?

Did he not moralize this spectacle?

ड्यूक सीनियर

किन्तु जॉक ने क्या कहा था? क्या इस दृश्य पर उसने कोई उपदेश नहीं दिया था?

FIRST LORD.

O, yes, into a thousand similes.

First, for his weeping into the needless stream:

'Poor deer,' quoth he 'thou mak'st a testament

As worldlings do, giving thy sum of more

To that which had too much.' Then, being there alone,

Left and abandoned of his velvet friends:

"Tis right'; quoth he 'thus misery doth part

The flux of company.' Anon, a careless herd,

Full of the pasture, jumps along by him

And never stays to greet him. 'Ay,' quoth Jaques

'Sweep on, you fat and greasy citizens;

'Tis just the fashion. Wherefore do you look

Upon that poor and broken bankrupt there?'

Thus most invectively he pierceth through

The body of the country, city, court,

Yea, and of this our life; swearing that we

Are mere usurpers, tyrants, and what's worse,

To fright the animals, and to kill them up

In their assign'd and native dwelling-place.

पहला सामंत

ओह हाँ, उसने एक हजार उपमाएं की। पहले, नदी में उसके रोने को अनावश्यक बताया। "बेचारे हिरन," उसने कहा, "तुम एक संसारी आदमी की तरह आचरण कर रहे हो : तुम उसको दे रहे हो जिसके पास पहले से ही अधिकता में है।" तत्पश्चात, वहां अकेले पड़े हुए, अपने मखमली मुलायम साथियों द्वारा छोड़ दिए गये उस परित्यक्त हिरन से उसने कहा : "सही है, ऐसे ही विपत्ति मित्रता की सततता को खंडित कर देती है।" इसके तुरंत बाद ही चरागाह की घास को खाकर आया हिरणों का एक लापरवाह झुण्ड, उसके पास से उछलते हुए आगे चला गया और उस घायल से मिलने हेतु एक क्षण के लिये भी नहीं रुका। "हाँ," जॉक ने कहा, "मोटे और चिकने नागरिकों[33], तुम जल्दी करो। यह तो परम्परा है, अब तुम वहां क्यों इस बेचारे असहाय को देखोगे?" इस तरह बहुत ही हेय दृष्टि से उसने देश, नगर, दरबार, के गठन को और हाँ हमारी इस जिन्दगी को भी भेद डाला और शपथपूर्वक कहा कि हम लोग केवल छिनैती करने वाले, निरंकुश और इससे भी जो बदतर हो सकता है वही हैं, जो जानवरों को उनके खुद के घरों में भयभीत करते हैं और मारते हैं।

DUKE SENIOR.

And did you leave him in this contemplation?

ड्यूक सीनियर

और इस विचारमंथन में क्या तुमने उसे छोड़ दिया था?

[33] जॉक का इशारा जंगल के उन मोटे चिकने हिरणों से है जो उछल कर आगे चले गये थे।

SECOND LORD.

We did, my lord, weeping and commenting

Upon the sobbing deer.

दूसरा सामंत

माय लार्ड, हमने उस सिसकते हिरन पर आंसू बहाए और टिप्पणियाँ कीं।

DUKE SENIOR.

Show me the place;

I love to cope him in these sullen fits,

For then he's full of matter.

ड्यूक सीनियर

मुझे वह जगह दिखाओ; इन उदासियों में मैं उससे (जॉक से) मिलना पसंद करूंगा, क्योंकि ऐसे में वह बहुत-सी बातें कहता है।

FIRST LORD.

I'll bring you to him straight.

पहला सामंत

मैं तुरंत ही आपको उसके पास ले चलूँगा।

[Exeunt]

[निकास]

SCENE II. The DUKE'S palace

दृश्य २: ड्यूक का महल

[Enter DUKE FREDERICK, with LORDS]

[ड्यूक फ्रेडरिक का सामंतों के साथ प्रवेश]

FREDERICK.

Can it be possible that no man saw them?

It cannot be; some villains of my court

Are of consent and sufferance in this.

फ्रेडेरिक

क्या ऐसा सम्भव है कि किसी व्यक्ति ने उन्हें न देखा हो? ऐसा नहीं हो सकता। मेरे दरबार के कुछ दुष्ट इसमें शामिल हैं।

FIRST LORD.

I cannot hear of any that did see her.

The ladies, her attendants of her chamber,

Saw her abed, and in the morning early

They found the bed untreasured of their mistress.

पहला सामंत

मैंने किसी भी व्यक्ति से नहीं सुना जिसने उन्हें (सीलिया और रोजलिंड को) देखा हो। उनके कमरे की उनकी सहचारिकाओं ने उनको अपने बिस्तरों पर देखा था, और सुबह सवेरे उन्होंने देखा कि बिस्तर पर उनकी मालकिन नहीं थी।

SECOND LORD.

My lord, the roinish clown, at whom so oft

Your Grace was wont to laugh, is also missing.

Hisperia, the Princess' gentlewoman,

Confesses that she secretly o'erheard

Your daughter and her cousin much commend

The parts and graces of the wrestler

That did but lately foil the sinewy Charles;

And she believes, wherever they are gone,

That youth is surely in their company.

दूसरा सामंत

माय लार्ड, वह नीच विदूषक जिस पर 'योर ग्रेस' प्रायः हंसा करते थे वह भी गायब है। हिस्पीरिया, राजकुमारी की ख़ास-दासी, ने स्वीकारा है कि उसने गुप्तरूप से आपकी बेटी और उसकी चचेरी-बहन को उस कुश्तीबाज के रूप और गुण के बारे में काफी प्रशंसा करते हुए सुना था जिसने हाल में ही मजबूत चार्ल्स को हराया था, और वह यकीन करती है कि वे चाहे जहां भी गयी हों वह नौजवान निश्चित रूप से उनके साथ है।

FREDERICK.

Send to his brother; fetch that gallant hither.

If he be absent, bring his brother to me;

I'll make him find him. Do this suddenly;

And let not search and inquisition quail

To bring again these foolish runaways.

फ्रेडेरिक

उस (नौजवान) के भाई के पास आदमी भेजो। उस बहादुर को यहाँ लाओ। यदि वह वहां न हो तो उसके भाई को पकड़कर मेरे सामने लाओ। मैं उसे उसके भाई को ढूँढने के लिए कहूँगा। ऐसा फौरन करो, तथा तलाश और आधिकारिक जाँच के काम को

तब तक मत रोकना जब तक इन बेवकूफ भगौड़ियों[34] को फिर से वापस नहीं लाया जाता।

[Exeunt]

[निकास]

[34] सीलिया और रोज़लिंड

SCENE III. Before OLIVER'S house

दृश्य ३: ऑलिवर के घर के सामने

[Enter ORLANDO and ADAM, meeting]

[ऑरलैंडो और ऐडम का प्रवेश, मुलाक़ात]

ORLANDO.

Who's there?

ऑरलैंडो

वहां कौन है?

ADAM.

What, my young master? O my gentle master!

O my sweet master! O you memory

Of old Sir Rowland! Why, what make you here?

Why are you virtuous? Why do people love you?

And wherefore are you gentle, strong, and valiant?

Why would you be so fond to overcome

The bonny prizer of the humorous Duke?

Your praise is come too swiftly home before you.

Know you not, master, to some kind of men

Their graces serve them but as enemies?

No more do yours. Your virtues, gentle master,

Are sanctified and holy traitors to you.

O, what a world is this, when what is comely



Envenoms him that bears it!

ऐडम

कौन, मेरे छोटे मालिक, ओ मेरे नेक मालिक, ओ मेरे प्यारे मालिक, ओ बूढ़े सर रोलैंड की जिन्दा स्मृति! अरे, आप यहाँ क्या कर रहे हैं? आप अच्छे क्यों हैं? लोग आपको क्यों चाहते हैं? और किसके लिए आप इतने नेक, मजबूत और बहादुर हैं? क्यों आप उस तरंगी ड्यूक के चहेते पहलवान को हराने के लिए इतने लालायित हो गये थे? आपकी प्रशंसा आपके घर आने से पहले ही बहुत तेजी से यहाँ पहुंच गयी है। मालिक, आप नहीं जानते क्या कि कुछ लोगों की तेजस्विता उनकी सेवा करती तो है लेकिन दुश्मन के रूप में? आपकी इससे भिन्न नहीं है। अच्छे मालिक, आपकी दैवीय और पवित्र खूबियाँ आपकी द्रोही हैं। ओह, यह कैसा संसार है जहां एक समय, आदमी की अच्छाई ही उसके लिए जहर का काम करने लगती है!

ORLANDO.

Why, what's the matter?

ऑरलैंडो

क्यों, क्या बात है?

ADAM.

O unhappy youth!

Come not within these doors; within this roof

The enemy of all your graces lives.

Your brother- no, no brother; yet the son

Yet not the son; I will not call him son

Of him I was about to call his father

Hath heard your praises; and this night he means

To burn the lodging where you use to lie,

And you within it. If he fail of that,

He will have other means to cut you off;

I overheard him and his practices.

This is no place; this house is but a butchery;

Abhor it, fear it, do not enter it.

ऐडम

ओ अभागे युवा! इन दरवाजों के भीतर न आना। इस छत के नीचे, आपके सारे गुणों से ईर्ष्या करने वाला व्यक्ति रहता है। आपका भाई – नहीं, भाई नहीं – एक पुत्र – जो फिर भी पुत्र नहीं हैं, मैं उसे पुत्र नहीं कहूँगा – उसके बारे में मैं यही कहने जा रहा था कि उसके पिता ने तुम्हारी प्रशंसा सुनी है और आज रात उसका (आपके भाई का) इरादा उस जगह को, जहाँ आप विश्राम करते हैं, आपके साथ ही जला देने का है। यदि वह ऐसा करने में नाकाम होता है, तो वह आपको मारने के लिए दूसरे तरीके अख्तियार कर लेगा। मैंने उसे और उसकी योजनाओं को चुपके से सुना था। यह कोई जगह नहीं है, यह घर केवल एक कसाई-घर है। इससे घृणा करो, इससे डरो, इसमें प्रवेश मत करो।

ORLANDO.

Why, whither, Adam, wouldst thou have me go?

ऑरलैंडो

अरे, ऐडम तुम मुझे कहाँ भेजना चाहते हो?

ADAM.

No matter whither, so you come not here.

ऐडम

कहीं भी जाइए, बस यहाँ मत आइये।

ORLANDO.

What, wouldst thou have me go and beg my food,

Or with a base and boist'rous sword enforce

A thievish living on the common road?

This I must do, or know not what to do;

Yet this I will not do, do how I can.

I rather will subject me to the malice

Of a diverted blood and bloody brother.

ऑरलैंडो

क्या तुम चाहते हो कि मैं चला जाऊं और खाने के लिए भीख मांगूं या नीचता से तलवार दिखाकर आम सड़क पर एक चोर जैसा जीवन बिताऊँ? मुझे यह करना होगा! या मैं नहीं जानता कि क्या करूं। हालांकि मैं यह नहीं करूंगा, यह मैं कैसे कर सकता हूँ। इसके बजाय मैं खुद को, मुझसे मतभेद रखने वाले अपने निर्दयी भाई के द्वेष का, शिकार बनाना पसंद करूंगा।

ADAM.

But do not so. I have five hundred crowns,

The thrifty hire I saved under your father,

Which I did store to be my foster-nurse,

When service should in my old limbs lie lame,

And unregarded age in corners thrown.

Take that, and He that doth the ravens feed,

Yea, providently caters for the sparrow,

Be comfort to my age! Here is the gold;

All this I give you. Let me be your servant;

Though I look old, yet I am strong and lusty;

For in my youth I never did apply

Hot and rebellious liquors in my blood,

Nor did not with unbashful forehead woo

The means of weakness and debility;

Therefore my age is as a lusty winter,

Frosty, but kindly. Let me go with you;

I'll do the service of a younger man

In all your business and necessities.

ऐडम

लेकिन ऐसा न करें। मेरे पास पाँच सौ स्वर्णमुद्रायें हैं जिन्हें आपके पिता के अधीन रहते हुए मैंने कमखर्ची करके बचाया था। इसे मैंने अपनी उस समय की जरूरतों को पूरा करने के लिए जमा किया था जब सेवा करना मेरे बूढ़े कंधों के लिए कठिन हो जाएगा और उपेक्षित आयु (बुढ़ापे) में मैं किसी कोने में फेंका पड़ा होऊंगा। आप इसे ले लें, और वह (ईश्वर), जो कौवों को भोजन देता है, हाँ, विवेकपूर्ण ढंग से गौरैयाओं के खाने की व्यवस्था करता है, बुढ़ापे में मेरा ख्याल रखेगा। यह रहा सोना। यह सब मैं आपको देता हूँ। मुझे अपना नौकर बना रहने दें। यद्यपि मैं बूढ़ा दिखाई देता हूं, फिर भी मैं मजबूत और स्फूर्ति से भरा हूँ, क्योंकि अपनी जवानी में मैंने कभी अपनी रगों में गर्म और उत्तेजक पेयों की गर्मी चढ़ने नहीं दी और न ही मैंने निर्लज्ज मस्तक[35] से किसी युवती से कोई प्रस्ताव रखकर उसे छला। जो कि कमजोरी और असमर्थता का कारण हैं। इसलिए मेरा बुढ़ापा एक ख़ुशगवार शीतऋतु जैसा है जो बहुत ठण्डी तो है लेकिन मृदु भी है। मुझे अपने साथ चलने दें। आपके हर उद्यम और जरूरतों में, मैं एक जवान नौकर की तरह आपकी खिदमत करूंगा।

ORLANDO.

O good old man, how well in thee appears

The constant service of the antique world,

When service sweat for duty, not for meed!

Thou art not for the fashion of these times,

Where none will sweat but for promotion,

And having that do choke their service up

Even with the having; it is not so with thee.

[35] बेशर्मी से

But, poor old man, thou prun'st a rotten tree

That cannot so much as a blossom yield

In lieu of all thy pains and husbandry.

But come thy ways, we'll go along together,

And ere we have thy youthful wages spent

We'll light upon some settled low content.

ऑरलैंडो

ओह, नेक बूढ़े आदमी, तुममें 'पुराने जमाने' का सतत सेवा भाव कितने अच्छे से दिखाई देता है, जब सेवा में कर्तव्य के लिए पसीना बहाया जाता था, न कि धन या पुरस्कार के लिए। तुम इस समय के दौर के लिए नहीं हो, जहाँ पदोन्नति के लिए ही कोई पसीना बहायेगा और वह मिलते ही वे अपनी सेवायें रोक देंगे हालांकि वह उन्हें मिल गयी है। ऐसा तुम्हारे साथ नहीं है। किन्तु ओ बेचारे बूढ़े, तुम एक सड़े पेड़ को काट-छांट रहे हो, जो तुम्हारे सारे कष्टों और प्रयासों के बदले में तुम्हें उपज में एक फूल भी नहीं दे सकता। लेकिन तुम मेरे साथ आ सकते हो। हम साथ जायेंगे और तुम्हारी जवानी की बचत के खत्म होने से पहले ही, हमें किसी सन्तोषजनक आजीविका को पाना होगा।

ADAM.

Master, go on; and I will follow thee

To the last gasp, with truth and loyalty.

From seventeen years till now almost four-score

Here lived I, but now live here no more.

At seventeen years many their fortunes seek,

But at fourscore it is too late a week;

Yet fortune cannot recompense me better

Than to die well and not my master's debtor.

ऐडम

मालिक, चलते रहिये और मैं अपनी आखिरी सांस तक, पूरी सच्चाई और वफादारी से, आपके पीछे चलता रहूँगा। सत्रह साल की उम्र से आज लगभग अस्सी साल का होने तक मैं यहाँ रहा लेकिन अब मैं और नहीं रहूँगा। सत्रह साल की उम्र में कई नौजवान अपनी किस्मत को तलाशने निकलते हैं लेकिन अस्सी साल की उम्र में काफी देर हो चुकी होती है। फिर भी किस्मत इससे बेहतर क्षतिपूर्ति मुझे नहीं दे सकती है कि मैं एक अच्छी मौत मरूं, और अपने मालिक का ऋणी न रहूँ।

[Exeunt]

[निकास]

SCENE IV. The Forest of Arden

दृश्य ४: आर्डन का जंगल

[Enter ROSALIND for GANYMEDE, CELIA for ALIENA, and CLOWN alias TOUCHSTONE]

[गैनमीड बनकर रोज़लिंड, एलियना बनकर सीलिया, और विदूषक उर्फ़ टचस्टोन, का प्रवेश]

ROSALIND.

O Jupiter, how weary are my spirits!

रोज़लिंड

ओ जुपिटर[36], मेरा उत्साह कितना ठंडा पड़ गया है!

TOUCHSTONE.

I Care not for my spirits, if my legs were not weary.

टचस्टोन

मुझे अपने उत्साह की कोई चिंता न होती, यदि मेरे पैर न थके होते।

ROSALIND.

I could find in my heart to disgrace my man's apparel, and to cry like a woman; but I must comfort the weaker vessel, as doublet and hose ought to show itself courageous to petticoat; therefore, courage, good Aliena.

रोज़लिंड

मैं अपने दिल में चाहती हूँ कि अपने पुरुष भेष पहनावे को मैं उतार दूं और एक औरत की तरह रोऊँ। लेकिन मुझे अपने अंदर की औरत को दिलासा देनी होगी क्योंकि एक

[36] जुपिटर (Jupiter)- प्राचीन रोम वासियों के सबसे बड़े देवता।

पेटीकोट की तुलना में डब्लेट[37] और होज[38] पहने व्यक्ति को अधिक साहसी दिखना चाहिए। इसलिए हिम्मत रखो, अच्छी एलियना।

CELIA.

I pray you bear with me; I cannot go no further.

सीलिया

मैं तुमसे प्रार्थना करती हूँ मेरे साथ रुको; मैं अब और नहीं चल सकती।

TOUCHSTONE.

For my part, I had rather bear with you than bear you; yet I should bear no cross if I did bear you; for I think you have no money in your purse.

टचस्टोन

जहाँ तक मेरा सवाल है, तो आपको ढोने की बजाय मैं आपके साथ रुकना पसंद करता। (क्योंकि) यदि मैं आपको ढोता तो भी मुझे कोई क्रॉस[39] नहीं मिलता, क्योंकि मैं सोचता हूँ कि आपके पर्स में कोई धन नहीं है।

ROSALIND.

Well,. this is the Forest of Arden.

रोज़लिंड

खैर, यह है आर्डन का जंगल।

TOUCHSTONE.

Ay, now am I in Arden; the more fool I; when I was at home I was in a better place; but travellers must be content.

---

[37] डब्लेट (Doublet)- एक किस्म की जैकेट

[38] होज (Hose) – पैर की लम्बाई तक के भारी मोजे

[39] एलिजाबेथियन सिक्कों में क्रॉस के चिह्न बने होते थे।



टचस्टोन

हां, अब मैं आर्डन में हूँ; मैं कितना मूर्ख हूँ। जब मैं घर पर था तो मैं एक बेहतर जगह पर था, किन्तु यात्रियों को संतुष्ट रहना चाहिए।

[Enter CORIN and SILVIUS]

[कॉरिन और सिलवियस का प्रवेश]

ROSALIND.

Ay, be so, good Touchstone. Look you, who comes here, a young man and an old in solemn talk.

रोज़लिंड

हाँ, संतुष्ट रहो, अच्छे टचस्टोन। देखो, इधर कौन आ रहा है, गम्भीर बातचीत में व्यस्त एक नौजवान और एक बूढ़ा आदमी।

CORIN.

That is the way to make her scorn you still.

कॉरिन

इस तरीके से तो वह अभी भी आपसे नफ़रत ही करेगी।

SILVIUS.

O Corin, that thou knew'st how I do love her!

सिलवियस

ओ कॉरिन, काश तुम जानते कि मैं उससे कितना प्यार करता हूँ!

CORIN.

I partly guess; for I have loved ere now.

कॉरिन

कुछ हद तक मैं अंदाजा लगा सकता हूँ क्योंकि मैं पहले ही प्यार कर चुका हूँ।

SILVIUS.

No, Corin, being old, thou canst not guess,

Though in thy youth thou wast as true a lover

As ever sighed upon a midnight pillow.

But if thy love were ever like to mine,

As sure I think did never man love so,

How many actions most ridiculous

Hast thou been drawn to by thy fantasy?

सिलवियस

नहीं, कॉरिन, बूढ़ा होने के कारण तुम अंदाजा नहीं लगा सकते – भले ही अपनी जवानी में तुम एक प्रेमी जितने सच्चे रहे हो, जो मध्य-रात्रि में तकिये पर सिर रखकर हमेशा आहें भरता है। लेकिन यदि कभी तुम्हारा प्यार मेरे जैसा होता –तो जितना निस्संशय मैं सोचता हूँ वैसा प्यार कभी किसी आदमी ने नहीं किया होगा –तुम्हारी कल्पनाओं से तुमने कितने ज्यादा सर्वाधिक मूर्खतापूर्ण काम किये हैं?

CORIN.

Into a thousand that I have forgotten.

कॉरिन

उन हजार कामों में मैं सभी को भूल चुका हूँ।

SILVIUS.

O, thou didst then never love so heartily!

If thou rememb'rest not the slightest folly

That ever love did make thee run into,

Thou hast not loved;

Or if thou hast not sat as I do now,

Wearing thy hearer in thy mistress's praise,

Thou hast not loved;

Or if thou hast not broke from company

Abruptly, as my passion now makes me,

Thou hast not loved.

O Phebe, Phebe, Phebe!

सिलवियस

ओह, तब तुमने कभी पूरे दिल से प्यार नहीं किया! यदि प्यार में की गयी उस सबसे छोटी बेवकूफी को तुम याद नहीं रख सकते जिसे तुमने किया था, तब तुमने कभी प्यार ही नहीं किया। या यदि तुम कभी ऐसे नहीं बैठे जैसे अब मैं बैठा हूँ, और अपनी प्रेमिका की तारीफों से तुमने अपने श्रोता को उबाया न हो तब तुमने प्यार नहीं किया। या यदि आदमियों की संगति को कभी तुमने अचानक से छोड़ा न हो, जैसा मेरे मनोभाव मुझसे कराना चाहते हैं, तब तुमने प्यार नहीं किया। ओ फीबी, फीबी, फीबी!

[Exit Silvius]

[सिलवियस का निकास]

ROSALIND.

Alas, poor shepherd! searching of thy wound,

I have by hard adventure found mine own.

रोज़लिंड

हाय, बेचारे गड़ेरिये! तुम्हारे जख्मों को देखकर मुझे अपने दर्द की यादें ताज़ा हो गयीं।

TOUCHSTONE.

And I mine. I remember, when I was in love, I broke my sword upon a stone, and bid him take that for coming at night to Jane Smile; and I remember the kissing of her batler, and the cow's dugs that her pretty chopt hands had milked; and I remember the wooing of peascod instead of her; from whom I took two cods, and giving her them again, said with weeping tears 'Wear these for my sake.'

We that are true lovers run into strange capers; but as all is mortal in nature, so is all nature in love mortal in folly.

टचस्टोन

और मुझे अपने। मुझे याद है, जब मैं प्यार में था, तो मैंने अपनी तलवार को एक पत्थर पर तोड़ दिया था और उससे कहा था वह उसे 'जेन इस्माइल' के लिए लेता जाए ताकि वह रात में आ सके। और मुझे, उसका बैटलर[40] को चूमना और अपने खूबसूरत हाथों से गाय के थन दबा-दबा कर दूध निकालना, याद आता है। और मुझे याद है -शादी के लिए प्रस्ताव करते समय उसका नाम लेने की जगह मटर के पौधे का नाम लेना, और फिर मटर की दो लड़ियों को उसे देते हुए मैंने रोते हुए उससे कहा था "मेरी ख़ुशी के लिए वह उन्हें पहन ले"। हममें जो सच्चे प्रेमी होते हैं वे अजीबोगरीब चीजें किया करते हैं। किन्तु जैसे प्रकृति में सभी चीजें नश्वर हैं, वैसे ही प्यार में की जाने वाली सभी बेवकूफियां भी नश्वर हैं।

ROSALIND.

Thou speak'st wiser than thou art ware of.

रोज़लिंड

तुम अपनी भिज्ञता से ज्यादा बुद्धिमानी की बात करते हो।

TOUCHSTONE.

Nay, I shall ne'er be ware of mine own wit till I break my shins against it.

टचस्टोन

नहीं, मैं अपनी भिज्ञता को कभी नहीं जान पाऊँगा जब तक मैं इसके कारण अपने घुटनों को न तुड़वा लूं।

ROSALIND.

Jove, Jove! this shepherd's passion

Is much upon my fashion.

[40] बैटलर (Batler) – कपड़े को धोने वाला पिटना या मोगरी।

रोज़लिंड

जोव, जोव! इस गड़ेरिये के मनोभाव बिल्कुल मेरे जैसे हैं।

TOUCHSTONE.

And mine; but it grows something stale with me.

टचस्टोन

और मेरे भी; लेकिन मेरे साथ ही ये भी कुछ बासी हो गए हैं।

CELIA.

I pray you, one of you question yond man

If he for gold will give us any food;

I faint almost to death.

सीलिया

मैं विनती करती हूँ, तुममें से कोई उस दूर खड़े आदमी से जाकर पूछे कि क्या सोने के बदले वह हमें कुछ खाने के लिए देगा। मैं लगभग मौत की कगार तक मुरझा गयी हूँ।

TOUCHSTONE.

(to CORIN) Holla, you clown!

टचस्टोन

(कॉरिन से) हे, तुम जोकर!

ROSALIND.

Peace, fool; he's not thy Ensman.

रोज़लिंड

चुप हो जाओ, मूर्ख; वह तुम्हारा रिश्तेदार नहीं है।

CORIN.

Who calls?

कॉरिन

किसने पुकारा?

TOUCHSTONE.

Your betters, sir.

टचस्टोन

आपके शुभचिंतक ने, महोदय।

CORIN.

Else are they very wretched.

कॉरिन

या फिर वे जो बहुत ज्यादा दुःखी हैं।

ROSALIND.

(to TOUCHSTONE) Peace, I say. - Good even to you, friend.

रोज़लिंड

(टचस्टोन से) मैं कहता हूँ शांत हो जाओ। – शुभ संध्या, मित्र।

CORIN.

And to you, gentle sir, and to you all.

कॉरिन

आपको भी श्रीमान, और आप सभी को भी।

ROSALIND.

I prithee, shepherd, if that love or gold

Can in this desert place buy entertainment,

Bring us where we may rest ourselves and feed.

Here's a young maid with travel much oppressed,

And faints for succour.

रोज़लिंड

गड़ेरिये यदि प्यार या सोने से, इस निर्जन जगह में खातिरदारी खरीदी जा सके, तो मैं तुमसे विनती करता हूँ हमें वहां ले चलो जहां हम ठहर सकें और भोजन हासिल कर सकें। यहाँ एक जवान लड़की है जो यात्रा से बहुत थक गयी है और आश्रय के लिए मुरझा रही है।

CORIN.

Fair sir, I pity her,

And wish, for her sake more than for mine own,

My fortunes were more able to relieve her;

But I am shepherd to another man,

And do not shear the fleeces that I graze.

My master is of churlish disposition,

And little recks to find the way to heaven

By doing deeds of hospitality.

Besides, his cote, his flocks, and bounds of feed,

Are now on sale; and at our sheepcote now,

By reason of his absence, there is nothing

That you will feed on; but what is, come see,

And in my voice most welcome shall you be.

कॉरिन

सुंदर श्रीमान, मुझे उससे सहानुभूति है और खुद से ज्यादा उसके लिए मेरी यही कामना है कि उसकी मदद करने के लिए मेरी किस्मत ने काश मुझे ज्यादा सक्षम बनाया होता। लेकिन मैं किसी अन्य आदमी के लिए गड़ेरिये का काम करता हूँ और जिन्हें मैं चराता हूँ उनके बाल नहीं काट सकता[41]। मेरा मालिक गंवार किस्म का

[41] अर्थात इन मवेशियों से मुझे कोई मुनाफा नहीं होता।

आदमी है और अतिथि सत्कार करके स्वर्ग पाने के बारे में वह बहुत कम सोचता है। इसके अलावा, उसकी झोपड़ी, उसके जानवर और चरागाह में उसके चराने सम्बन्धी अधिकार अब विक्रय हो रहे हैं। और क्योंकि अभी वह अनुपस्थित है, हमारे भेड़ों के बाड़े में ऐसा कुछ भी नहीं है जिसे आप खा पायें। लेकिन जो भी हो, आओ देखते हैं, और मेरे विचार से वहां आपका खूब स्वागत होगा।

ROSALIND.

What is he that shall buy his flock and pasture?

रोज़लिंड

वह[42] क्या है जो उसके[43] जानवरों और चरागाह को खरीदेगा?

CORIN.

That young swain that you saw here but erewhile,

That little cares for buying any thing.

कॉरिन

जिसे अभी कुछ समय पहले आपने यहाँ देखा था, वह नौजवान प्रेमी है जो कुछ भी खरीदने के लिए कम परवाह करता है।

ROSALIND.

I pray thee, if it stand with honesty,

Buy thou the cottage, pasture, and the flock,

And thou shalt have to pay for it of us.

रोज़लिंड

यदि ईमानदारी से ऐसा किया जा सके, तो कृपया तुम उस झोपड़ी, चरागाह और पशुओं के झुण्ड को हमारे लिए खरीद दो और इसके लिए हम तुमको भुगतान कर देंगे।

---

[42] रोजलिंड का आशय सिलवियस से है।

[43] कोरिन के मालिक के

CELIA.

And we will mend thy wages. I like this place,

And willingly could waste my time in it.

सीलिया

और हम तुम्हारी तनख्वाह में सुधार कर देंगे। मुझे यह जगह पसंद है, और मैं स्वेच्छा से यहाँ अपना समय बिता सकती हूँ।

CORIN.

Assuredly the thing is to be sold.

Go with me; if you like upon report

The soil, the profit, and this kind of life,

I will your very faithful feeder be,

And buy it with your gold right suddenly.

कॉरिन

निश्चिततौर पर ये बेचने के लिए ही हैं। मेरे साथ आओ। यदि आपको यह जमीन, इसका मुनाफा और इस तरह की जिन्दगी, पसंद है तो मैं आपका एक बेहद वफादार नौकर बन जाऊँगा, और अभी तुरंत ही, आपके सोने से इन्हें खरीद लेता हूँ।

[Exeunt]

[निकास]

SCENE V. Another part of the forest

दृश्य ५: जंगल का एक अन्य हिस्सा

[Enter AMIENS, JAQUES, and OTHERS]

[ऐमीयेन्स, जॉक और अन्य लोगों का प्रवेश]

AMIENS.

(Sings)

Under the greenwood tree

Who loves to lie with me,

And turn his merry note

Unto the sweet bird's throat,

Come hither, come hither, come hither.

Here shall he see

No enemy

But winter and rough weather.

ऐमीयेन्स

(गाता है)

हरी पत्तियों वाले इस पेड़ के नीचे

जो मेरे साथ लेटना पसंद करता हो,

और अपनी प्रसन्नता के गीत को

प्यारी चिड़िया के गले तक ले जाये।

यहाँ आये, यहाँ आये, यहाँ आये।

ठंड और खराब मौसम के सिवाय,

यहाँ उसे कोई शत्रु दिखाई नहीं देगा।

JAQUES.

More, more, I prithee, more.

जॉक

और, और, कृपया, और सुनाओ।

AMIENS.

It will make you melancholy, Monsieur Jaques.

ऐमीयेन्स

इससे तुम्हें गहरी निराशा होगी, श्रीमान जॉक।

JAQUES.

I thank it. More, I prithee, more. I can suck melancholy out of a song, as a weasel sucks eggs. More, I prithee, more.

जॉक

मैं इसे धन्यवाद देता हूँ। और, कृपया, और सुनाओ। गहरी निराशा को एक गीत के बाद मैं वैसे ही चूस सकता हूँ जैसे एक नेवला अण्डों को चूसता है। और सुनाओ, कृपया और सुनाओ।

AMIENS.

My voice is ragged; I know I cannot please you.

ऐमीयेन्स

मेरी आवाज रूख गयी है; मैं जानता हूँ, मैं तुम्हें आनन्दित नहीं कर सकता।

JAQUES.

I do not desire you to please me; I do desire you to sing. Come, more; another stanzo. Call you 'em stanzos?

जॉक

मैं नहीं चाहता कि तुम मुझे आनन्दित करो; मैं चाहता हूँ कि तुम गाना गाओ। चलो, और सुनाओ; दूसरा छंद सुनाओ। तुम इसे छंद कहते हो न?

AMIENS.

What you will, Monsieur Jaques.

ऐमीयेन्स

आप इसे जो चाहे कहें, श्रीमान जॉक।

JAQUES.

Nay, I care not for their names; they owe me nothing. Will you sing?

जॉक

नहीं, मुझे उनके नामों की कोई परवाह नहीं है; उनसे मुझे कुछ मिलने वाला नहीं है। क्या तुम गाओगे?

AMIENS.

More at your request than to please myself.

ऐमीयेन्स

खुद की ख़ुशी से ज्यादा इसे मैं तुम्हारी प्रार्थना पर गाऊंगा।

JAQUES.

Well then, if ever I thank any man, I'll thank you; but that they call compliment is like th' encounter of two dog-apes; and when a man thanks me heartily, methinks have given him a penny, and he renders me the beggarly thanks. Come, sing; and you that will not, hold your tongues.

जॉक

तो ठीक है, यदि मैं कभी किसी आदमी को धन्यवाद करूंगा तो तुम्हें करूंगा। लेकिन वे कहते हैं एक दूसरे को महत्व देना दो वनमानुषों के गले मिलने जैसा है। और जब एक आदमी मुझे दिल से धन्यवाद देता है तो मैं सोचता हूँ, मानो उसे मैंने एक पैसा

दिया हो और बदले में वह मुझे भिखारियों की तरह धन्यवाद देता है। चलो, तुम गाना गाओ और बाकी लोग जो नहीं गायेंगे वे अपनी जुबानें बंद रखें।

AMIENS.

Well, I'll end the song. Sirs, cover the while; the Duke will drink under this tree. He hath been all this day to look you.

ऐमीयेन्स

अच्छी बात है, मैं गाने को पूरा करूंगा। भद्रजनों, इस दौरान आप खाने की मेज को सज़ा लें। तब तक हमारे ड्यूक इस पेड़ के नीचे पेय लेंगे। सारा दिन वह तुम्हारा ही इन्तज़ार करते रहे हैं।

JAQUES.

And I have been all this day to avoid him. He is to disputable for my company. I think of as many matters as he; but I give heaven thanks, and make no boast of them. Come, warble, come.

जॉक

और पूरे दिन मैं उनसे बचने की कोशिश करता रहा। मेरी संगति के लिए वह विवाद-कारक हैं। मैं भी उन तमाम बातों को सोचता हूँ जिसे वह सोचते हैं, परन्तु मैं ऊपरवाले को धन्यवाद देता हूँ कि उन बातों को लेकर मैं शेखी नहीं बघारता। चलो, गीत गाओ, चलो।

[All together here sing]

[यहाँ सभी लोग एक साथ गाते हैं]

SONG

Who doth ambition shun,

And loves to live i' th' sun,

Seeking the food he eats,

And pleased with what he gets,

Come hither, come hither, come hither.

Here shall he see

No enemy

But winter and rough weather.

[गीत]

जो कोई महत्वाकांक्षा को दूर रखता है,

और जिसे धूप में जीना पसंद है,

जो अपने खाने को खुद खोजता है,

और उसमें संतुष्ट होता है जो उसे मिलता है।

यहाँ आये, यहाँ आये, यहाँ आये।

ठंड और खराब मौसम के सिवाय,

यहाँ उसे कोई शत्रु दिखाई नहीं देगा।

JAQUES.

I'll give you a verse to this note that I made yesterday in despite of my invention.

जॉक

इस टिप्पणी पर मैं तुम्हें एक कविता दूंगा जिसे मैंने कल लिखा था हालांकि इसमें कल्पना-शीलता नहीं है।

AMIENS.

And I'll sing it. (taking paper from JAQUES) Thus it goes:

If it do come to pass

That any man turn ass,

Leaving his wealth and ease

A stubborn will to please,

Ducdame, ducdame, ducdame;

Here shall he see

Gross fools as he,

An if he will come to me.

ऐमीयेन्स

और मैं इसे गाऊंगा। (जॉक से कागज को लेते हुए) - यह कुछ ऐसे है :

यदि ऐसा हो जाए

कि कोई आदमी गधे में तब्दील हो जाए,

अपनी सुख-सुविधाएं और दौलत छोड़ दे

ताकि वह अपनी जिद पूरी कर सके,

दुकडैम, दुकडैम, दुकडैम;

यहाँ वह देखेगा

अपने जैसे ही मूर्खों को,

और यदि वह चाहे तो मेरे पास आ सकता है।

AMIENS.

What's that 'ducdame'?

ऐमीयेन्स

यह 'दुकडैम' क्या है?

JAQUES.

'Tis a Greek invocation, to call fools into a circle. I'll go sleep, if I can; if I cannot, I'll rail against all the first-born of Egypt.

जॉक

यह एक यूनानी प्रार्थना है, मूर्खों को एक घेरे के भीतर बुलाने के लिए। मैं सोने जा रहा हूँ, यदि मैं सो सका। यदि नहीं सो सका तो मैं मिश्र की सभी पहली सन्तानों को बद्दुआ दूंगा।

AMIENS.

And I'll go seek the Duke; his banquet is prepared.

ऐमीयेन्स

और मैं जाकर ड्यूक को देखता हूँ; उनका रात्रिभोज तैयार हो चुका है।

[Exeunt severally]

[लोगों का भिन्न–भिन्न दिशाओं में निकास]



SCENE VI. The forest

दृश्य ६: जंगल

[Enter ORLANDO and ADAM]

[ऑरलैंडो और ऐडम का प्रवेश]

ADAM.

Dear master, I can go no further. O, I die for food! Here lie I down, and measure out my grave. Farewell, kind master.

ऐडम

प्यारे मालिक, मैं और आगे नहीं चल सकता। ओह, मैं भूख से मर रहा हूँ! मैं यहीं लेट जाता हूँ, और अपनी कब्र में जगह लेता हूँ। अलविदा, नेक मालिक।

ORLANDO.

Why, how now, Adam! No greater heart in thee? Live a little; comfort a little; cheer thyself a little. If this uncouth forest yield anything savage, I will either be food for it or bring it for food to thee. Thy conceit is nearer death than thy powers. For my sake be comfortable; hold death awhile at the arm's end. I will here be with the presently; and if I bring thee not something to eat, I will give thee leave to die; but if thou diest before I come, thou art a mocker of my labour. Well said! thou look'st cheerly; and I'll be with thee quickly. Yet thou liest in the bleak air. Come, I will bear thee to some shelter; and thou shalt not die for lack of a dinner, if there live anything in this desert. Cheerly, good Adam!

ऑरलैंडो

अरे, अब क्या, ऐडम? क्या तुममें थोड़ी भी हिम्मत नहीं बची? कुछ हिम्मत रखो, थोड़ा आराम कर लो, खुद को थोड़ी हिम्मत बंधाओ। इस अंजान जंगल में यदि मुझे कोई जंगली जानवर मिलता है, तो या तो मैं उसका भोजन बन जाऊँगा या उसे तुम्हारे खाने के लिए लेकर आऊंगा। अभी मौत तुम्हारे उतने करीब नहीं है जितना तुम

सोचते हो। मेरी खातिर तुम यहाँ आराम से बैठो; कुछ देर के लिए मौत से एक हाथ की दूरी रखो। शीघ्र ही मैं यहाँ तुम्हारे साथ होऊंगा, और यदि तुम्हारे खाने के लिए मैं कुछ नहीं ला पाता हूँ, तो मैं तुम्हें मरने की इजाजत दे दूंगा। लेकिन यदि मेरे आने से पहले ही तुम मरते हो, तो तुम मेरे प्रयासों का मजाक ही उड़ाओगे। ठीक कहा न! अब तुम ठीक दिखाई दे रहे हो, और मैं शीघ्र ही तुम्हारे साथ होऊंगा। अभी भी तुम इस ठंड में लेटे हो। चलो, मैं तुम्हें ढोकर किसी आड़ में ले चलूँगा, और यदि इस वीराने में कोई खाना होगा तो तुम खाने की कमी से नहीं मरोगे। हिम्मत रखो, अच्छे ऐडम।

[Exeunt]

[निकास]

SCENE VII. The forest

दृश्य ७: जंगल

[A table set out.]

[खाने की तैयार मेज]

[Enter DUKE SENIOR, AMIENS, and LORDS, like outlaws]

[विधि-बहिष्कृतों की भांति ड्यूक सीनियर, ऐमीयेन्स और सामंतों का प्रवेश]

DUKE SENIOR.

I think he be transformed into a beast;

For I can nowhere find him like a man.

ड्यूक सीनियर

मैं सोचता हूँ कि वह एक जानवर में तब्दील हो गया है क्योंकि एक आदमी की तरह वह मुझे कहीं दिखाई नहीं देता है।

FIRST LORD.

My lord, he is but even now gone hence;

Here was he merry, hearing of a song.

पहला सामंत

माय लार्ड, वह अभी-अभी ही यहाँ से गया है। गाना सुनकर यहां वह खुश था।

DUKE SENIOR.

If he, compact of jars, grow musical,

We shall have shortly discord in the spheres.

Go seek him; tell him I would speak with him.

ड्यूक सीनियर

विरोधाभास गुणों की खिचड़ी वह व्यक्ति यदि संगीतमयी हो जाए, तो समझो जल्द ही हमारे बीच मतभेद होने वाला है। जाओ उसे तलाशो। उससे कहो मैं उससे बात करना चाहता हूँ।

[Enter JAQUES]

[जॉक का प्रवेश]

FIRST LORD.

He saves my labour by his own approach.

पहला सामंत

स्वयं आकर उसने मेरी ताकत खर्च होने से बचा ली।

DUKE SENIOR.

Why, how now, monsieur! what a life is this,

That your poor friends must woo your company?

What, you look merrily!

ड्यूक सीनियर

अरे, अब कैसे, श्रीमान! यह कैसी जिन्दगी है, कि तुम्हारी संगति के लिए तुम्हारे बेचारे साथियों को विनती करनी पड़ती है? क्या हुआ, तुम खुश दिखाई देते हो!

JAQUES.

A fool, a fool! I met a fool i' th' forest,

A motley fool. A miserable world!

As I do live by food, I met a fool,

Who laid him down and basked him in the sun,

And railed on Lady Fortune in good terms,

In good set terms- and yet a motley fool.

'Good morrow, fool,' quoth I; 'No, sir,' quoth he,

'Call me not fool till heaven hath sent me fortune.'

And then he drew a dial from his poke,

And, looking on it with lack-lustre eye,

Says very wisely, 'It is ten o'clock;

Thus we may see,' quoth he, 'how the world wags;

'Tis but an hour ago since it was nine;

And after one hour more 'twill be eleven;

And so, from hour to hour, we ripe and ripe,

And then, from hour to hour, we rot and rot;

And thereby hangs a tale.' When I did hear

The motley fool thus moral on the time,

My lungs began to crow like chanticleer

That fools should be so deep contemplative;

And I did laugh sans intermission

An hour by his dial. O noble fool!

A worthy fool! Motley's the only wear.

जॉक

एक विदूषक, एक मूर्ख! रंग-बिरंगी पोशाक वाले एक विदूषक से मैं जंगल में मिला था। यह कष्टप्रद संसार! जैसे खाने के सहारे मेरा जीवित रहना सच है, वैसे ही मैं एक मूर्ख से मिला था, जो जमीन पर लेटा हुआ धूप ले रहा था और अपनी किस्मत को अच्छे-भले शब्दों में, साफ़-सुथरे तरीके से कोस रहा था, फिर भी वह रंग-बिरंगी पोशाक वाला एक मूर्ख ही था। मैंने कहा "सुप्रभात मूर्ख"। उसने कहा "नहीं श्रीमान, स्वर्ग से मेरी किस्मत[44] मेरे पास आने तक मुझे मूर्ख कहकर न बुलायें।" इसके बाद

[44] आशय यह है कि मूर्ख लोगों की किस्मत उनका साथ देती है। इसलिए वक्ता ने तब तक के लिये स्वयं को मूर्ख कहलवाने से इनकार कर दिया है जब तक किस्मत उसपर मेहरबान न हो जाए।

उसने अपनी जेब से एक घड़ी निकाली और बुझी-बुझी आँखों से इसे देखा और बहुत ही बुद्धिमत्तापूर्ण ढंग से बोला "हम देख सकते हैं कि दस बज गये हैं।" उसने आगे कहा "संसार कैसे घूम रहा है। अभी एक घंटे पहले नौ बज रहे थे और एक घंटे बाद ग्यारह बज जायेंगे। और ऐसे ही एक–एक घंटे करते हुए हम पकते (बूढ़े होते) जायेंगे, और फिर घंटे-घंटे करके हम सड़ते जायेंगे-सड़ते जायेंगे। और पीछे एक कहानी छोड़ जायेंगे।" जब मैंने रंग-बिरंगी पोशाक वाले उस विदूषक को इस तरह से 'समय पर' नीतिवचन कहते हुए सुना था तो यह सोचकर कि विदूषक भी ऐसे गूढ़ चिन्तक हो सकते हैं, मैं ऐसे खिलखिला कर हंसने लगा था जैसे मुर्गे बांग दिया करते हैं। और उसकी घड़ी के हिसाब से मैं लगातार घंटे भर तक हंसता रहा। ओ काबिल विदूषक! ओ योग्य विदूषक! तुम्हारी रंगबिरंगी पोशाक ही केवल पहनने की चीज है।

DUKE SENIOR.

What fool is this?

ड्यूक सीनियर

यह विदूषक क्या है?

JAQUES.

O worthy fool! One that hath been a courtier,

And says, if ladies be but young and fair,

They have the gift to know it; and in his brain,

Which is as dry as the remainder biscuit

After a voyage, he hath strange places crammed

With observation, the which he vents

In mangled forms. O that I were a fool!

I am ambitious for a motley coat.

जॉक

एक काबिल विदूषक! जो एक दरबारी रह चुका है और वह कहता है "यदि औरतें सिर्फ जवान और सुंदर हों, तो यह बात जानने की काबिलियत वे रखती हैं।" और अपने दिमाग में वह, समुद्री यात्रा के बाद नाविक के बचे हुए सूखे बिस्कुट की

भांति[45], अंजान जगहों की यादों को अपने अवलोकनों के साथ समेटे हुए है, जिनमें वह क्षित-विक्षिप्त अवस्था में बाहर आता है। ओह, काश मैं विदूषक होता! एक रंग-बिरंगा कोट पाने का मैं इच्छुक हूँ।

DUKE SENIOR.

Thou shalt have one.

ड्यूक सीनियर

तुम्हें ऐसा कोट जरूर मिलेगा।

JAQUES.

It is my only suit,

Provided that you weed your better judgments

Of all opinion that grows rank in them

That I am wise. I must have liberty

Withal, as large a charter as the wind,

To blow on whom I please, for so fools have;

And they that are most galled with my folly,

They most must laugh. And why, sir, must they so?

The why is plain as way to parish church:

He that a fool doth very wisely hit

Doth very foolishly, although he smart,

Not to seem senseless of the bob; if not,

The wise man's folly is anatomized

Even by the squand'ring glances of the fool.

[45] सूखे बिस्कुट पर बने निशान लम्बे समय तक बने रहते हैं जब तक कि उन्हें नष्ट न कर दिया जाए।

Invest me in my motley; give me leave

To speak my mind, and I will through and through

Cleanse the foul body of th' infected world,

If they will patiently receive my medicine.

जॉक

मेरा आपसे एकमात्र निवेदन यही है, परन्तु तब जब आप यह मानना छोड़ दें कि मैं बुद्धिमान हूँ। इसके अलावा मुझे वह स्वतंत्रता, जैसी मूर्खों (विदूषकों) के पास होती है, भी दी जाए कि हवा की भांति मैं जिसे चाहूँ उड़ा सकूं। और वे लोग जो मेरी मूर्खता से सबसे ज्यादा कुपित हों उन्हें सबसे ज्यादा हंसना पड़े। और महोदय, क्या वे ऐसा करेंगे? यहाँ "क्या" शब्द उतना ही सीधा है जैसे पादरी की चर्च में जाने का रास्ता : वह व्यक्ति, जिस पर विदूषक बहुत ही चतुराई से वार करता है, वास्तव में बहुत ही मूर्खतापूर्ण तरीके से काम करता है, यदि सम्मान के लिए वह संवेदनशून्य प्रतीत नहीं होता है, भले ही वह होशियार हो। यदि ऐसा नहीं होता, तो मूर्ख (विदूषक) की विदीर्ण करने वाली नजरों से उस बुद्धिमान व्यक्ति की मूर्खता का बारीकी से परीक्षण हो जाएगा[46]। रंग-बिरंगी पोशाक में मुझे तैयार होने दें। मुझे अपने मन की बात कहने की अनुमति दें, और मैं इस संक्रमित दुनिया की दूषित काया की पूरी तरह सफाई कर दूंगा, यदि वे धैर्यपूर्वक मेरी औषधि को ग्रहण करेंगे।

DUKE SENIOR.

Fie on thee! I can tell what thou wouldst do.

ड्यूक सीनियर

धिक्कार है तुम पर! मैं बता सकता हूँ कि तुम क्या कर सकते हो।

JAQUES.

---

[46] तात्पर्य यह है कि यदि किसी व्यक्ति की उसके किसी काम के लिए आलोचना की जाए और वह उस आलोचना पर अपने सम्मान के लिए संवेदनशून्य दिखाई न दे तो इसका अर्थ है कि उसने जानबूझकर वह काम किया है जिसके लिए उसकी आलोचना हो रही है। और यदि वह व्यक्ति उस काम के लिए संवेदनशून्य है तो इसका अर्थ यह है कि वह व्यक्ति अपने काम के सम्भावी परिणाम को नहीं जानता था और मूर्खता करते हुए उसने उस काम को किया था तब वह वाकई मूर्ख है। व्यक्ति की संवेदनशून्यता उसकी मूर्खता या बुद्धिमत्ता का बारीकी से परीक्षण कर देगी।

What, for a counter, would I do but good?

जॉक

क्या, जरा बताएं, अच्छा करने के सिवाय मैं क्या कर सकता हूँ?

DUKE SENIOR.

Most Mischievous foul sin, in chiding sin;

For thou thyself hast been a libertine,

As sensual as the brutish sting itself;

And all th' embossed sores and headed evils

That thou with license of free foot hast caught

Wouldst thou disgorge into the general world.

ड्यूक सीनियर

(दूसरों को) पापों के लिए फटकारना, सबसे अधिक शैतानियत-भरा गंदा पाप है। क्योंकि तुम स्वयं एक व्याभिचारी रह चुके हो, इतने कामुक जितना एक पशु उकसाने पर होता है। और इस आजादी की आड़ में, सभी पुराने घाव और सिर उठाती तुम्हारी अंदरूनी बुराइयाँ तुम्हें जकड़ लेंगी, जिसे तुम इस साधारण जगत पर वापस उलट दोगे।

JAQUES.

Why, who cries out on pride

That can therein tax any private party?

Doth it not flow as hugely as the sea,

Till that the wearer's very means do ebb?

What woman in the city do I name

When that I say the city-woman bears

The cost of princes on unworthy shoulders?

Who can come in and say that I mean her,

When such a one as she such is her neighbour?

Or what is he of basest function

That says his bravery is not on my cost,

Thinking that I mean him, but therein suits

His folly to the mettle of my speech?

There then! how then? what then? Let me see wherein

My tongue hath wronged him: if it do him right,

Then he hath wronged himself; if he be free,

Why then my taxing like a wild-goose flies,

Unclaimed of any man. But who comes here?

जॉक

अरे, गर्व का विरोध करने वाले व्यक्ति पर कोई व्यक्ति विशेष दोष कैसे मढ़ सकता है? क्या यह (झूठे गर्व की समस्या) समुद्र की वृहदता की भांति नहीं फ़ैल रही है जो भाटे में हर एक चीज को क्लान्त कर देता है? शहर में एक औरत क्या करती है मैं बताता हूँ, जब मैं यह कहता हूँ कि शहरी-औरत ने अपने तुच्छ कंधों पर राजकुमारों को शोभा देने वाला वस्त्र पहना है! तो कौन सामने आयेगा और कहेगा कि मेरा इशारा उससे है, जब ऐसी औरत, जैसी वह है, पहनावे में अपनी पड़ोसी जैसी हो? या निम्न जीवन जीने वाला कोई व्यक्ति, यह सोचकर कि मेरा आशय उससे है, यह कहता है कि उसकी ब्रेवरी[47] मेरी समस्या नहीं है, तो ऐसे में उसकी मूर्खता उजागर हो क्या यह मेरे कथन की भावना है? तब वहां, तब कैसे, तब क्या? मुझे बतायें कि कहाँ मेरी जीभ ने उसके साथ गलत किया। यदि इसने (जबान ने) उसके साथ सही किया तब उसने खुद ही अपने साथ गलत किया। यदि वह दोषी नहीं होगा, तो क्या मेरे आरोप उन जंगली बत्तखों की भांति, जिनका कोई आदमी दावा नहीं करता, उड़ नहीं जायेंगे। लेकिन इधर कौन आ रहा है?

[Enter ORLANDO with his sword drawn]

[47] ब्रेवरी (Bravery) – महँगे किस्म के कपड़े

[हाथ में अपनी तलवार लिए हुए ऑरलैंडो का प्रवेश]

ORLANDO.

Forbear, and eat no more.

ऑरलैंडो

रुको, और अब और मत खाओ।

JAQUES.

Why, I have eat none yet.

जॉक

अरे, अभी तो मैंने कुछ नहीं खाया है।

ORLANDO.

Nor shalt not, till necessity be served.

ऑरलैंडो

और न ही खाओगे, जब तक एक जरूरतमंद न खा ले।

JAQUES.

Of what kind should this cock come of?

जॉक

बेसिर पैर की बात करने वाला यह आदमी कहाँ से आया है?

DUKE SENIOR.

Art thou thus boldened, man, by thy distress? Or else a rude despiser of good manners,

That in civility thou seem'st so empty?

ड्यूक सीनियर



तुम इतना निर्भय बर्ताव, अपनी कठिनाई के कारण कर रहे हो? या अच्छे तौर-तरीकों से घृणा करने वाले एक अशिष्ट व्यक्ति हो, जो तुममें शिष्टता का इतना अभाव दिखाई देता है?

ORLANDO.

You touched my vein at first: the thorny point

Of bare distress hath ta'en from me the show

Of smooth civility; yet am I inland bred,

And know some nurture. But forbear, I say;

He dies that touches any of this fruit

Till I and my affairs are answered.

ऑरलैंडो

आपने पहली ही बार में मेरी नब्ज पकड़ ली। स्पष्ट हताशा के चुभते काँटों ने मुझसे मेरी सारी शिष्टता को छीन लिया है। हालांकि मैं देश के अंदर ही पला-बढ़ा हूँ, और थोड़ा पढ़ना-लिखना भी जानता हूँ। लेकिन रुको, मैं कहता हूँ। जब तक मुझे मेरा जवाब न मिल जाए और मेरा काम पूरा न हो जाए, जो कोई इस फल को तनिक भी छूएगा वह मारा जायेगा।

JAQUES.

An you will not be answered with reason, I must die.

जॉक

और तुम्हें तुम्हारा युक्तियुक्त जवाब नहीं मिला, तो मुझे मरना होगा।

DUKE SENIOR.

What would you have?

Your gentleness shall force

More than your force move us to gentleness.

ड्यूक सीनियर

तुम क्या लेना पसंद करोगे? तुम्हारे बलप्रयोग की तुलना में तुम्हारी शिष्टता हमें तुमसे शिष्टता बरतने के लिए ज्यादा प्रेरित करेगी।

ORLANDO.

I almost die for food, and let me have it.

ऑरलैंडो

मैं खाने के लिए लगभग मर रहा हूँ, और मुझे इसे लेने दो।

DUKE SENIOR.

Sit down and feed, and welcome to our table.

ड्यूक सीनियर

बैठो और खाना खाओ, और हमारी टेबल पर तुम्हारा स्वागत है।

ORLANDO.

Speak you so gently? Pardon me, I pray you;

I thought that all things had been savage here,

And therefore put I on the countenance

Of stern commandment. But whate'er you are

That in this desert inaccessible,

Under the shade of melancholy boughs,

Lose and neglect the creeping hours of time;

If ever you have looked on better days,

If ever been where bells have knolled to church,

If ever sat at any good man's feast,

If ever from your eyelids wiped a tear,

And know what 'tis to pity and be pitied,

Let gentleness my strong enforcement be;

In the which hope I blush, and hide my sword.

ऑरलैंडो

आप इतनी शिष्टता से बात करते हैं? मैं विनती करता हूँ, मुझे क्षमा करें। मैंने सोचा था कि यहाँ उपस्थित सारी चीजें जंगलीपना लिए होंगी और इसलिए कठोरता से आदेश देने की भावभंगिमा मैंने बनायी थी। आप जो कोई भी हों किन्तु इस अगम्य वीराने में गहरी उदासी की शाखाओं की छाया के नीचे रह रहे हैं, जहाँ समय सुस्ती से और उपेक्षित तरीके से सरकता है; यदि आपने अपनी जिन्दगी में कभी अच्छे दिनों को देखा हो, यदि कभी आपने उस चर्च में जहां घंटियां लगी हों समय बिताया हो, यदि आप कभी किसी अच्छे आदमी के यहाँ भोजन करने के लिए बैठे हों, यदि कभी आँखों की पलकों से आपने अपने आंसू को पोंछा हो, और यदि आप जानते हों कि दया करना क्या होता है और दया पाना क्या होता है, तो शिष्टता मेरी ताकत बने। इसी उम्मीद से, मैं अपने कठोर बर्ताव के लिए लज्जित हूँ और अपनी तलवार को छिपाता हूँ।

DUKE SENIOR.

True is it that we have seen better days,

And have with holy bell been knolled to church,

And sat at good men's feasts, and wiped our eyes

Of drops that sacred pity hath engendered;

And therefore sit you down in gentleness,

And take upon command what help we have

That to your wanting may be ministered.

ड्यूक सीनियर

यह सच है कि हमने अच्छे दिन देखें हैं और चर्च की पवित्र घंटियों के बीच समय बिताया है और हम अच्छे लोगों के भोजों पर बैठे थे, और हमने अपनी आँखों से उन आंसुओं को पोंछा था जिसे पवित्र दया ने पैदा किया, और इसलिए तुम आराम से बैठो, और यह बताओ कि हम तुम्हारी क्या मदद करें जिससे तुम्हारी जरूरतों को पूरा किया जा सके।

ORLANDO.

Then but forbear your food a little while,

Whiles, like a doe, I go to find my fawn,

And give it food. There is an old poor man

Who after me hath many a weary step

Limped in pure love; till he be first sufficed,

Oppressed with two weak evils, age and hunger,

I will not touch a bit.

ऑरलैंडो

तब केवल कुछ देर के लिए आप भोजन न लें, इस दौरान, एक (माँ) हिरनी की भांति मैं अपने प्रिय का पता लगाने जाता हूँ और उसे भोजन देता हूँ। वहाँ एक बेचारा बूढ़ा आदमी है जिसने सच्चे प्रेम में, मुश्किल से चलते हुए कितने ही थकाऊ कदम मेरे पीछे उठाये हैं। कमजोर करने वाली दो बुराइयों, बुढ़ापे और भूख, से उत्पीड़ित वह बूढ़ा जब तक संतुष्ट होकर सबसे पहले खाना न खा ले तब तक मैं एक टुकड़ा भी नहीं छूऊंगा।

DUKE SENIOR.

Go find him out.

And we will nothing waste till you return.

ड्यूक सीनियर

जाओ उसे ढूंढ निकालो और तुम्हारी वापसी तक हम कुछ भी नहीं छूएंगे।

ORLANDO.

I thank you; and be blest for your good comfort!

ऑरलैंडो

मैं आपका धन्यवाद करता हूँ; और आपकी अच्छी सांत्वना के लिए ईश्वर आपका भला करे!

[Exit]

[निकास]

DUKE SENIOR.

Thou seest we are not all alone unhappy:

This wide and universal theatre

Presents more woeful pageants than the scene

Wherein we play in.

ड्यूक सीनियर

देखा तुमने हम अकेले नहीं हैं जो दुःखी हों; यह विशाल और विश्वव्यापी रंगमंच उस दृश्य, जिसमें हम भाग ले रहे हैं, की तुलना में ज्यादा दुःखद नाटकों को प्रस्तुत करता है।

JAQUES.

All the world's a stage,

And all the men and women merely players;

They have their exits and their entrances;

And one man in his time plays many parts,

His acts being seven ages. At first the infant,

Mewling and puking in the nurse's arms;

Then the whining school-boy, with his satchel

And shining morning face, creeping like snail

Unwillingly to school. And then the lover,

Sighing like furnace, with a woeful ballad

Made to his mistress' eyebrow. Then a soldier,

Full of strange oaths, and bearded like the pard,

Jealous in honour, sudden and quick in quarrel,

Seeking the bubble reputation

Even in the cannon's mouth. And then the justice,

In fair round belly with good capon lined,

With eyes severe and beard of formal cut,

Full of wise saws and modern instances;

And so he plays his part. The sixth age shifts

Into the lean and slippered pantaloon,

With spectacles on nose and pouch on side,

His youthful hose, well saved, a world too wide

For his shrunk shank; and his big manly voice,

Turning again toward childish treble, pipes

And whistles in his sound. Last scene of all,

That ends this strange eventful history,

Is second childishness and mere oblivion;

Sans teeth, sans eyes, sans taste, sans every thing.

जॉक

सारा संसार एक रंगमंच है, तथा सारे आदमी और औरतें केवल इसके किरदार। उनका अपना निकास और प्रवेश है, और एक आदमी अपने समय में कई किरदारों को अदा करता है, उसके किरदार सात नाटकांकों में बंटे होते हैं। सबसे पहले वह शिशु होता है, नर्स की गोद में रोता है और उल्टियां करता है। उसके बाद सुबह की आभायुक्त चेहरे वाला वह, स्कूली-बस्ता लिए हुए ना-नुकुर करने वाला एक स्कूली बच्चा होता है जो घोघें की तरह रेंगते हुए अनिच्छापूर्वक स्कूल जाता है। और उसके बाद वह एक प्रेमी होता है, जो अपनी प्रेमिका के भौंह दिखाने पर उसके (प्रेमिका के) लिए लिखे गये दुःखद प्रेमगीत के साथ भट्टी की तरह आहें भरता है। इसके बाद वह एक सैनिक होता है, जिसने की तरह-तरह की कसमें खायी होती हैं और एक तेंदुए की तरह दाढ़ी रखे रहता है और सम्मान की रक्षा के लिए सतर्क रहता है, अचानक से

और तुरंत हुए झगड़े में तैयार रहता है, तोप के मुंह के सामने खड़ा होकर भी बुलबुले के समान क्षणिक प्रतिष्ठा को वह खोजता है। और उसके बाद वह कठोर आँखों और सुव्यवस्थित दाढ़ी वाला एक न्यायाधीश होता है, जिसकी सुस्पष्ट गोल तोंद हर तरह की रिश्वत लेने से बनी होती है, जो बुद्धिमत्तापूर्ण बातों से परिपूर्ण और आधुनिकतम दृष्टान्तों की पूरी जानकारी रखता है, और ऐसे वह अपने किरदार को निभाता है। छठी अवस्था में वह झुका हुआ नाक पर चश्मा लगाये हुए, लम्बी जुराबें-पतलून और चप्पल पहने हुए, बगल में एक तरफ थैली दबाए हुए होता है, उसकी जवानी की जुराबें, जिसे उसने सम्भाल कर रखा था, उसकी सिकुड़ी हुयी पिण्डलियों के लिए काफी ढीली हो जाती हैं, और उसकी जोरदार मर्दाना आवाज फिर से ऊंचे स्वर की बचकानी आवाज में बदल जाती है, उसकी आवाज में घुरघुराहट होने लगती है और सीटियाँ बजने लगती हैं। और इन सबका अंतिम दृश्य, जो इस विचित्र घटनापूर्ण इतिहास का समापन करता है, दूसरा बचपन और केवल विस्मृतावस्था है: जहां वह दांतों, आँखों, स्वाद और हर चीज की अनुभूति से रहित होता है।

[Re-enter ORLANDO with ADAM]

[ऑरलैंडो का ऐडम के साथ पुनः प्रवेश]

DUKE SENIOR.

Welcome. Set down your venerable burden.

And let him feed.

ड्यूक सीनियर

स्वागत है। अपने पूज्य को नीचे उतारकर बैठाओ और उसे खाने दो।

ORLANDO.

I thank you most for him.

ऑरलैंडो

उनके लिए मैं आपका तहेदिल से धन्यवाद करता हूँ।

ADAM.

So had you need; (to DUKE) I scarce can speak to thank you for myself.

ऐडम

आपको जो चाहिए था मिल गया। (ड्यूक से) अपने लिए मैं आपको, मुश्किल से धन्यवाद ही कह सकता हूँ।

DUKE SENIOR.

Welcome; fall to. I will not trouble you

As yet to question you about your fortunes.

Give us some music; and, (to AMIENS) good cousin, sing.

ड्यूक सीनियर

स्वागत है; खाना खाओ। मैं अभी तुमसे तुम्हारी किस्मत के बारे में सवाल पूछकर तुम्हें परेशान नहीं करूंगा। कुछ संगीत सुनाओ; और, (ऐमीयेन्स से) अच्छे भाई, गाना गाओ।

AMIENS

(SINGS)

Blow, blow, thou winter wind.

Thou art not so unkind As man's ingratitude;

Thy tooth is not so keen, Because thou art not seen, Although thy breath be rude.

Heigh-ho! sing heigh-ho! unto the green holly.

Most friendship is feigning, most loving mere folly.

Then, heigh-ho, the holly! This life is most jolly.

Freeze, freeze, thou bitter sky, That dost not bite so nigh As benefits forgot;

Though thou the waters warp, Thy sting is not so sharp As friend remembered not.

Heigh-ho! sing heigh-ho! unto the green holly.

Most friendship is feigning, most loving mere folly.

Then heigh-ho, the holly! This life is most jolly.

ऐमीयेन्स

(गाता है)

बहो, बहो, तुम शीत लहर।

तुम वैसी निर्दयी नहीं हो जैसी आदमी की अकृतज्ञता होती है,

तुम्हारे दाँत बहुत पैने नहीं हैं, क्योंकि तुम दिखाई नहीं देती हो,

हालांकि तुम्हारी साँसे बहुत ही निर्दयी हैं।

हे-हो! गाओ, हे-हो! इन सदाबहार शूलपर्णी पेड़ों के बीच।

गहरी दोस्ती दिखावा है, गहरा प्यार केवल मूर्खता।

फिर से हे-हो! गाओ, हे-हो! इन सदाबहार शूलपर्णी पेड़ों के बीच।

यह जिन्दगी बहुत खुशगवार है।

जमना, जमना तुम निर्दयी आसमान.

तुम्हारे दंश उतने कष्टदायी नहीं हैं,

जितने कि भुलाए गये अहसान;

यद्यपि तुम पानी को बाँध सकते हो[48],

लेकिन तुम्हारी डोर वैसी बारीक नहीं है जैसे भुलाया गया मित्र।

हे-हो! गाओ, हे-हो! इन सदाबहार शूलपर्णी पेड़ों के बीच।

गहरी दोस्ती दिखावा है, गहरा प्यार केवल मूर्खता।

फिर से हे-हो! गाओ, हे-हो! इन सदाबहार शूलपर्णी पेड़ों के बीच।

यह जिन्दगी बहुत खुशगवार है।

DUKE SENIOR.

[48] पानी को जमा सकते हो।

If that you were the good Sir Rowland's son,

As you have whispered faithfully you were,

And as mine eye doth his effigies witness

Most truly limned and living in your face,

Be truly welcome hither. I am the Duke

That loved your father. The residue of your fortune,

Go to my cave and tell me. – *(to ADAM.)* Good old man,

Thou art right welcome as thy master is.

Support him by the arm. Give me your hand,

And let me all your fortunes understand.

ड्यूक सीनियर

यदि तुम वाकई, नेक सर रोलैंड के लड़के हो, जैसा कि तुमने फुसफुसाकर निष्ठापूर्वक कहा है कि तुम हो, और जैसे मेरी आँखें तुम्हारे चेहरे में उनकी प्रतिमा को बहुत ही सच्चे जीवन्त चित्रण के रूप में देख रही हैं, तुम्हारा यहाँ सच्चे दिल से स्वागत है। मैं वह ड्यूक हूँ जो तुम्हारे पिता को पसंद करता था। अपनी शेष आपबीती तुम मुझसे मेरी गुफा में कहो। - *(ऐडम से)* अच्छे बूढ़े आदमी, तुम्हारा यहाँ तुम्हारे मालिक जितना ही स्वागत है। उसे हाथ से सहारा दो। मुझे अपना हाथ दो, और मुझे अपनी सारी आपबीती से अवगत कराओ।

[Exeunt]

[निकास]

ACT III.

नाटकांक ३

SCENE I. The palace

दृश्य १: महल में

[Enter DUKE FREDERICK, OLIVER, and LORDS]

[ड्यूक फ्रेडेरिक, ऑलिवर और सामंतों का प्रवेश]

FREDERICK.

Not see him since! Sir, sir, that cannot be.

But were I not the better part made mercy,

I should not seek an absent argument

Of my revenge, thou present. But look to it:

Find out thy brother wheresoe'er he is;

Seek him with candle; bring him dead or living

Within this twelvemonth, or turn thou no more

To seek a living in our territory.

Thy lands and all things that thou dost call thine

Worth seizure do we seize into our hands,

Till thou canst quit thee by thy brother's mouth

Of what we think against thee.

फ्रेडेरिक

तबसे[49] तुमने उसे नहीं देखा? महोदय, महोदय, ऐसा नहीं हो सकता। यदि मेरे अच्छाई वाले हिस्से ने दया न की होती तो मैं अपने बदले के बारे में खोखली बातें नहीं करता बल्कि तुम्हें दण्डित करता। लेकिन तुम इस मामले को देखो : अपने भाई का पता लगाओ, चाहे वह जहाँ भी हो। मोमबत्ती लेकर उसे तलाशो। उसे इस बारहवें महीने के अंत तक जिन्दा या मुर्दा लेकर आओ अन्यथा हमारे राज्य क्षेत्र में आकर रहने के बारे में कभी सोचना भी मत। तुम्हारी जमीनें और वे सभी चीजें जिन्हें तुम अपना कहते हो जब्त करने योग्य हैं, उन्हें हम अपने हाथों, तब तक के लिए जब्त करते हैं जब तक कि तुम स्वयं को, अपने भाई के मुंह से यह उगलवाकर, दोष मुक्त नहीं करा लेते कि हम तुम्हारे विरुद्ध जो सोचते हैं वह गलत है।

OLIVER.

O that your Highness knew my heart in this!

I never loved my brother in my life.

ऑलिवर

ओह, काश 'योर हाइनेस' इस मामले में मेरे दिल की बात जान पाते! मैंने अपनी जिन्दगी में कभी अपने भाई को नहीं चाहा है।

FREDERICK.

More villain thou. - Well, push him out of doors;

And let my officers of such a nature

Make an extent upon his house and lands.

Do this expediently, and turn him going.

फ्रेडेरिक

तब तुम ज्यादा बड़े खलनायक हो। - खैर, उसे दरवाजे से बाहर निकालो; और मेरे (जब्ती करने वाले) अधिकारियों को उसके मकान और जमीनों को जब्त करने दो। तुरंत ही ऐसा करो, और उसे जाने दो।

[49] कुश्ती के बाद से

[Exeunt]

[निकास]



SCENE II. The forest

दृश्य २: जंगल

[Enter ORLANDO, with a paper]

[एक कागज के साथ ऑरलैंडो का प्रवेश]

ORLANDO.

Hang there, my verse, in witness of my love;

And thou, thrice-crowned Queen of Night, survey

With thy chaste eye, from thy pale sphere above,

Thy huntress' name that my full life doth sway.

O Rosalind! these trees shall be my books,

And in their barks my thoughts I'll character,

That every eye which in this forest looks

Shall see thy virtue witnessed every where.

Run, run, Orlando; carve on every tree,

The fair, the chaste, and unexpressive she.

ऑरलैंडो

वहां लटको, मेरी कविता, मेरे प्यार की गवाही में।

और ऊपर आसमान से अपनी चाँदनी में, ऐ रात की रानी चन्द्रमा[50],

तुम अपनी पवित्र आँख से, उस शिकारी को खोजो,

जिसने मेरी पूरी जिन्दगी को झकझोड़ दिया है।

ओ रोज़लिंड! ये पेड़ मेरी किताबें होंगे,

[50] यूनानी और रोमन लोक कथाओं में चन्द्रमा को देवी डायना के नाम से जाना जाता है।

और उनकी छालों पर मैं अपने ख्यालों को लिखूंगा,

ताकि हर वह आँख, जो इस जंगल को देखती है,

वह देखेगी तुम्हारे गुण हर जगह मौजूद हैं।

चलो, चलो, ऑरलैंडो, हर पेड़ पर तराश कर लिख दो

उसकी सुन्दरता, उसकी पवित्रता, और उसकी अवर्णनीयता को।

[Exit]

[निकास]

[Enter CORIN and TOUCHSTONE]

[कॉरिन और टचस्टोन का प्रवेश]

CORIN.

And how like you this shepherd's life, Master Touchstone?

कॉरिन

और मालिक टचस्टोन, आपको गड़ेरिये की यह जिन्दगी कितनी पसंद है?

TOUCHSTONE.

Truly, shepherd, in respect of itself, it is a good life; but in respect that it is a shepherd's life, it is nought. In respect that it is solitary, I like it very well; but in respect that it is private, it is a very vile life. Now in respect it is in the fields, it pleaseth me well; but in respect it is not in the court, it is tedious. As it is a spare life, look you, it fits my humour well; but as there is no more plenty in it, it goes much against my stomach. Hast any philosophy in thee, shepherd?

टचस्टोन

सचमुच, गड़ेरिये, इसके खुद के सम्बन्ध में; यह एक अच्छी जिन्दगी है; लेकिन क्योंकि यह एक गड़ेरिये की जिन्दगी है, यह कुछ नहीं है। क्योंकि इसमें अकेलापन है, मैं इसे बहुत पसंद करता हूँ; लेकिन क्योंकि इसमें निजता है, यह एक बेहद घृणित जीवन है। अब क्योंकि यह मैदानी जीवन है, इसने मुझे काफी आनन्दित किया है

लेकिन क्योंकि यह दरबारी जिन्दगी नहीं है, यह थकाऊ है। जैसे यह एक खाली-जीवन है, तुम देखो, यह मेरे स्वभाव के अनुकूल है; लेकिन जैसे कि इसमें ज्यादा विविधता नहीं है, यह बात मुझे नहीं पचती। गड़ेरिये, क्या (इसे लेकर) तुममें कोई दार्शनिकता है?

CORIN.

No more but that I know the more one sickens the worse at ease he is; and that he that wants money, means, and content, is without three good friends; that the property of rain is to wet, and fire to burn; that good pasture makes fat sheep; and that a great cause of the night is lack of the sun; that he that hath learned no wit by nature nor art may complain of good breeding, or comes of a very dull kindred.

कॉरिन

नहीं लेकिन मैं जानता हूँ, कि कोई ज्यादा बीमार होता है तो वह ज्यादा बुरा महसूस करता है; और यह कि वह जो पैसा, साधन और संतुष्टि चाहता है, उसके पास ये तीन अच्छे दोस्त नहीं होते; साथ ही यह कि बारिश का गुण चीजों को गीला करना है और आग का जलाना है; यह कि अच्छे चरागाह भेड़ों को मोटा कर देते हैं; और यह कि रात होने का एक बड़ा कारण सूरज का न होना है, और यह कि वह जिसने प्रकृति से कोई समझ नहीं सीखी है और न ही जिसमें कोई हुनर है वही व्यक्ति, अच्छी परवरिश न होने की शिकायत कर सकता है या खुद को बहुत ही मंद-बुद्धि सजातीय परिवार की पैदाइश होना बता सकता है।

TOUCHSTONE.

Such a one is a natural philosopher. Wast ever in court, shepherd?

टचस्टोन

ऐसा सहज दार्शनिक। गड़ेरिये, क्या तुम कभी दरबार में थे?

CORIN.

No, truly.

कॉरिन

नहीं! सचमुच।

TOUCHSTONE.

Then thou art damned.

टचस्टोन

तब तुम शापित हो।

CORIN.

Nay, I hope.

कॉरिन

नहीं, मैं आशा करता हूँ।

TOUCHSTONE.

Truly, thou art damned, like an ill-roasted egg, all on one side.

टचस्टोन

सचमुच, तुम उस आधे सेंके गये अंडे की तरह शापित हो, जिसे केवल एक तरफ सेंका गया है।

CORIN.

For not being at court? Your reason.

कॉरिन

दरबार में न होने के लिए? आपके तर्क से।

TOUCHSTONE.

Why, if thou never wast at court thou never saw'st good manners; if thou never saw'st good manners, then thy manners must be wicked; and wickedness is sin, and sin is damnation. Thou art in a parlous state, shepherd.

टचस्टोन

अरे, यदि तुम कभी दरबार में नहीं गये तो तुमने कभी शिष्टाचार को नहीं देखा; यदि तुमने कभी शिष्टाचार को नहीं देखा तो तुम्हारा आचरण दुष्टतापूर्ण होगा और दुराचरण पाप है, और पाप नर्कदण्ड देता है। गड़ेरिये, तुम एक संकटपूर्ण स्थिति में हो।

CORIN.

Not a whit, Touchstone. Those that are good manners at the court are as ridiculous in the country as the behaviour of the country is most mockable at the court. You told me you salute not at the court, but you kiss your hands; that courtesy would be uncleanly if courtiers were shepherds.

कॉरिन

तनिक भी नहीं, टचस्टोन। दरबार का शिष्टाचार देश में वैसे ही हास्यास्पद है जैसे देश के लोगों का आचरण दरबार में सर्वाधिक उपहास-योग्य होता है। आपने मुझे बताया कि आप दरबार में सलामी नहीं करते बल्कि अपने हाथों को चूमते हैं। ऐसी शिष्टता अस्वच्छता बरतना कहलाता यदि दरबारी गड़ेरिये होते।

TOUCHSTONE.

Instance, briefly; come, instance.

टचस्टोन

संक्षेप में, उदाहरण दो; चलो, उदाहरण दो।

CORIN.

Why, we are still handling our ewes; and their fells, you know, are greasy.

कॉरिन

अरे, हम अभी भी अपनी भेड़ों को संभाले हुए हैं; और उनके बाल, आप जानते ही हैं, वे तैलीय होते हैं।

TOUCHSTONE.

Why, do not your courtier's hands sweat? And is not the grease of a mutton as wholesome as the sweat of a man? Shallow, shallow. A better instance, I say; come.

टचस्टोन

अरे, क्या तुम्हारे दरबारियों के हाथों से पसीना नहीं निकलता? और क्या एक भेड़ के शरीर से निकलने वाला तेल उतना ही स्वास्थ्यकर नहीं होता है जितना एक आदमी का पसीना? खोखला उदाहरण, खोखला उदाहरण। मैं कहता हूँ, चलो, एक बेहतर उदाहरण दो।

CORIN.

Besides, our hands are hard.

कॉरिन

इसके अलावा, हमारे हाथ सख्त हैं।

TOUCHSTONE.

Your lips will feel them the sooner. Shallow again. A more sounder instance; come.

टचस्टोन

तुम्हारे होंठ उन्हें और भी जल्दी महसूस करेंगे। फिर से खोखला उदाहरण। चलो, एक ज्यादा युक्तियुक्त उदाहरण दो।

CORIN.

And they are often tarred over with the surgery of our sheep; and would you have us kiss tar? The courtier's hands are perfumed with civet.

कॉरिन

और अपनी भेड़ों की शल्यचिकित्सा करने के कारण उनमें (हाथों में) अकसर टार[51] लगा होता है; और क्या आप चाहेंगे कि हम टार को चूमें? दरबारियों के हाथ बिलाव-कस्तूरी से सुगन्धित होते हैं।

TOUCHSTONE.

Most shallow man! thou worm's meat in respect of a good piece of flesh indeed! Learn of the wise, and perpend: civet is of a baser birth than tar- the very uncleanly flux of a cat. Mend the instance, shepherd.

टचस्टोन

सबसे ज्यादा खोखले इंसान! वाकई एक अच्छे गोश्त के टुकड़े की तुलना में तुम कीड़े के गोश्त[52] हो! बुद्धिमानों से सीखो और चिन्तन करो : बिलाव-कस्तूरी, टार से ज्यादा निकृष्ट है, जो एक बिल्ली की, की हुयी बहुत ही गंदी गंदगी है। उदाहरण को सुधारो, गड़ेरिये।

CORIN.

You have too courtly a wit for me; I'll rest.

कॉरिन

मुझे आप बहुत ही ज्यादा दरबारी वाक्पटुता दिखा रहे हैं; अब मैं आराम करूंगा।

TOUCHSTONE.

Wilt thou rest damned? God help thee, shallow man! God make incision in thee! thou art raw.

टचस्टोन

शापित होते हुए भी क्या तुम आराम करोगे? खोखले इंसान, भगवान तुम्हारी मदद करे! भगवान ही तुम्हारी (दिमागी) शल्यचिकित्सा करे! तुम अकुशल हो।

CORIN.

---

[51] टार (Tar) – तारकोल

[52] अर्थात मरने के बाद तुम्हारे गोश्त को कीड़े खायेंगे।

Sir, I am a true labourer: I earn that I eat, get that I wear; owe no man hate, envy no man's happiness; glad of other men's good, content with my harm; and the greatest of my pride is to see my ewes graze and my lambs suck.

कॉरिन

महोदय, मैं एक सच्चा श्रमिक हूँ। मैं कमाता हूँ ताकि मैं खा सकूं, पाता हूँ ताकि पहन सकूं, मैं किसी से घृणा नहीं करता, किसी की खुशियों से ईर्ष्या नहीं करता, अन्य लोगों का भला होने से खुश होता हूँ, अपनी हानि में संतुष्ट हो जाता हूँ, और मेरे लिए सबसे अधिक गौरव की बात अपनी भेड़ों को चरते हुए तथा मेमनों को दूध पीते हुये, देखना है।

TOUCHSTONE.

That is another simple sin in you: to bring the ewes and the rams together, and to offer to get your living by the copulation of cattle; to be bawd to a bell-wether, and to betray a she-lamb of a twelvemonth to crooked-pated, old, cuckoldly ram, out of all reasonable match. If thou be'st not damned for this, the devil himself will have no shepherds; I cannot see else how thou shouldst scape.

टचस्टोन

यह तुम्हारे अन्दर का एक अन्य साधारण गुनाह है—अपनी आजीविका चलाने हेतु नर और मादा भेड़ों को सम्भोग के लिए तुम एक साथ लाते हो; भेड़ों के नेता के लिए, मादा भेड़ों की तुम दलाली करते हो और सभी तर्कसंगत जोड़ीदारों के बजाय, एक धूर्त-खोपड़ी वाले बूढ़े अय्याश भेड़ के लिए बारह महीने की एक मादा-मेमने को धोखा देते हो। यदि तुम्हें इसका पाप नहीं लगता, तो शैतान के पास नरक में कोई गड़ेरिये नहीं होंगे। मैं अन्यथा नहीं देखता हूँ, कि तुम इससे कैसे बचते हो।

CORIN.

Here comes young Master Ganymede, my new mistress's brother.

कॉरिन

मेरी नई मालकिन के भाई, युवा मालिक गैनमीड इधर आ रहे हैं।

[Enter ROSALIND, reading a paper]

[रोज़लिंड, का प्रवेश, एक कागज को पढ़ते हुए।]

ROSALIND.

(as Ganymede, reading)

'From the east to western Inde,

No jewel is like Rosalinde.

Her worth, being mounted on the wind,

Through all the world bears Rosalinde.

All the pictures fairest lined

Are but black to Rosalinde.

Let no face be kept in mind

But the fair of Rosalinde.'

रोज़लिंड

(गैनमीड के रूप में, पढ़ता है)

पूरब से लेकर पश्चिमी इंडीज तक,

रोज़लिंड की तरह कोई नगीना नहीं है।

उसका महत्व इस हवा पर सवार है,

सारे संसार में रोज़लिंड समाई है।

खींचे गये सबसे खूबसूरत रेखाचित्र,

रोज़लिंड के सामने केवल काली रेखा हैं।

रोज़लिंड के खूबसूरत चेहरे के सिवाय,

किसी और का चेहरा ध्यान में न आये।

TOUCHSTONE.

I'll rhyme you so eight years together, dinners, and suppers, and sleeping hours, excepted. It is the right butter-women's rank to market.

टचस्टोन

खाने और सोने के घंटों को छोड़कर बाकी समय मैं आपको लगातार आठ वर्षों तक ऐसी तुकबन्दी सुना सकता हूँ। यह बाजार में, कतार में खड़ी मक्खन बेचनेवाली औरतों के गाये जाने वाले गीत जैसा ही है।

ROSALIND.

Out, fool!

रोज़लिंड

हट, बेवकूफ!

TOUCHSTONE.

For a taste:

If a hart do lack a hind,

Let him seek out Rosalinde.

If the cat will after kind,

So be sure will Rosalinde.

Winter garments must be lined,

So must slender Rosalinde.

They that reap must sheaf and bind,

Then to cart with Rosalinde.

Sweetest nut hath sourest rind,

Such a nut is Rosalinde.

He that sweetest rose will find

Must find love's prick and Rosalinde.

This is the very false gallop of verses; why do you infect yourself with them?

टचस्टोन

समझने के लिये :

यदि एक हिरन[53] को हिरनी की कमी महसूस होती है,

तो उसे रोज़लिंड को खोजने दो।

अगर कोई बिल्ली[54] अपने लिए साथी को खोजती है,

तो रोज़लिंड भी बेशक ऐसा ही करेगी।

जाड़े के कपड़ों को अस्तर चढ़ाना जरूरी है,

वैसे ही दुबली रोज़लिंड को भी अस्तर चढ़ाना जरूरी है[55]।

जो फसल काटते हैं उनको गट्ठर बनाना और बांधना पड़ता है,

इसलिए रोज़लिंड के साथ, छकड़ा-गाड़ी की ओर चलो[56]।

सबसे स्वादिष्ट अखरोट का छिलका सबसे कठोर होता है,

ऐसी ही अखरोट, रोज़लिंड है।

वह जो सबसे खूबसूरत गुलाब को पायेगा,

वो प्यार की चुभन, और रोज़लिंड को पायेगा।

यह छंदों का बहुत ही सरपट गति से लिखा जाना है। आप खुद को क्यों उनसे प्रभावित करती हैं?

---

[53] ऑरलैंडो

[54] रोज़लिंड

[55] कहने का आशय रोजलिंड के ऑरलैंडो के आलिंगन में रहने से है।

[56] जैसे किसान फसल को काटकर गट्ठर बनाते और बांधकर उन्हें अपनी छकड़ागाड़ी में ले चलते हैं, रोजलिंड को भी परिपक्व फसल की ही भांति छकड़ागाड़ी में ले चलो।

ROSALIND.

Peace, you dull fool! I found them on a tree.

रोज़लिंड

शांत हो जाओ, मंदबुद्धि बेवकूफ! मैंने उन्हें एक पेड़ पर पाया था।

TOUCHSTONE.

Truly, the tree yields bad fruit.

टचस्टोन

सचमुच, वह पेड़ खराब फल देता है।

ROSALIND.

I'll graft it with you, and then I shall graft it with a medlar. Then it will be the earliest fruit i' th' country; for you'll be rotten ere you be half ripe, and that's the right virtue of the medlar.

रोज़लिंड

मैं इसे तुम्हारे साथ बो दूँगी, और फिर मैं इसे मेडलर[57] के साथ बो दूँगी। उसके बाद उस पेड़ पर देश में सबसे पहले फल पक जायेंगे क्योंकि तुम्हारे आधे पकने से पहले ही तुम पूरे सड़ चुके होगे, और यही मेडलर की सही खूबी है।

TOUCHSTONE.

You have said; but whether wisely or no, let the forest judge.

टचस्टोन

आप ने कहा; किन्तु वह बुद्धिमत्तापूर्ण है या नहीं, यह बात जंगल को तय करने दें।

[Enter CELIA, with a writing]

[एक लेख के साथ सीलिया का प्रवेश]

ROSALIND.

[57] मेडलर (Medlar) – एक किस्म का पेड़ जिसके फल को सड़ने पर खाया जाता है।

Peace! Here comes my sister, reading; stand aside.

रोज़लिंड

शांत हो जाओ! मेरी बहन (कुछ) पढ़ते हुए इधर आ रही है; एक ओर खड़े हो जाओ।

CELIA.

(as Aliena, reads)

'Why should this a desert be?

For it is unpeopled? No;

Tongues I'll hang on every tree

That shall civil sayings show.

Some, how brief the life of man

Runs his erring pilgrimage,

That the streching of a span

Buckles in his sum of age;

Some, of violated vows

'Twixt the souls of friend and friend;

But upon the fairest boughs,

Or at every sentence end,

Will I Rosalinda write,

Teaching all that read to know

The quintessence of every sprite

Heaven would in little show.

Therefore heaven Nature charged

That one body should be filled

With all graces wide-enlarged.

Nature presently distilled

Helen's cheek, but not her heart,

Cleopatra's majesty,

Atalanta's better part,

Sad Lucretia's modesty.

Thus Rosalinde of many parts

By heavenly synod was devised,

Of many faces, eyes, and hearts,

To have the touches dearest prized.

Heaven would that she these gifts should have,

And I to live and die her slave.'

सीलिया

(एलियना के रूप में, पढ़ती है)

क्यों यह (जगह) वीरान होनी चाहिए?

क्योंकि यह निर्जन है? नहीं!

मैं इन कविताओं को हर एक पेड़ पर लटका दूंगा,

जो (कवितायें) लोगों की बोलचाल में जाहिर होंगी।

कुछ (कवितायें बतायेंगी कि), कैसे इंसान की छोटी-सी ज़िन्दगी

उसको बिना दिशा के ऐसे भटकाती रहती है,

कि उसकी अवधि, की सारी लम्बाई

उसकी आयु के योग में, सिकुड़ कर रह जाती है।

कुछ (कवितायें) दोस्त और दोस्त की आत्माओं के बीच,

टूटे वायदों के बारे में होंगी।

लेकिन सबसे खूबसूरत शाखाओं पर,

या हर वाक्य के अंत पर,

मैं 'रोज़लिंड' लिखूंगा।

वे सभी जो पढ़ सकते हैं उनको यह सिखाऊंगा

स्वर्ग, हर आत्मा का सारतत्व, छोटा करके दिखाता है।

इसलिये स्वर्ग ने प्रकृति को यह जिम्मेदारी दी

कि वह इस एक (रोज़लिंड के) शरीर में

सभी लावण्यों को विस्तृत रूप में भर दे।

शीघ्र ही प्रकृति ने,

हेलेन के गालों को-लेकिन उसके दिल को नहीं,

क्लियोपैट्रा की तेजस्विता को,

एटलांटा के सबसे अच्छे हिस्सों को,

उदास लुक्रेशिया के शील को,

विशुद्ध किया।

इस तरह स्वर्ग की धर्मसभा की योजना से

कई हिस्सों में रोज़लिंड बनी,

कई खूबसूरत चेहरों, आँखों और हृदयों को

मिलाकर बनाई गई,

जिससे उसका, सबसे नायाब असर हो।

स्वर्ग चाहता था कि उसके पास ये तोहफे हों

और मैं उसका गुलाम बनकर जीऊं और मरूं।

ROSALIND.

O most gentle Jupiter! What tedious homily of love have you wearied your parishioners withal, and never cried 'Have patience, good people.'

रोज़लिंड

हे सबसे नेक जुपिटर! प्यार के थका देने वाले कौन-से उपदेश से तुमने अपने भक्तों को बोझिल कर दिया है और कभी यह भी नहीं कहा, "धीरज रखो, अच्छे लोगों।"

CELIA.

(as Aliena) How now? Back, friends; shepherd, go off a little; go with him, sirrah.

सीलिया

(एलियना के रूप में) हेलो[58]? दोस्तों, वापस चला जाए, गड़ेरिये, थोड़ा आगे चलो – सेवक (टचस्टोन से), तुम उसके साथ जाओ।

TOUCHSTONE.

Come, shepherd, let us make an honourable retreat; though not with bag and baggage, yet with scrip and scrippage.

टचस्टोन

आओ, गड़ेरिये, हम सम्मानजनक तरीके से वापस लौटें; हालांकि हमारे पास बोरिया-बिस्तर नहीं हैं, फिर भी गड़ेरिये की थैली और उसमें रखे जाने वाले सामान तो हैं ही।

[Exeunt CORIN and TOUCHSTONE]

[कॉरिन और टचस्टोन का निकास]

CELIA.

Didst thou hear these verses?

सीलिया

क्या तुमने इन छंदों को सुना था?

---

[58] How now – हेलो (Hello)

ROSALIND.

O, yes, I heard them all, and more too; for some of them had in them more feet than the verses would bear.

रोज़लिंड

ओ हाँ, मैंने उन्हें पूरा सुना था, और ज्यादा भी सुना था; उनमें से कुछ छन्दों में जितने चरण[59] होने चाहिए उससे ज्यादा थे।

CELIA.

That's no matter; the feet might bear the verses.

सीलिया

प्रश्न यह नहीं है; चरण छन्दों को सम्भाल सकते हैं।

ROSALIND.

Ay, but the feet were lame, and could not bear themselves without the verse, and therefore stood lamely in the verse.

रोज़लिंड

हाँ, लेकिन चरण असंतोषजनक थे, और छन्दों के सहारे के बगैर ये टिक नहीं सकते, और इसलिए छंद में त्रुटिपूर्ण तरीके से खड़े थे।

CELIA.

But didst thou hear without wondering how thy name should be hanged and carved upon these trees?

सीलिया

लेकिन क्या तुमने बिना अचरज किये (इन्हें) सुना था कि किस तरह से तुम्हारा नाम इन पेड़ो पर लटकाया और तराशा गया है।

ROSALIND.

[59] चरण – छंद में पंक्तियों की संख्या

I was seven of the nine days out of the wonder before you came; for look here what I found on a palm-tree. I was never so berhymed since Pythagoras' time that I was an Irish rat, which I can hardly remember.

रोज़लिंड

तुम्हारे आने से पहले मैं अचरज में ही थी। देखो यहाँ एक ताड़ के पेड़ पर मैंने क्या पाया था। मैंने अपनी बीती जिन्दगी में कभी अपने लिए इतनी तुकबंदी नहीं सुनी थी कि कभी मैं एक आयरिश चूहा[60] रही होऊं, यह बात मुझे मुश्किल से याद पड़ती है।

CELIA.

Trow you who hath done this?

सीलिया

तुम क्या सोचती हो, यह किसने किया है?

ROSALIND.

Is it a man?

रोज़लिंड

क्या यह आदमी है?

CELIA.

And a chain, that you once wore, about his neck.

Change you colour?

सीलिया

और उसके गले में एक जंजीर है, जिसे तुमने कभी पहना था। तुम्हारी रंगत बदल रही है[61]?

---

[60] आयरिश चूहा (Irish rat)- आयरलैंड में कवि अपने शत्रुओं पर व्यंग्यात्मक छंद लिखा करते थे, कहा जाता है कि वे चूहों को अपनी कविताएँ तब तक सुनाते थे जब तक वे मर नहीं जाते थे।

[61] यहाँ रोजलिंड के शर्म से लजाने पर रंगत बदलने के बारे में कहा गया है।

ROSALIND.

I prithee, who?

रोज़लिंड

मैं विनती करती हूँ, बताओ कौन?

CELIA.

O Lord, Lord! It is a hard matter for friends to meet; but mountains may be removed with earthquakes, and so encounter.

सीलिया

हे भगवान, भगवान! दोस्तों को मिलाना एक पेचीदा मुद्दा है, लेकिन भूचाल से पर्वतों को हटाया जा सकता है, ताकि भेंट हो सके।

ROSALIND.

Nay, but who is it?

रोज़लिंड

नहीं, लेकिन यह है कौन?

CELIA.

Is it possible?

सीलिया

क्या यह सम्भव है?

ROSALIND.

Nay, I prithee now, with most petitionary vehemence, tell me who it is.

रोज़लिंड

नहीं, अब मैं बेहद जोर देकर विनती करती हूँ, बताओ यह कौन है।

CELIA.

O wonderful, wonderful, most wonderful wonderful, and yet again wonderful, and after that, out of all whooping!

सीलिया

ओह अद्भुत, अद्भुत और सबसे ज्यादा अद्भुत, और एक बार फिर से अद्भुत, और उसके बाद, अभिव्यक्ति की क्षमताओं से परे अद्भुत!

ROSALIND.

Good my complexion! dost thou think, though I am caparisoned like a man, I have a doublet and hose in my disposition? One inch of delay more is a South Sea of discovery. I prithee tell me who is it quickly, and speak apace. I would thou could'st stammer, that thou might'st pour this concealed man out of thy mouth, as wine comes out of narrow-mouthed bottle either too much at once or none at all. I prithee take the cork out of thy mouth that I may drink thy tidings.

रोज़लिंड

हालांकि मैंने खुद को आदमी की तरह सजाया है, अपने बाहरी दिखावे में मैंने एक डब्लेट और लम्बी जुराबें पहन रखी हैं मुझे ऐसे देखकर तुम क्या सोचती हो (मेरे औरतों वाले गुण नष्ट हो जायेंगे)? थोड़ी सी भी देरी, मेरे लिए दक्षिणी सागर की खोज करने जैसी होगी। मैं विनती करती हूँ, मुझे जल्द बताओ यह कौन है, जल्दी बोलो। मैं चाहूंगी कि, जैसे संकरे-मुंह वाली बोतल से शराब या तो बहुत ज्यादा या तो बिलकुल नहीं बाहर आती है, तुम भी इस गुप्त आदमी का नाम रुक-रूककर उगल दो। मैं विनती करती हूँ अपने मुंह पर लगे काग[62] को खोलो ताकि मैं तुम्हारी खबर से अपनी प्यास बुझा सकूं ।

CELIA.

So you may put a man in your belly.

सीलिया

[62] बोतल के ऊपर लगाया जाने वाला लकड़ी का ढक्कन।

ताकि तुम एक आदमी को अपने पेट में डाल सको?

ROSALIND.

Is he of God's making? What manner of man?

Is his head worth a hat or his chin worth a beard?

रोज़लिंड

क्या उसे भगवान ने बनाया है? उसका चाल-चलन कैसा है? क्या उसका सिर हैट पहनने लायक है या उसकी ठुड्डी दाढ़ी लायक है?

CELIA.

Nay, he hath but a little beard.

सीलिया

नहीं, उसकी हलकी-सी ही दाढ़ी है।

ROSALIND.

Why, God will send more if the man will be thankful. Let me stay the growth of his beard, if thou delay me not the knowledge of his chin.

रोज़लिंड

अरे, यदि इंसान पर कृपा होगी, तो भगवान उसे और (दाढ़ी) दे देगा। मैं उसकी दाढ़ी बढ़ने तक इन्तजार कर लूंगी, यदि तुम मुझे उसके बारे में बताने में विलम्ब नहीं करती।

CELIA.

It is young Orlando, that tripped up the wrestler's heels and your heart both in an instant.

सीलिया

यह युवा ऑरलैंडो है, वही जिसने पहलवान और तुम्हारे दिल, दोनों को एक ही झटके में जीता था।

ROSALIND.

Nay, but the devil take mocking! Speak sad brow and true maid.

रोज़लिंड

नहीं, लेकिन शैतान तुम्हारा मजाक याद रखेगा! गंभीर होकर सच बताओ।

CELIA.

I' faith, coz, 'tis he.

सीलिया

मुझे यकीन है, चचेरी-बहन, यह वही है।

ROSALIND.

Orlando?

रोज़लिंड

ऑरलैंडो?

CELIA.

Orlando.

सीलिया

ऑरलैंडो।

ROSALIND.

Alas the day! what shall I do with my doublet and hose? What did he when thou saw'st him? What said he? How looked he? Wherein went he? What makes he here? Did he ask for me? Where remains he? How parted he with thee? And when shalt thou see him again? Answer me in one word.

रोज़लिंड

हाय वह दिन! मैं अपनी डब्लेट और लम्बी जुराबों का क्या करूंगी? जब तुमने उसे देखा था तो उसने क्या किया था? उसने क्या कहा था? वह कैसा दिखाई देता था? वह कहां गया था? वह किस कारण से यहाँ आया है? क्या उसने मेरे बारे में पूछा था?

वह कहाँ रह रहा है? वह कैसे तुमसे अलग हुआ था? और तुम उसे दोबारा कब देख सकोगी? मुझे एक शब्द में बताओ।

CELIA.

You must borrow me Gargantua's mouth first; 'tis a word too great for any mouth of this age's size. To say ay and no to these particulars is more than to answer in a catechism.

सीलिया

पहले तुम्हें मेरे लिए गारगैन्चुआ[63] का मुंह उधार लाना होगा; इस युग के किसी मुंह के लिए यह 'एक शब्द' बहुत ही बड़ा है। इन विवरणों को "हाँ" और "ना" में कहना एक कैटेकिस्ज्म[64] में उत्तर देने से बढ़कर है।

ROSALIND.

But doth he know that I am in this forest, and in man's apparel? Looks he as freshly as he did the day he wrestled?

रोज़लिंड

लेकिन क्या उसे पता है कि मैं जंगल में, और आदमी की वेशभूषा में हूँ? क्या वह अभी भी वैसा ही तरोताजा और जोश से भरा दिखाई देता है जैसा वह कुश्ती वाले दिन था?

CELIA.

It is as easy to count atomies as to resolve the

propositions of a lover; but take a taste of my finding him, and relish it with good observance. I found him under a tree, like a dropped acorn.

---

[63] गारगैन्चुआ (Gargantua) – एक कल्पित कहानी की पात्र, जिसका शरीर बहुत ही विशाल था और बहुत बड़ा मुख होने के कारण उसे भूख और प्यास बहुत लगती थी।

[64] कैटेकिस्ज्म (catechism) – किसी धार्मिक मत का संक्षिप्त ब्यौरा है, जो प्रायः प्रश्नोत्तर के रूप में होता है।

सीलिया

एक प्रेमी की समस्याओं को हल करना परमाणुओं की गिनती करने जितना ही आसान है! फिर भी उसके बारे में मेरे निष्कर्षों का स्वाद लो, और अच्छे से स्वाद लेना। टपके हुए शाहबलूत के फल की तरह, एक पेड़ के नीचे वह मुझे मिला था।

ROSALIND.

It may well be called Jove's tree, when it drops forth such fruit.

रोज़लिंड

जब वह ऐसे फल को टपकाए तो उस पेड़ को जोव का पेड़[65] कहा जाना चाहिए।

CELIA.

Give me audience, good madam.

सीलिया

अच्छी मैडम, मेरी बात सुनो।

ROSALIND.

Proceed.

रोज़लिंड

आगे।

CELIA.

There lay he, stretched along like a wounded knight.

सीलिया

घायल सैनिक की तरह, वहां वह सीधा लेटा था।

ROSALIND.

Though it be pity to see such a sight, it well becomes the ground.

[65] जोव का पेड़ (Jove's tree) – ईश्वर का पेड़

रोज़लिंड

हालांकि ऐसा दृश्य देखना करुणापूर्ण रहा होगा, (लेकिन) इसने जमीन की शोभा बढ़ाई होगी।

CELIA.

Cry 'Holla' to thy tongue, I prithee; it curvets

unseasonably. He was furnished like a hunter.

सीलिया

मैं विनती करती हूँ, तुम जबान से 'होल्ला' चिल्लाओ। यह असमय उछलती है। उसने एक शिकारी की तरह पोशाक पहन रखी थी।

ROSALIND.

O, ominous! he comes to kill my heart.

रोज़लिंड

ओह, यह अपशकुन है! वह मेरा दिल भेदने आया है।

CELIA.

I would sing my song without a burden; thou bring'st me out of tune.

सीलिया

मैं अपना गीत किसी भार के बिना गाना चाहती हूँ; तुम मेरी तारतम्यता बिगाड़ रही हो।

ROSALIND.

Do you not know I am a woman? When I think, I must speak. Sweet, say on.

रोज़लिंड

क्या तुम नहीं जानती कि मैं एक औरत हूँ? जब मैं सोचती हूँ, (मुझे बोलना चाहिए) तो मैं जरूर बोलूंगी। प्यारी, आगे कहो।

CELIA.

You bring me out. Soft! comes he not here?

सीलिया

तुमने मेरी तारतम्यता बिगाड़ दी है। धीरे (बोलो)! वह इधर तो नहीं आ रहा है?

[Enter ORLANDO and JAQUES]

[ऑरलैंडो और जॉक का प्रवेश]

ROSALIND.

'Tis he; slink by, and note him.

रोज़लिंड

यह तो वही है। चुपके से पीछा करते हैं और उसे देखते हैं।

JAQUES.

I thank you for your company; but, good faith, I had as lief have been myself alone.

जॉक

तुम्हारी संगति के लिए मैं तुम्हारा धन्यवाद करता हूँ; लेकिन सद्भाव से मैं यही कहूँगा कि मैं एक प्रेमी की भांति था, जो खुद में तन्हा रहता है।

ORLANDO.

And so had I; but yet, for fashion sake, I thank you too for your society.

ऑरलैंडो

और मैं भी ऐसा ही था, लेकिन फिर भी लोकाचार के लिए, मैं भी आपको आपकी संगति के लिए धन्यवाद देता हूँ।

JAQUES.

God buy you; let's meet as little as we can.

जॉक

तुम्हें अलविदा; हम उतना कम मिलें जितना हो सके।

ORLANDO.

I do desire we may be better strangers.

ऑरलैंडो

मैं भी यही चाहता हूँ कि हम अच्छे अजनबी साबित हों।

JAQUES.

I pray you mar no more trees with writing love songs in their barks.

जॉक

मैं तुमसे विनती करता हूँ, अब तुम किसी और पेड़ को, उनकी छालों में प्रेमगीत लिखकर, विकृत न करना।

ORLANDO.

I pray you mar no more of my verses with reading them ill-favouredly.

ऑरलैंडो

मैं भी विनती करता हूँ, अब मेरी किसी कविता को अप्रिय ढंग से पढ़कर आप उन्हें बर्बाद न करें।

JAQUES.

Rosalind is your love's name?

जॉक

रोज़लिंड तुम्हारी प्रेमिका का नाम है?

ORLANDO.

Yes, just.

ऑरलैंडो

हाँ, बिल्कुल।

JAQUES.

I do not like her name.

जॉक

मुझे उसका नाम नहीं पसंद है।

ORLANDO.

There was no thought of pleasing you when she was christened.

ऑरलैंडो

जब उसका नामकरण हुआ था तो आपको खुश करने की कोई बात नहीं सोची गयी थी।

JAQUES.

What stature is she of?

जॉक

उसकी लम्बाई क्या है?

ORLANDO.

Just as high as my heart.

ऑरलैंडो

उतनी ऊंची जितना मेरा दिल है।

JAQUES.

You are full of pretty answers. Have you not been acquainted with goldsmiths' wives, and conned them out of rings?

जॉक

तुम लावण्यतापूर्ण जवाबों से परिपूर्ण हो। क्या तुम सुनारों की पत्नियों की जान-पहचान में नहीं रहे हो, और अंगूठियों के परे (तुमने) उन्हें ठगा हो[66]?

ORLANDO.

Not so; but I answer you right painted cloth, from whence you have studied your questions.

ऑरलैंडो

ऐसा नहीं है; लेकिन मैं आपको उत्तर देता हूँ (उधर देखिये) सामने का 'पेंटेड क्लॉथ'[67], जहाँ से आपने अपने प्रश्नों को लिया है।

JAQUES.

You have a nimble wit; I think 'twas made of Atalanta's heels. Will you sit down with me? and we two will rail against our mistress the world, and all our misery.

जॉक

तुम कुशाग्र बुद्धिवाले हो; मैं सोचता हूँ कि इसे अटलान्टा[68] की एड़ियों की प्रशंसा में लगाया गया था। क्या तुम मेरे साथ बैठोगे? और हम दोनों हमारी प्रेयसियों, इस दुनिया और हमारी तमाम विपत्तियों, को कोसेंगे।

ORLANDO.

I will chide no breather in the world but myself, against whom I know most faults.

ऑरलैंडो

---

[66] 'अंगूठियों के परे (तुमने) उन्हें ठगा हो' का तात्पर्य है – उन शादीशुदा औरतों को धोखा देते हुए तुमने उनसे सम्बन्ध बनाये हों।

[67] पेंटेड क्लॉथ (Painted cloth) - पेंटेड क्लॉथ, को पुराने जमाने में धार्मिक बातों, प्रवचनों इत्यादि को प्रचारित करने के लिए जगह-जगह पर लगाया जाता था।

[68] अटलान्टा (Atalanta) – दन्त कथाओं की नायिका अटलान्टा बहुत ही तेज धावक थी।

मैं खुद के सिवाय इस दुनिया में किसी अन्य को नहीं कोसूँगा, जिसकी खामियों से मैं सबसे ज्यादा वाकिफ़ हूँ।

JAQUES.

The worst fault you have is to be in love.

जॉक

तुम्हारी सबसे बड़ी खामी है (तुम्हारा) प्यार में होना।

ORLANDO.

'Tis a fault I will not change for your best virtue. I am weary of you.

ऑरलैंडो

यह ऐसी खामी है जिसे मैं तुम्हारी सबसे बड़ी खूबी के लिए भी नहीं बदलूँगा। मैं तुमसे ऊब गया हूँ।

JAQUES.

By my troth, I was seeking for a fool when I found you.

जॉक

कसम से, जब मैंने तुम्हें पाया था उस समय मैं एक विदूषक की तलाश कर रहा था।

ORLANDO.

He is drowned in the brook; look but in, and you shall see him.

ऑरलैंडो

वह (विदूषक) पेट में तल्लीन बैठा है; उसे तलाशें किन्तु (अपने) भीतर, और आप उसे देख पायेंगे।

JAQUES.

There I shall see mine own figure.

जॉक

वहां मैं खुद की अपनी आकृति को देखूँगा।

ORLANDO.

Which I take to be either a fool or a cipher.

ऑरलैंडो

जिसे मैं या तो एक विदूषक या फिर कुछ नहीं समझूंगा।

JAQUES.

I'll tarry no longer with you; farewell, good Signior Love.

जॉक

अच्छा श्रीमान आशिक, मैं तुम्हारे साथ और समय बर्बाद नहीं करूंगा; अलविदा।

ORLANDO.

I am glad of your departure; adieu, good Monsieur Melancholy.

ऑरलैंडो

अच्छा श्रीमान हताश, आपकी विदाई पर मैं खुश हूँ; अलविदा।

[Exit JAQUES]

[जॉक का निकास]

ROSALIND.

[Aside to CELIA] I will speak to him like a saucy lackey, and under that habit play the knave with him.- Do you hear, forester?

रोज़लिंड

[एक कोने में सीलिया से] मैं उससे एक ढीठ पिछलग्गू की भांति बात करूंगी, और ऐसा करते हुए उसके साथ चालबाजी का खेल खेलूंगी। -वनरक्षक, क्या तुम सुन रहे हो?

ORLANDO.

Very well; what would you?

ऑरलैंडो

बहुत अच्छी तरह से; तुम क्या चाहते हो?

ROSALIND.

(as Ganymede)

I pray you, what is't o'clock?

रोज़लिंड

(गैनमीड बनकर)

मैं तुमसे विनती करता हूँ, घड़ी में क्या बज रहे हैं?

ORLANDO.

You should ask me what time o' day; there's no clock in the forest.

ऑरलैंडो

तुम्हें मुझसे पूछना चाहिए कि दिन का क्या समय हो रहा है। यहाँ जंगल में कोई घड़ी नहीं है।

ROSALIND.

Then there is no true lover in the forest, else sighing every minute and groaning every hour would detect the lazy foot of Time as well as a clock.

रोज़लिंड

तब जंगल में कोई सच्चा प्रेमी भी नहीं है, अन्यथा हर मिनट की आहें और हर घंटे के कराहने से, समय की सुस्त चाल के साथ-साथ घड़ी के समय का पता लग जाता।

ORLANDO.

And why not the swift foot of Time? Had not that been as proper?

ऑरलैंडो

और समय की चाल तेज क्यों नहीं? क्या ऐसा कहना ज्यादा उपयुक्त नहीं था?

ROSALIND.

By no means, sir. Time travels in diverse paces with diverse persons. I'll tell you who Time ambles withal, who Time trots withal, who Time gallops withal, and who he stands still withal.

रोजलिंड

बिल्कुल भी नहीं, श्रीमान। समय, भिन्न-भिन्न लोगों के लिए भिन्न-भिन्न गति से चलता है। मैं तुम्हें बताऊँगा किसके साथ समय आराम से चलता है, किसके साथ धीरे-धीरे दौड़ता है, किसके साथ सरपट दौड़ता है और किसके लिए यह रुका रहता है।

ORLANDO.

I prithee, who doth he trot withal?

ऑरलैंडो

मैं विनती करता हूँ, किसके साथ यह धीरे-धीरे दौड़ता है?

ROSALIND.

Marry, he trots hard with a young maid between the contract of her marriage and the day it is solemnized; if the interim be but a seven night, Time's pace is so hard that it seems the length of seven year.

रोज़लिंड

अच्छी बात है, एक लड़की के लिए, शादी तय होने की तिथि से विवाह होने की तिथि के बीच का, समय कठिनाई से धीरे-धीरे दौड़ता है; यदि यह अंतर्वर्ती समय केवल सात रातों का हो, तो भी यह इतनी कठिनाई से गुजरता है मानो यह सात वर्षों लम्बा हो।

ORLANDO.

Who ambles Time withal?

ऑरलैंडो

किसके साथ समय आराम से चलता है?

ROSALIND.

With a priest that lacks Latin and a rich man that hath not the gout; for the one sleeps easily because he cannot study, and the other lives merrily because he feels no pain; the one lacking the burden of lean and wasteful learning, the other knowing no burden of heavy tedious penury. These Time ambles withal.

रोज़लिंड

चर्च का पादरी जिसे लैटिन भाषा नहीं आती और वह धनवान जिसे गठिया न हुआ हो। पादरी आराम से सोता है क्योंकि वह पढ़ नहीं सकता है और दूसरा आदमी खुशहाल जिन्दगी जीता है क्योंकि उसे कोई दर्द महसूस नहीं होता। पहला व्यक्ति झुककर बेकार ज्ञानार्जन करने के दबाव से मुक्त होता है तो दूसरा बोझिल थकाऊ दरिद्रता के दबाव को नहीं जानता है। इनके लिए समय आराम से चलता है।

ORLANDO.

Who doth he gallop withal?

ऑरलैंडो

किसके साथ वह सरपट दौड़ता है?

ROSALIND.

With a thief to the gallows; for though he go as softly as foot can fall, he thinks himself too soon there.

रोज़लिंड

फांसी के तख्ते की तरफ बढ़ते एक चोर के लिए; वह इतना दबे पाँव चलता है जितना वह चल सके, पर फिर भी वह सोचता है कि वह वहां (फांसी के तख्ते तक) बहुत जल्दी पहुँच गया।

ORLANDO.

Who stays it still withal?

ऑरलैंडो

किसके साथ यह रुका रहता है?

ROSALIND.

With lawyers in the vacation; for they sleep between term and term, and then they perceive not how Time moves.

रोज़लिंड

फुर्सत में वकीलों के साथ; क्योंकि वे दो अवधियों के बीच सोते हैं, और तब वे महसूस नहीं करते कि समय कैसे चलता है?

ORLANDO.

Where dwell you, pretty youth?

ऑरलैंडो

सुंदर नौजवान, तुम कहाँ रहते हो?

ROSALIND.

With this shepherdess, my sister; here in the skirts of the forest, like fringe upon a petticoat.

रोज़लिंड

इस गड़ेरियन, मेरी बहन, के साथ; पेटीकोट की किनारी की तरह यहाँ जंगल के बाहरी किनारे में।

ORLANDO.

Are you native of this place?

ऑरलैंडो

क्या तुम इस जगह के मूल-निवासी हो?

ROSALIND.

As the coney that you see dwell where she is kindled.

रोज़लिंड

एक खरगोश की तरह जिसे तुम देखते हो, वह वहाँ रहता है जहाँ पैदा होता है।

ORLANDO.

Your accent is something finer than you could purchase in so removed a dwelling.

ऑरलैंडो

इतनी दूर रहने पर भी तुम्हारा लहजा तुमको देखने के हिसाब से कुछ ज्यादा परिष्कृत है।

ROSALIND.

I have been told so of many; but indeed an old religious uncle of mine taught me to speak, who was in his youth an inland man; one that knew courtship too well, for there he fell in love. I have heard him read many lectures against it; and I thank God I am not a woman, to be touched with so many giddy offences as he hath generally taxed their whole sex withal.

रोज़लिंड

कई लोग मुझसे यह बात कह चुके हैं; लेकिन वास्तव में मेरे बूढ़े धार्मिक-प्रवृत्ति चाचा ने मुझे बोलना सिखाया था, अपनी जवानी में वह एक अंतर्देशीय व्यक्ति थे, एक ऐसे व्यक्ति जो लोक-शिष्टाचार को काफी अच्छे तरीके से जानते थे, वहां वह प्रेम में पड़ गये थे। मैंने इसके खिलाफ उन्हें कई व्याख्यान कहते सुना है, और मैं भगवान को धन्यवाद देता हूँ कि मैं एक औरत नहीं हूँ, जो चकराने वाले ऐसे कई अपराधों के संसर्ग में रहे, जिनका दोषारोपण पूरी स्त्री-जाति पर आमतौर पर उन्होंने किया है।

ORLANDO.

Can you remember any of the principal evils that he laid to the charge of women?

ऑरलैंडो

क्या तुम किन्हीं ख़ास बुराइयों का स्मरण कर सकते हो जिसके लिए उन्होंने औरतों को दोषी ठहराया था?

ROSALIND.

There were none principal; they were all like one another as halfpence are; every one fault seeming monstrous till his fellow-fault came to match it.

रोज़लिंड

उनमें से कोई ख़ास नहीं थीं; वे सभी एक दूसरे से वैसे ही समानता रखती थीं जैसे सिक्के के दोनों पहलू; हर एक गलती तब तक दैत्याकार लगती थी जब तक कि उसकी सहयोगी गलती उसके सामने नहीं आ जाती थी।

ORLANDO.

I prithee, recount some of them.

ऑरलैंडो

मैं विनती करता हूँ, उनमें से कुछ को सुनाओ।

ROSALIND.

No; I will not cast away my physic but on those that are sick. There is a man haunts the forest that abuses our young plants with carving 'Rosalind' on their barks; hangs odes upon hawthorns and elegies on brambles; all, forsooth, deifying the name of Rosalind. If I could meet that fancy-monger, I would give him some good counsel, for he seems to have the quotidian of love upon him.

रोज़लिंड

नहीं; मैं, बीमार लोगों के सिवाय अन्य किसी को अपना इलाज नहीं बाटूंगा। जंगलों में बेकार घूमता एक आदमी हमारे नये पेड़ों की शाखाओं पर 'रोज़लिंड' लिखकर उन्हें बर्बाद करता है। सम्बोधन-गीतों को नागफनी और शोकगीतों को कंटीली झाड़ियों, पर लटकाता है; सब-की-सब, निश्चित रूप से, 'रोज़लिंड' के नाम को पूजती हैं। यदि कल्पनाओं के उस व्यापारी से मैं मिल सका तो उसे मैं कुछ अच्छी सलाह दूंगा, क्योंकि ऐसा दिखाई देता है कि वह प्यार के बुखार से पीड़ित है।

ORLANDO.

I am he that is so love-shaked; I pray you tell me your remedy.

ऑरलैंडो

मैं वह हूँ जो प्यार में इतना हिला हुआ है; मैं तुमसे प्रार्थना करता हूँ, तुम अपना उपचार मुझे बताओ।

ROSALIND.

There is none of my uncle's marks upon you; he taught me how to know a man in love; in which cage of rushes I am sure you are not prisoner.

रोज़लिंड

मेरे चाचा के बताये कोई भी लक्षण तुममें नहीं दिखाई देते हैं। उन्होंने मुझे सिखाया था कि कैसे जानें एक व्यक्ति प्यार में है; जिसमें (प्यार में) उतावली का पिंजरा होता है, मुझे यकीन है कि तुम (प्रेम) कैदी नहीं हो।

ORLANDO.

What were his marks?

ऑरलैंडो

उन्होंने क्या लक्षण बताये थे?

ROSALIND.

A lean cheek, which you have not; a blue eye and sunken, which you have not; an unquestionable spirit, which you have not; a beard neglected, which you have not; but I pardon you for that, for simply your having in beard is a younger brother's revenue. Then your hose should be ungartered, your bonnet unbanded, your sleeve unbuttoned, your shoe untied, and every thing about you demonstrating a careless desolation. But you are no such man; you are rather point-device in your accoutrements, as loving yourself than seeming the lover of any other.

रोज़लिंड

लटके गाल, जो तुम्हारे नहीं हैं; आँखों के आगे गोलाई में कालिमा होना और उनका डूबा होना, जो तुम्हारी नहीं हैं; चिड़चिड़ा स्वभाव, जो तुम्हारा नहीं है; उपेक्षित दाढ़ी, जो तुम्हारी नहीं है – लेकिन इसके लिए मैं तुम्हें माफ़ करता हूँ, क्योंकि अभी पूरी

तरह से तुम्हारे दाढ़ी नहीं आई है। फिर तुम्हारी लम्बी जुराबों को मोजा-बंद नहीं होना चाहिये, तुम्हारी बोनट[69] खुली हुयी नीचे लटकी होनी चाहिए, तुम्हारे आस्तीन बिना बटन के होने चाहिए, तुम्हारे जूतों की गांठें खुली होनी चाहिए, और तुम्हारी हर एक चीज एक असचेत उजड़ेपन को प्रदर्शित करे। लेकिन तुम ऐसे आदमी नहीं हो। बल्कि अपनी साज-सज्जा में तुम बेहद सजग हो, मानो किसी अन्य के प्रेमी दिखाई देने की जगह तुम खुद से प्रेम करते हो।

ORLANDO.

Fair youth, I would I could make thee believe I love.

ऑरलैंडो

सुंदर युवक, काश! मैं तुम्हें यकीन दिला सकता कि मैं प्यार करता हूँ।

ROSALIND.

Me believe it? You may as soon make her that you love believe it; which, I warrant, she is apter to do than to confess she does. That is one of the points in the which women still give the lie to their consciences. But, in good sooth, are you he that hangs the verses on the trees wherein Rosalind is so admired?

रोज़लिंड

मैं यकीन करूं? तुम, जिसे प्यार करते हो, उसे जल्द राज़ी कर सकते हो कि वह इस पर यकीन करे[70]। मैं दावा करता हूँ कि वह इसके (प्यार के) इजहार की अपेक्षा, इसे (प्यार) करने में ज्यादा प्रवृत होगी। यह बात उन बिन्दुओं में से एक है जिनमें औरतें खुद की अंतरात्मा से अभी भी झूठ बोलती हैं। लेकिन सचमुच, क्या तुम वह हो जो उन कविताओं को पेड़ों पर टांगता है, जिनमें रोजलिंड की इतनी प्रशंसा की गई है?

ORLANDO.

---

[69] बोनट (Bonnet) –एक किस्म की टोपी

[70] कहने का अर्थ है गैनमीड के यह यकीन करने से कि ऑरलैंडो प्यार करता है कोई फर्क नहीं पड़ेगा जब तक कि रोजलिंड यकीन न करे कि ऑरलैंडो प्यार करता है।

I swear to thee, youth, by the white hand of Rosalind, I am that he, that unfortunate he.

ऑरलैंडो

नौजवान, रोज़लिंड के गोरे हाथ की, मैं तुम्हारे सामने कसम खाकर कहता हूँ कि मैं वही बदनसीब आदमी हूँ।

ROSALIND.

But are you so much in love as your rhymes speak?

रोज़लिंड

लेकिन क्या तुम इतने अधिक प्यार में हो जैसा तुम्हारी कवितायें बयां करती हैं?

ORLANDO.

Neither rhyme nor reason can express how much.

ऑरलैंडो

कितना अधिक, यह बात न ही कविता और न ही तर्क से व्यक्त हो सकती है।

ROSALIND.

Love is merely a madness; and, I tell you, deserves as well a dark house and a whip as madmen do; and the reason why they are not so punished and cured is that the lunacy is so ordinary that the whippers are in love too. Yet I profess curing it by counsel.

रोज़लिंड

प्यार सिर्फ एक पागलपन हैं; और मैं तुम्हें बताता हूँ, प्रेमी अँधेरे कमरे और पागलों की तरह एक चाबुक, पाने के लायक हैं, लेकिन उन्हें ऐसे दण्डित क्यों नहीं किया जाता और उनका उपचार किया जाता है, उसका कारण है कि उनका यह पागलपन इतना साधारण होता है कि चाबुक मारने वाले भी प्यार में ही पड़े होते हैं। फिर भी परामर्श द्वारा इसका उपचार करने का मैं दावा करता हूँ।

ORLANDO.

Did you ever cure any so?

ऑरलैंडो

क्या तुमने कभी किसी को ऐसे ठीक किया था?

ROSALIND.

Yes, one; and in this manner. He was to imagine me his love, his mistress; and I set him every day to woo me; at which time would I, being but a moonish youth, grieve, be effeminate, changeable, longing and liking, proud, fantastical, apish, shallow, inconstant, full of tears, full of smiles; for every passion something and for no passion truly anything, as boys and women are for the most part cattle of this colour; would now like him, now loathe him; then entertain him, then forswear him; now weep for him, then spit at him; that I drave my suitor from his mad humour of love to a living humour of madness; which was, to forswear the full stream of the world and to live in a nook merely monastic. And thus I cured him; and this way will I take upon me to wash your liver as clean as a sound sheep's heart, that there shall not be one spot of love in 't.

रोज़लिंड

हाँ, एक को, और इस तरीके में उसे मुझमें अपनी प्रेमिका, अपनी स्वामिनी की कल्पना करनी थी, और मैंने उसे राज़ी किया था कि प्रतिदिन वह शादी करने के लिए मुझसे कहेगा; उस समय मैं वहां होता तो था लेकिन एक अस्थिर-चित्त युवक की भांति, कभी गंभीर, कभी एक नारी जैसा, परिवर्तनशील, लालसा और पसंद के हिसाब से मिज़ाज को बदलने वाला, कभी गर्वीला और कभी अति काल्पनिक, कभी बेहद बेवकूफ, छिछला, अस्थिर, कभी आंसुओं से भरा हुआ, कभी मुस्कुराहट से भरा हुआ; कभी किसी चीज के लिए जुनून लिए हुए, और कभी किसी चीज के लिए सचमुच कोई मनोभाव न लिए हुए, जैसे कि ज्यादातर लड़के और औरतें, ऐसे ही स्वभाव के होते हैं। अभी उसे चाहता, अभी उसे घृणा करता; फिर उसका मनबहलाव करता, फिर कसम खाकर उसे छोड़ देता; अभी उसके लिए रोने लगता, फिर उस पर थूकता, इस तरह मैं उस प्रेमरोगी को उसके प्यार की पागल तरंग से निकालकर झुंझलाहट की क्रियाशील तरंग तक ले गया, जो संसार के पूरे धारा-प्रवाह को शपथ खाकर छोड़ने के लिए थी और एक कोने में केवल मठवासीय जीवन बिताने के लिए थी। और इस तरह मैंने उसका उपचार किया था, और इसी तरीके से मैं अपने ऊपर

यह जिम्मेदारी लूँगा कि मैं तुम्हारी अंतड़ियों को ऐसे साफ़ कर दूं जैसे एक तंदुरुस्त भेड़ का दिल होता है, ताकि इसमें प्यार का एक भी धब्बा न रह जाए।

ORLANDO.

I would not be cured, youth.

ऑरलैंडो

नौजवान, मैं ठीक नहीं होना चाहूंगा।

ROSALIND.

I would cure you, if you would but call me Rosalind, and come every day to my cote and woo me.

रोज़लिंड

यदि तुम चाहो, मैं तुम्हें ठीक कर सकता हूँ लेकिन मुझे रोज़लिंड कहकर बुलाओ और हर दिन मेरी झोपड़ी में आओ और मुझसे शादी करने के लिए कहो।

ORLANDO.

Now, by the faith of my love, I will. Tell me where it is ?

ऑरलैंडो

अपने प्यार की कसम, अब मैं आऊंगा। मुझे बताओ कि यह (तुम्हारी झोपड़ी) कहाँ है?

ROSALIND.

Go with me to it, and I'll show it you; and, by the way, you shall tell me where in the forest you live. Will you go?

रोज़लिंड

मेरे साथ चलो, और मैं इसे तुम्हें दिखाता हूँ; और, रास्ते में तुम मुझे बताओगे कि इस जंगल में तुम कहाँ रहते हो? क्या तुम चलोगे?

ORLANDO.

With all my heart, good youth.

ऑरलैंडो

पूरे दिल से, अच्छे नौजवान।

ROSALIND.

Nay, you must call me Rosalind. Come, sister, will you go?

रोज़लिंड

नहीं, तुम्हें मुझे रोज़लिंड कहकर बुलाना चाहिए। आओ, बहन, क्या तुम चलोगी?

[Exeunt]

[निकास]

SCENE III. The forest

दृश्य ३: जंगल

[Enter TOUCHSTONE and AUDREY; JAQUES behind]

[टचस्टोन और ऑड्री का प्रवेश और जॉक का उनके पीछे आना]

TOUCHSTONE.

Come apace, good Audrey; I will fetch up your goats, Audrey. And how, Audrey, am I the man yet? Doth my simple feature content you?

टचस्टोन

जल्दी करो, अच्छी ऑड्री। ऑड्री, मैं जल्द ही तुम्हारी बकरियों को ले आऊँगा। ऑड्री, और क्या अब मैं जिम्मेदार आदमी हो गया हूँ[71]? क्या मेरी साधारण खूबी तुम्हें संतुष्ट करती है?

AUDREY.

Your features! Lord warrant us! What features?

ऑड्री

तुम्हारी खूबियाँ! भगवान हमारी रक्षा करे! कौन सी खूबियाँ?

TOUCHSTONE.

I am here with thee and thy goats, as the most capricious poet, honest Ovid, was among the Goths.

टचस्टोन

तुम्हारी बकरियों और तुम्हारे साथ मैं यहाँ हूँ, जैसे सबसे ज्यादा तरंगी कवि, ईमानदार ओविड, जर्मन-जंगलियों के बीच में थे।

[71] ऐसा आदमी जो तुम्हारे हिसाब से तुम्हारे काबिल हो।

JAQUES.

[Aside]

O knowledge ill-inhabited, worse than Jove in a thatched house!

जॉक

[एक कोने में]

ओह, ज्ञान का ऐसा बुरा इस्तेमाल, जोव के किसी छप्पर वाले मकान में होने से भी ज्यादा बुरा है।

TOUCHSTONE.

When a man's verses cannot be understood, nor a man's good wit seconded with the forward child understanding, it strikes a man more dead than a great reckoning in a little room. Truly, I would the gods had made thee poetical.

टचस्टोन

जब किसी आदमी की कविताओं को न समझा जा सके, और सामने खड़े बच्चे की समझ से एक आदमी की अच्छी समझ को कम आँका जाये, तो यह बात आदमी को, एक छोटे कमरे में रुकने के लिए बड़ा भाड़ा देने से भी, ज्यादा कष्ट देती है। सचमुच, मैं चाहता हूँ काश देवताओं ने तुम्हें शायराना बनाया होता।

AUDREY.

I do not know what 'poetical' is. Is it honest in deed and word? Is it a true thing?

ऑड्री

मैं नहीं जानती यह 'शायराना' क्या है। क्या काम में यह ईमानदार है और शब्द है? क्या यह एक सच्ची वस्तु है?

TOUCHSTONE.

No, truly; for the truest poetry is the most feigning, and lovers are given to poetry; and what they swear in poetry may be said as lovers they do feign.

टचस्टोन

नहीं, सचमुच; क्योंकि सबसे सच्ची कविता सबसे अधिक बनावटी होती है, और प्रेमी कविता के शौक़ीन होते हैं, और कविता में वह जो कसमें खाते हैं वह दिखावटी कही जा सकती हैं।

AUDREY.

Do you wish, then, that the gods had made me poetical?

ऑड्री

फिर भी क्या तुम चाहते हो, कि देवताओं ने मुझे शायराना बनाया होता?

TOUCHSTONE.

I do, truly, for thou swear'st to me thou art honest; now, if thou wert a poet, I might have some hope thou didst feign.

टचस्टोन

हाँ, सचमुच, तुम मेरे सामने कसम खाओ कि तुम ईमानदार हो। अब, यदि तुम एक शायर होती, तो मैं कुछ आशा कर सकता था कि तुम झूठ बोलती।

AUDREY.

Would you not have me honest?

ऑड्री

क्या तुम नहीं चाहते कि मैं वफ़ादार होऊँ?

TOUCHSTONE.

No, truly, unless thou wert hard-favoured; for honesty coupled to beauty is to have honey a sauce to sugar.

टचस्टोन

नहीं, सच में, यदि तुम बदसूरत न होती; क्योंकि सुन्दरता और वफादारी का साथ होना शक्कर की चटनी में शहद के मिले होने जैसा है।

JAQUES.

[Aside]

A material fool!

जॉक

[एक कोने में]

एक द्रव्यवादी बेवकूफ!

AUDREY.

Well, I am not fair; and therefore I pray the gods make me honest.

ऑड्री

खैर, मैं खूबसूरत नहीं हूँ; और इसलिए मैं देवताओं से प्रार्थना करती हूँ कि वे मुझे वफादार बनायें।

TOUCHSTONE.

Truly, and to cast away honesty upon a foul slut were to put good meat into an unclean dish.

टचस्टोन

सचमुच, और एक बदसूरत तवायफ पर पवित्रता का परित्याग, एक अच्छे गोश्त को एक गंदी तश्तरी में रखने जैसा है।

AUDREY.

I am not a slut, though I thank the gods I am foul.

ऑड्री

मैं एक तवायफ नहीं हूँ, हालांकि मैं देवताओं को शुक्रिया अदा करती हूँ कि मैं बदसूरत हूँ।

TOUCHSTONE.

Well, praised be the gods for thy foulness;

sluttishness may come hereafter. But be it as it may be, I will marry thee; and to that end I have been with Sir Oliver Martext, the vicar of the next village, who hath promised to meet me in this place of the forest, and to couple us.

टचस्टोन

अच्छी बात है, देवताओं की गुणगान करो कि तुम बदसूरत हो; अन्यथा इसके बाद तुममें तवायफियत आ सकती है। लेकिन इसे ऐसे करो जैसे इसे होना चाहिए, मैं तुमसे शादी करूंगा; और इसके लिए मैं सर ऑलिवर मार्टेक्स्ट, जो अगले गाँव की चर्च में पादरी हैं, के पास गया था। उन्होंने मुझसे वादा किया है कि जंगल में इस जगह पर आकर वे मुझसे मिलेंगे और हमारा विवाह करायेंगे।

JAQUES.

[Aside]

I would fain see this meeting.

जॉक

[एक कोने में]

मुझे यह मिलन देखकर प्रसन्नता होगी।

AUDREY.

Well, the gods give us joy!

ऑड्री

अच्छी बात है, देवता हमें ख़ुशी दें!

TOUCHSTONE.

Amen. A man may, if he were of a fearful heart, stagger in this attempt; for here we have no temple but the wood, no assembly but horn-beasts. But what though? Courage! As horns are odious, they are necessary. It is said: 'Many a man knows no end of his goods.' Right! Many a man has good horns and knows no end of them.

Well, that is the dowry of his wife; 'tis none of his own getting. Horns? Even so. Poor men alone? No, no; the noblest deer hath them as huge as the rascal. Is the single man therefore blessed? No; as a walled town is more worthier than a village, so is the forehead of a married man more honourable than the bare brow of a bachelor; and by how much defence is better than no skill, by so much is horn more precious than to want.

टचस्टोन

आमीन। एक आदमी, यदि वह कमजोर दिल का हो, इसे करने की कोशिश में लड़खड़ा सकता है क्योंकि सिवाय जंगल के यहाँ हमारे पास कोई गिरजाघर नहीं है, जहाँ सभा नहीं होती, केवल 'हॉर्न-बीस्टस्'[72] आते हैं। लेकिन इससे क्या फर्क पड़ता है? हिम्मत से काम लेना होगा। जैसे कि 'हॉर्नस्'[73] अप्रिय होते हैं, फिर भी वे जरूरी हैं। यह कहा गया है, "कई लोग अपने सामानों की सीमा[74] को नहीं जानते।" सही है! कई लोग अच्छे 'हॉर्न' रखते हैं और उनकी सीमा नहीं जानते। खैर, यह उसकी पत्नी का दहेज है। जिसे कोई आदमी खुद हासिल नहीं कर सकता है[75]। 'हॉर्नस्!' बावजूद इसके केवल मर्दों के पास होता है? नहीं, नहीं। सबसे बढ़िया हिरन के 'हॉर्नस्' उतने ही बड़े होते हैं जितने एक निकृष्ट आदमी के। इसलिए क्या एक कुंवारा आदमी भाग्यशाली है? नहीं। जैसे चहारदीवारी से घिरा हुआ कस्बा एक गाँव से ज्यादा मूल्यवान होता है वैसे ही एक शादीशुदा आदमी का मस्तक एक कुंवारे आदमी के मस्तक की तुलना में कहीं अधिक सम्मानित है। और जैसे अकुशल होने की तुलना में

---

[72] हॉर्न-बीस्टस् (Horn-beasts) – मुख्यतः इसका तात्पर्य सींग वाले हिरन से है। परन्तु यूरोपीय देशों में "हॉर्न बीस्ट" का संबोधन उन आदमियों (cuckold) के लिए किया जाता था जिनकी पत्नियाँ बेवफा होती थी।

[73] हॉर्नस् (horns) –वे लोग जिनकी पत्नियाँ बेवफा होती थीं उनको हिरन के सींगों से दर्शाया जाता था। यहाँ कहने का आशय यह है कि भले ही किसी की पत्नी व्यभिचारिणी हो, परन्तु विवाहित होना आवश्यक है।

[74] कई लोग अपनी हद को नहीं जानते।

[75] यहाँ टचस्टोन का आशय है कि कई लोगों को अपनी सीमाओं में रहना नहीं आता। ऐसे लोगों की पत्नियों द्वारा बेवफाई, पतियों को दिए जाने वाले दहेज़ के समतुल्य है। क्योंकि कोई भी अविवाहित आदमी बिना विवाहित हुए बेवफा पत्नी नहीं पा सकता है।

बचाव के तरीके जानना बेहतर है, वैसे ही 'हॉर्न' के न होने की तुलना में उसका होना ज्यादा मूल्यवान है[76]।

[Enter SIR OLIVER MARTEXT]

[सर ऑलिवर मार्टेक्स्ट का प्रवेश]

TOUCHSTONE.

Here comes Sir Oliver. Sir Oliver Martext, you are well met. Will you dispatch us here under this tree, or shall we go with you to your chapel?

टचस्टोन

सर ऑलिवर इधर आ रहे हैं। सर ऑलिवर मार्टेक्स्ट, आप अच्छे मिले। क्या आप इस पेड़ के नीचे हमारा विवाह करा देंगे या हमें आपके साथ आपकी चर्च में चलना होगा?

MARTEXT.

Is there none here to give the woman?

मार्टेक्स्ट

इस औरत को सौंपने के लिए क्या यहाँ पर कोई और नहीं है?

TOUCHSTONE.

I will not take her on gift of any man.

टचस्टोन

किसी आदमी के तोहफे के रूप में मैं इसे स्वीकार नहीं करूंगा।

MARTEXT.

Truly, she must be given, or the marriage is not lawful.

मार्टेक्स्ट

[76] अर्थात अविवाहित रहने से बेहतर है कि शादी कर ली जाए।

* रचनात्मक चित्रण

सचमुच, (किसी व्यक्ति द्वारा) उसे तुम्हें सौंपा जाएगा अन्यथा यह विवाह विधिमान्य नहीं होगा।

JAQUES.

[Discovering himself]

Proceed, proceed; I'll give her.

जॉक

[खुद को सामने प्रकट करते हुए]

आगे बढ़े, आगे बढ़े; मैं इसे सौंपूंगा।

TOUCHSTONE.

Good even, good Monsieur What-ye-call't; how do you, sir? You are very well met. God'ild you for your last company. I am very glad to see you. Even a toy in hand here, sir. Nay; pray be covered.

टचस्टोन

शुभ संध्या, अच्छे श्रीमान। आपका नाम क्या है, आप कैसे हैं, श्रीमान? आप से अच्छी मुलाक़ात हुयी। आपकी उपस्थिति के लिए भगवान आपका भला करे। मैं आपको देखकर बेहद खुश हूँ। फिर भी यहाँ एक छोटी समस्या है, श्रीमान। नहीं, आप से विनती है आप अपना चेहरा छिपाए रखें।

JAQUES.

Will you be married, motley?

जॉक

विदूषक, क्या तुम शादी करोगे?

TOUCHSTONE.

As the ox hath his bow, sir, the horse his curb, and the falcon her bells, so man hath his desires; and as pigeons bill, so wedlock would be nibbling.

टचस्टोन

जैसे एक बैल का जुआ[77] होता है, श्रीमान, जैसे एक घोड़े की लगाम होती है, और जैसे बाज की रस्सी[78] होती है, वैसे ही आदमी की इच्छाएं होती हैं; और जैसे कबूतर चोंच मिलाते हैं वैसे ही इस विवाह-बंधन में अधरों का मिलन होगा।

JAQUES.

And will you, being a man of your breeding, be married under a bush, like a beggar? Get you to church and have a good priest that can tell you what marriage is; this fellow will but join you together as they join wainscot; then one of you will prove a shrunk panel, and like green timber warp, warp.

जॉक

और क्या तुम, अभिजात वर्ग का एक आदमी होने पर, एक भिखारी की भांति एक जंगल के अंदर शादी करोगे? चर्च जाओ और एक अच्छे पुजारी को पकड़ो जो तुम्हें बता सके शादी क्या है। यह आदमी (मार्टेक्स्ट) तुम्हें एक तो करेगा लेकिन वैसे ही जैसे लकड़ी के तख्तों को आपस में जोड़ा जाता है। फिर तुममें से कोई सिकुड़े फलक के समान अपने साथी से अलग हो जाएगा जैसे हरी लकड़ी सूखने पर मुड़ जाती है।

TOUCHSTONE.

[Aside]

I am not in the mind but I were better to be married of him than of another; for he is not like to marry me well; and not being well married, it will be a good excuse for me hereafter to leave my wife.

टचस्टोन

[एक कोने में]

मैंने ध्यान नहीं दिया लेकिन किसी अन्य की बजाय मैं इसी से शादी करवाना पसंद करता; क्योंकि सम्भवतः वह ठीक से मेरा विवाह नहीं करा सकता, और यदि हमारी

[77] जुताई के लिए बैलों को हल से बाँधने वाली जोत।

[78] बाज की रस्सी– एक रस्सी जो उसकी चोंच में फंसाकर बाँधी जाती है।

शादी ठीक ढंग से नहीं होती, तो इसके बाद अपनी पत्नी को छोड़ने का यह मेरे लिए एक अच्छा बहाना होता।

JAQUES.

Go thou with me, and let me counsel thee.

जॉक

तुम मेरे साथ चलो और मुझे तुम्हें परामर्श देने दो।

TOUCHSTONE.

Come, sweet Audrey;

We must be married or we must live in bawdry.

Farewell, good Master Oliver.

Not

O sweet Oliver,

O brave Oliver,

Leave me not behind thee.

But

Wind away,

Begone, I say,

I will not to wedding with thee.

टचस्टोन

आओ, प्यारी ऑड्री। या तो हमें कायदे से शादी करनी होगी या फिर हमें अनैतिक जीवन बिताना पड़ेगा। अलविदा, अच्छे श्रीमान, ऑलिवर।

नहीं–

ओ प्यारे ऑलिवर,

ओ बहादुर ऑलिवर,

मुझे अपने पीछे न छोड़ना।

लेकिन

दूर हटो,

दूर हटो, मैं कहता हूँ,

मैं तुमसे शादी नहीं करवाऊँगा।

[Exeunt JAQUES, TOUCHSTONE, and AUDREY]

[जॉक, टचस्टोन और ऑड्री का निकास]

MARTEXT.

'Tis no matter; ne'er a fantastical knave of them all shall flout me out of my calling.

मार्टेक्स्ट

मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता है। कल्पनाओं में जीने वाले ये धूर्त मेरे व्यवसाय का अपमान कर मुझे कभी विचलित नहीं कर सकते।

[Exit]

[निकास]

SCENE IV. The forest

दृश्य ४: जंगल

[Enter ROSALIND and CELIA]

[रोज़लिंड और सीलिया का प्रवेश]

ROSALIND.

Never talk to me; I will weep.

रोज़लिंड

मुझसे जरा भी बात मत करना; मैं रोऊँगी।

CELIA.

Do, I prithee; but yet have the grace to consider that tears do not become a man.

सीलिया

मैं विनती करती हूँ, रोओ; लेकिन यह याद रखना कि आंसू बहाने से कोई मर्द नहीं बनता।

ROSALIND.

But have I not cause to weep?

रोज़लिंड

लेकिन क्या मेरे पास रोने की कोई वजह नहीं हो सकती?

CELIA.

As good cause as one would desire; therefore weep.

सीलिया

(तुम) जितना चाहे उतना अच्छा कारण ढूंढ सकती हो; जाओ रोओ।

ROSALIND.

His very hair is of the dissembling colour.

रोज़लिंड

उसके बालों का रंग छलिये-सा[79] है।

CELIA.

Something browner than Judas's.

Marry, his kisses are Judas's own children.

सीलिया

उसके बालों का रंग जुडस से ज्यादा भूरा है। खुश! लेकिन उसके चुम्बन जुडस के बच्चे जैसे ही[80] हैं।

ROSALIND.

I' faith, his hair is of a good colour.

रोज़लिंड

कसम से, उसके बालों का रंग वाकई अच्छा है।

CELIA.

An excellent colour: your chestnut was ever the only colour.

सीलिया

नायाब रंग है : बिलकुल तुम्हारे शाहबलूत के रंग का।

ROSALIND.

And his kissing is as full of sanctity as the touch of holy bread.

---

[79] कहने का अर्थ है कि उसके बालों का रंग उसी तरह से लाल है जैसे कि जीसस को धोखे से मरवाने वाले जुडस, जीसस के शिष्य, का था।

[80] अर्थात वह जुडस जैसा ही छलिया है।

रोज़लिंड

और उसके चुम्बन, उतनी ही पवित्रता से परिपूर्ण हैं जितना पादरी की दी हुयी पवित्र रोटी का स्पर्श।

CELIA.

He hath bought a pair of cast lips of Diana. A nun of winter's sisterhood kisses not more religiously; the very ice of chastity is in them.

सीलिया

उसे डायना के भावनाशून्य होंठों के जोड़े मिल गये होंगे। जाड़े में सिस्टरहुड लेने वाली एक नन के चुम्बनों में उतनी धार्मिकता नहीं होती जितनी पवित्रता की शीतलता उनमें (ऑरलैंडो के चुम्बनों में) है।

ROSALIND.

But why did he swear he would come this morning, and comes not?

रोज़लिंड

लेकिन उसने यह कसम क्यों खायी थी कि वह सुबह आएगा, और (अब) वह नहीं आता है?

CELIA.

Nay, certainly, there is no truth in him.

सीलिया

नहीं, यकीनन, उसमें कोई सच्चाई नहीं है।

ROSALIND.

Do you think so?

रोज़लिंड

क्या तुम ऐसा सोचती हो?

CELIA.

Yes; I think he is not a pick-purse nor a horse-stealer; but for his verity in love, I do think him as concave as covered goblet or a worm-eaten nut.

सीलिया

हाँ; मैं सोचती हूँ न ही वह पाकेटमार है और न ही एक घोड़ा चुराने वाला, लेकिन प्यार में उसकी सच्चाई के लिए, मैं उसे ढके हुये खाली 'जाम'[81] या कीड़े द्वारा खाकर खोखले किये गये अखरोट जैसा समझती हूँ।

ROSALIND.

Not true in love?

रोज़लिंड

प्यार में सच्चा नहीं है?

CELIA.

Yes, when he is in; but I think he is not in.

सीलिया

हाँ, यद्यपि वह है; लेकिन मैं सोचती हूँ वह नहीं है।

ROSALIND.

You have heard him swear downright he was.

रोज़लिंड

तुमने उसे स्पष्ट रूप से कसम खाते हुए सुना है कि वह (प्यार में) था।

CELIA.

'Was' is not 'is'; besides, the oath of a lover is no stronger than the word of a tapster; they are both the confirmer of false reckonings. He attends here in the forest on the Duke, your father.

[81] शराब पीने के लिए गोल तले वाला कांच का गिलास

सीलिया

'था' 'है' नहीं है; इसके अलावा, एक प्रेमी की कसम 'टैपस्टर'[82] के शब्द से ज्यादा अहमियत नहीं रखती; वे दोनों ही झूठी बात की पुष्टि करने के लिए जाने जाते हैं। वह,यहाँ जंगल में, तुम्हारे पिता ड्यूक के पास गया है।

ROSALIND.

I met the Duke yesterday, and had much question with him. He asked me of what parentage I was; I told him, of as good as he; so he laughed and let me go. But what talk we of fathers when there is such a man as Orlando?

रोज़लिंड

मैं ड्यूक से बीते कल मिली थी, और उनसे मेरी काफी बातचीत हुयी थी। उन्होंने मुझसे मेरी पैदाइश के बारे में पूछा था; मैंने उन्हें बताया था मेरी पैदाइश उतनी ही अच्छी है जितनी उनकी, तो वे हंसे थे और फिर उन्होंने मुझे जाने दिया। लेकिन जब यहाँ (चर्चा के लिए) ऑरलैंडो जैसा एक आदमी मौजूद है तो हम पिता के बारे में क्या बात कर रहे हैं?

CELIA.

O, that's a brave man! He writes brave verses, speaks brave words, swears brave oaths, and breaks them bravely, quite traverse, athwart the heart of his lover; as a puny tilter, that spurs his horse but on one side, breaks his staff like a noble goose. But all's brave that youth mounts and folly guides. Who comes here?

सीलिया

ओह, वह एक बहादुर आदमी है! वह वीररस की कविताएँ लिखता है, बहादुरी के शब्द बोलता है, बहादुरी की कसमें खाता है और उन्हें बहादुरी से तोड़ता है, अपनी प्रेमिका के हृदय को वास्तव में आड़े-तिरछे तरीके से आशा के विपरीत कष्ट देता है; जैसे एक अदना घुड़सवार-भालेबाज अपने घोड़े को एड़ लगाता तो है लेकिन एक तरफ से और फिर वह एक कुलीन मूर्ख व्यक्ति की भांति अपने भाले को तुड़वा बैठता

[82] टैपस्टर (Tapster) - शराब खाने में शराब बांटने वाला व्यक्ति

है। लेकिन वह नौजवान जो ये सारी शेखियाँ हांकता है और मूर्खतायें करता है वह सब[83] बहादुरी है। यहाँ कौन आ रहा है?

[Enter CORIN]

[कॉरिन का प्रवेश]

CORIN.

Mistress and master, you have oft enquired

After the shepherd that complained of love,

Who you saw sitting by me on the turf,

Praising the proud disdainful shepherdess

That was his mistress.

कॉरिन

मालकिन-मालिक, प्रेम में ठुकराए गये उस चरवाहे के बारे में आप लोगों ने अकसर मुझसे पूछताछ की है, जिसे एक बार आप लोगों ने मेरे समीप घास पर बैठे हुए देखा था जो उस घमंडी घृणित गड़ेरियन, जिसे वह चाहता था, की तारीफी कर रहा था।

CELIA.

Well, and what of him?

सीलिया

हाँ, क्या हुआ उसका?

CORIN.

If you will see a pageant truly played

Between the pale complexion of true love

And the red glow of scorn and proud disdain,

Go hence a little, and I shall conduct you,

[83] शेखियां और बेवकूफियां।

If you will mark it.

कॉरिन

यदि आप सच्चे प्यार के कांतिहीन रूप और घृणा और गर्वीली नफरत की लालिमा की झांकी देखना चाहें तो मेरे साथ यहाँ से थोड़ी दूरी पर चलें और खुद ही इसे गौर करें।

ROSALIND.

(aside to CELIA)

O, come, let us remove!

The sight of lovers feedeth those in love.

—(as Ganymede)

Bring us to this sight, and you shall say

I'll prove a busy actor in their play.

रोज़लिंड

(एक कोने में सीलिया से)

आओ, हमें चलना चाहिए! प्रेमियों को देखने का दृश्य उन लोगों का पोषण करता है जो प्यार में होते हैं। - *(गैनमीड बनकर)* हमें उस जगह पर ले चलो, और (फिर) तुम मानोगे कि उनके इस नाटक में मैं एक महत्वपूर्ण अदाकार साबित होऊंगा।

[Exeunt]

[निकास]

SCENE V. Another part of the forest

दृश्य ५: जंगल का एक अन्य हिस्सा

[Enter SILVIUS and PHEBE]

[सिलवियस और फीबी का प्रवेश]

SILVIUS.

Sweet Phebe, do not scorn me; do not, Phebe.

Say that you love me not; but say not so

In bitterness. The common executioner,

Whose heart the accustomed sight of death makes hard,

Falls not the axe upon the humbled neck

But first begs pardon. Will you sterner be

Than he that dies and lives by bloody drops?

सिलवियस

प्यारी फीबी, मेरा तिरस्कार मत करो; मत करो, फीबी। कहो कि तुम मुझे नहीं चाहती; लेकिन इतनी कटुता से मत कहो। एक आम जल्लाद, जिसका हृदय मौतों को देखने का आदी होने से कठोर हो गया है, वह भी झुकी हुयी गर्दन पर कुल्हाड़े को चलाने से पहले माफ़ी मांगता है। क्या तुम उस आदमी से भी ज्यादा कठोर बन जाओगी जो दूसरों को इस प्रकार से मारकर अपनी आजीविका चलाता है।

[Enter ROSALIND, CELIA, and CORIN, at a distance]

[रोज़लिंड, सीलिया और कॉरिन का, कुछ दूरी पर, प्रवेश]

PHEBE.

I would not be thy executioner;

I fly thee, for I would not injure thee.

Thou tell'st me there is murder in mine eye.

'Tis pretty, sure, and very probable,

That eyes, that are the frail'st and softest things,

Who shut their coward gates on atomies,

Should be called tyrants, butchers, murderers!

Now I do frown on thee with all my heart;

And if mine eyes can wound, now let them kill thee.

Now counterfeit to swoon; why, now fall down;

Or, if thou canst not, O, for shame, for shame,

Lie not, to say mine eyes are murderers.

Now show the wound mine eye hath made in thee.

Scratch thee but with a pin, and there remains

Some scar of it; lean upon a rush,

The cicatrice and capable impressure

Thy palm some moment keeps; but now mine eyes,

Which I have darted at thee, hurt thee not;

Nor, I am sure, there is not force in eyes

That can do hurt.

फीबी

मैं तुम्हारी जल्लाद नहीं बनना चाहूंगी। मैं तुम्हें दूर भगाती हूँ क्योंकि मैं तुम्हें ठेस नहीं पहुंचाना चाहती। तुम मुझे बताओ क्या मेरी आँखें कातिल दिखाई देती हैं। ये खूबसूरत हैं, पक्के तौर पर और बहुत सम्भव है कि ये आँखें जो सबसे कमनीय और नाजुक चीजों में आतीं हैं, जो अपनी पलकों के दरवाजों को धूल उड़ने पर बंद कर लेती हैं, क्या इन्हें निरंकुश, कसाई या कातिल कहा जाना चाहिए। अब मैं अपने पूरे दिल से तुम पर त्योरियों को चढ़ाती हूँ और यदि मेरी आँखें तुम्हें चोट पहुंचा सकें, तो

उन्हें तुम्हारी हत्या करने दो। अब तुम झूठमूठ बेहोश होने का अभिनय करो, क्यों, अब तुम गिरते क्यों नहीं या यदि तुम ऐसा कर नहीं सकते तो तुम्हें धिक्कार है, धिक्कार है। मेरी आँखें कातिलाना हैं यह कहकर झूठ मत बोलो। अब मुझे वे जख्म दिखाओ जो मेरी आँखों ने तुम्हें पहुंचाए हैं। केवल सुई से भी (यदि) तुम खुद को खरोंचते हो तो इसके निशान त्वचा पर रह जाते हैं। भागदौड़ में यदि तुम गिरते हो तो तुम्हारी हथेलियों पर कुछ देर के लिए दाग बन जाते हैं और निशान पड़ जाते हैं। लेकिन अब मेरी आँखों से, जिनसे मैंने तुम्हें निशाना बनाया है, तुम्हें कोई चोट नहीं पहुंची है और न ही इन आँखों में कोई ऐसी शक्ति हैं कि यह तुम्हें चोट पहुंचा सकें, यह बात मैं पक्के तौर पर कहती हूँ।

SILVIUS.

O dear Phebe,

If ever- as that ever may be near

You meet in some fresh cheek the power of fancy,

Then shall you know the wounds invisible

That love's keen arrows make.

सिलवियस

ओ प्यारी फीबी, निकट भविष्य में – जब कभी तुम किसी शोख़ अल्हड़ नौजवान से मिलोगी तब तुम्हें चाहत की शक्ति का अहसास होगा और तब तुम उन अदृश्य जख्मों के बारे में जानोगी जिन्हें प्रेम के नुकीले बाण बनाते हैं।

PHEBE.

But till that time

Come not thou near me; and when that time comes,

Afflict me with thy mocks, pity me not;

As till that time I shall not pity thee.

फीबी

लेकिन तब तक के लिए तुम मेरे करीब न आओ। और जब वह समय आये, तुम अपने मजाकों से मुझे त्रस्त करना, मुझ पर तरस न खाना, क्योंकि उस समय के आने तक मैं तुम पर कोई तरस नहीं खाने वाली।

ROSALIND.

[Advancing, as Ganymede]

And why, I pray you? Who might be your mother,

That you insult, exult, and all at once,

Over the wretched? What though you have no beauty

As,by my faith, I see no more in you

Than without candle may go dark to bed

Must you be therefore proud and pitiless?

Why, what means this? Why do you look on me?

I see no more in you than in the ordinary

Of nature's sale-work. 'Od's my little life,

I think she means to tangle my eyes too!

No faith, proud mistress, hope not after it;

'Tis not your inky brows, your black silk hair,

Your bugle eyeballs, nor your cheek of cream,

That can entame my spirits to your worship.

You foolish shepherd, wherefore do you follow her,

Like foggy south, puffing with wind and rain?

You are a thousand times a properer man

Than she a woman. 'Tis such fools as you

That makes the world full of ill-favoured children.

'Tis not her glass, but you, that flatters her;

And out of you she sees herself more proper

Than any of her lineaments can show her.

But, mistress, know yourself. Down on your knees,

And thank heaven, fasting, for a good man's love;

For I must tell you friendly in your ear:

Sell when you can; you are not for all markets.

Cry the man mercy, love him, take his offer;

Foul is most foul, being foul to be a scoffer.

So take her to thee, shepherd. Fare you well.

रोज़लिंड

[गैनमीड बनकर, आगे आते हुए]

और (ऐसा) क्यों, कृपया मुझे बताओ? तुम्हारी माँ कोई भी हो[84]! (तुम्हें कोई हक नहीं है) कि तुम (इस तरह से) अचानक ही एक अति-दुःखी व्यक्ति का (सिलवियस का) अपमान करो, और खुश होओ, क्या फर्क पड़ता है, यदि तुम सुंदर न होती – क्योंकि, मेरा यकीन है, बिना मोमबत्ती के अँधेरे में बिस्तर पर मुझे तुममें कोई सुन्दरता न दिखती – इसलिए क्या तुम्हें घमंडी होना चाहिए और निर्दयता करनी चाहिए? अरे, इसका[85] क्या मतलब? तुम मुझे क्या घूर रही हो? प्रकृति की सामान्य बिकाऊ चीज से अधिक मैं तुममें कुछ भी नहीं देखता हूँ –हे भगवान, मैं सोचती हूँ कि वह भी मुझसे आँखें लड़ाना चाहती है[86]।- नहीं, ऐ घमंडी औरत आगे से ऐसा सोचना भी मत। तुम्हारी ये स्याह भौंहें, तुम्हारे ये मखमली काले बाल, तुम्हारी ये छोटी चमकीली काली आँखें और न ही तुम्हारे मक्खन से गाल, ये सब भी मुझे तुम्हारे वश में नहीं

[84] कहने का अर्थ है चाहे तुम्हारी माँ कितनी भी बड़ी हस्ती हो।

[85] घमंड और निर्दयता का।

[86] यह वाक्य रोजलिंड अपने मन में सोचती है कि फ़ीबी उसके प्यार में पड़ गयी है और चाहती है कि मैं भी उससे प्यार करूं।

कर सकते हैं – बेवकूफ गड़ेरिये, कुहरे वाली दक्षिणी हवा की भांति तुम क्यों बरस रहे हो[87], तुम किसलिए उसका पीछा कर रहे हो? तुम उस औरत से हजार गुना बेहतर आदमी हो। तुम्हारे जैसे मूर्ख ही होंगे जो इस दुनिया को बदमिजाज बच्चों की आबादी से भर देते हैं[88]। यह उसका आईना नहीं है जो उसे सुंदर बता रहा है बल्कि तुम हो जो उसकी चापलूसी कर रहे हो, और तुम्हारे बिना वह अपने असली चेहरे को अपनी किसी भी छवि से कहीं ज्यादा बेहतर तरीके से देख सकती है।- लेकिन, देवीजी, खुद को जानो। एक अच्छे आदमी का प्यार नसीब होने के लिए अपने घुटनों के बल नीचे बैठो और स्वर्ग को धन्यवाद दो, उपवास रखो। इसलिए एक दोस्त की तरह मैं तुम्हारे कान में यह बात जरूर कहूँगा कि बेचना तभी चाहिए जब तुम (सही कीमत पर) बेच सको – हर बाजार के लिए तुम हमेशा उपयुक्त नहीं हो सकते। इस आदमी से माफ़ी मांगो, उससे प्यार करो और उसके प्रस्ताव को स्वीकार करो। अभद्र होना सबसे अधिक बुरा है, लेकिन अभद्र होना मजाक उड़ाने वाले जैसा होना है – इसलिए गड़ेरिये तुम जाकर उसे थाम लो। अलविदा।

PHEBE.

Sweet youth, I pray you chide a year together;

I had rather hear you chide than this man woo.

फीबी

प्यारे नौजवान, मैं तुमसे विनती करती हूँ मुझे तुम ऐसे ही एक साल तक बराबर डांटते रहो; मैं इस (गड़ेरिये) के विवाह प्रस्ताव को सुनने की बजाय तुम्हारी डांट सुनना ज्यादा पसंद करूंगी।

ROSALIND.

He's fall'n in love with your foulness. *(to SILVIUS)* And she'll fall in love with my anger. If it be so, as fast as she answers thee with frowning looks, I'll sauce her with bitter words. *(to PHOEBE)* Why look you so upon me?

---

[87] अर्थात आंसू बहा रहे हो।

[88] कहने का अर्थ है फीबी जैसी औरत से शादी करके वह दुनिया को वैसे ही बदमिजाज बच्चों की आबादी से भर देगा।

रोज़लिंड

वह तुम्हारी अशिष्टता पर भी मर मिटा है।*(सिलवियस से)* और वह मेरे रोष पर मर मिटी है। यदि ऐसी बात है तो जितनी तेजी से वह भौंह दिखाते हुए तुम्हें जवाब देती है, मैं भी उसे वैसे ही कटु शब्द सुनाकर फटकारूंगा। *(फीबी से)* तुम मुझे ऐसे क्यों घूरती हो?

PHEBE.

For no ill will I bear you.

फीबी

तुम्हारे लिए मेरा कोई दुराग्रह नहीं है।

ROSALIND.

I pray you do not fall in love with me,

For I am falser than vows made in wine;

Besides, I like you not. If you will know my house,

'Tis at the tuft of olives here hard by.

Will you go, sister? Shepherd, ply her hard.

Come, sister. Shepherdess, look on him better,

And be not proud; though all the world could see,

None could be so abused in sight as he.

Come, to our flock.

रोज़लिंड

मैं तुमसे विनती करता हूँ, मेरे प्यार में मत पड़ो। क्योंकि शराब के नशे में खायी गयी कसमों से भी ज्यादा झूठे वायदे मैं करता हूँ। इसके अलावा, मैं तुम्हें पसंद नहीं करता। फिर भी यदि तुम मेरा घर जानना चाहोगी तो वह जैतून की झाड़ियों के समीप में ही है।- बहन, क्या तुम चलोगी?- गड़ेरिये उसे मनाने की कोशिश करते रहो। - आओ बहन। - गड़ेरियन, उसका अच्छे से ख्याल रखना और ज्यादा मत इतराना। भले ही

सारा संसार तुम्हें देख सकता हो लेकिन तुम्हारे प्यार में कोई इतना अँधा नहीं हो सकता जितना कि वह है। - चलो, अपनी भेड़ों के पास चलो।

[Exeunt ROSALIND, CELIA, and CORIN]

[रोज़लिंड, सीलिया और कॉरिन का निकास]

PHEBE.

Dead shepherd, now I find thy saw of might:

'Who ever loved that lov'd not at first sight?'

फीबी

मृत शेफर्ड[89], अब मैं तुम्हारी बात का मतलब जान पायी हूँ : "भला वह क्या प्यार करेगा जिसने पहली नजर में प्यार नहीं किया?"

SILVIUS.

Sweet Phebe.

सिलवियस

प्यारी फीबी।

PHEBE.

Ha! what say'st thou, Silvius?

फीबी

हा! तुम्हें क्या कहना है, सिलवियस?

SILVIUS.

Sweet Phebe, pity me.

सिलवियस

प्यारी फीबी, मुझ पर तरस खाओ।

---

[89] शेफर्ड (Shepherd) – शेक्सपियर के समकालीन एक लेखक जिनका असली नाम क्रिस्टोफर मार्लो था, जिनकी मौत सन 1593 में हुयी थी।

PHEBE.

Why, I am sorry for thee, gentle Silvius.

फीबी

अच्छे सिलवियस, मुझे तुम्हारे लिए अफ़सोस है।

SILVIUS.

Wherever sorrow is, relief would be.

If you do sorrow at my grief in love,

By giving love, your sorrow and my grief

Were both extermined.

सिलवियस

जहाँ कहीं अफ़सोस होता है, वहां उपचार भी होता है। यदि प्यार में मेरे दुःख के लिए तुम अफ़सोस करती हो, तो मुझे अपना प्यार देकर, तुम अपने अफ़सोस और मेरे दुःख दोनों को ही नष्ट कर सकती हो।

PHEBE.

Thou hast my love; is not that neighbourly?

फीबी

तुम्हें मेरा स्नेह मिला है; क्या वह मित्रवत बर्ताव नहीं है?

SILVIUS.

I would have you.

सिलवियस

मैं तुम्हें पाना चाहता हूँ।

PHEBE.

Why, that were covetousness.

Silvius, the time was that I hated thee;

And yet it is not that I bear thee love;

But since that thou canst talk of love so well,

Thy company, which erst was irksome to me,

I will endure; and I'll employ thee too.

But do not look for further recompense

Than thine own gladness that thou art employed.

फीबी

अरे, यह तो लोलुपता हुयी, सिलवियस, एक समय था जब मैं तुमसे नफरत करती थी। और अभी भी ऐसा नहीं है कि मैं तुम्हारे प्यार को सहन कर सकूं, लेकिन क्योंकि तुम प्यार के विषय में बहुत अच्छे से बात कर सकते हो, इसलिए तुम्हारी संगति, जो पहले मेरे लिए परेशानी का सबब थी, को मैं बर्दाश्त कर लूंगी, और साथ ही तुम्हें काम भी दूँगी। लेकिन तुम्हें काम दिया गया है इसके लिए खुद खुश होने के सिवाय इससे अधिक किसी और इनाम की उम्मीद तुम मत करना।

SILVIUS.

So holy and so perfect is my love,

And I in such a poverty of grace,

That I shall think it a most plenteous crop

To glean the broken ears after the man

That the main harvest reaps; loose now and then

A scattered smile, and that I'll live upon.

सिलवियस

मेरा प्यार कितना पवित्र और कितना पूर्ण है। और मुझ पर किस्मत का ऐसा अकाल पड़ा है कि मैं इसे सोचूंगा जैसे एक बहुत ही उपजाऊ फसल को कोई व्यक्ति काट ले उसके बाद जो बची-खुची फसल है मैं उसे बटोर रहा हूँ। बेमन से, एक मुस्कान ही कभी-कभी मुझ पर फेंक दिया करो और मैं उसके सहारे जी लिया करूंगा।

PHEBE.

Know'st thou the youth that spoke to me erewhile?

फीबी

क्या तुम उस नौजवान को जानते हो जिसने अभी कुछ देर पहले मुझसे बातें की थीं?

SILVIUS.

Not very well; but I have met him oft;

And he hath bought the cottage and the bounds

That the old carlot once was master of.

सिलवियस

बहुत अच्छी तरह से तो नहीं; लेकिन मैं उससे अकसर मिला हूँ। और उसने एक झोंपड़ी और उसके आसपास की जमीन खरीदी है, जिसका मालिक, किसी समय एक बूढ़ा कंजूस हुआ करता था।

PHEBE.

Think not I love him, though I ask for him;

'Tis but a peevish boy; yet he talks well.

But what care I for words? Yet words do well

When he that speaks them pleases those that hear.

It is a pretty youth- not very pretty;

But, sure, he's proud; and yet his pride becomes him.

He'll make a proper man. The best thing in him

Is his complexion; and faster than his tongue

Did make offence, his eye did heal it up.

He is not very tall; yet for his years he's tall;

His leg is but so-so; and yet 'tis well.

There was a pretty redness in his lip,

A little riper and more lusty red

Than that mixed in his cheek; 'twas just the difference

Betwixt the constant red and mingled damask.

There be some women, Silvius, had they marked him

In parcels as I did, would have gone near

To fall in love with him; but, for my part,

I love him not, nor hate him not; and yet

I have more cause to hate him than to love him;

For what had he to do to chide at me?

He said mine eyes were black, and my hair black,

And, now I am remembered, scorned at me.

I marvel why I answered not again;

But that's all one: omittance is no quittance.

I'll write to him a very taunting letter,

And thou shalt bear it; wilt thou, Silvius?

फीबी

हालांकि मैं उसके बारे में पूछ रही हूँ लेकिन तुम यह मत सोचना कि मैं उसके प्यार में हूँ - वह एक चिड़चिड़ा लड़का है फिर भी बात करने में माहिर है – लेकिन मैं उसके शब्दों की क्यों परवाह करूं? फिर भी उसके शब्दों में जादू है जब वह बोलता है तो उसकी बातें सुनने वालों को आनंदित करती हैं। वह एक खूबसूरत नौजवान है हालांकि बहुत खूबसूरत नहीं है – लेकिन निश्चित ही वह स्वाभिमानी है – और किसी दिन उसका गर्व उसका व्यक्तित्व बन जाएगा। वह एक आकर्षक व्यक्तित्व वाला आदमी बनेगा। उसमें सबसे अच्छी बात उसका रूपरंग है; और जब उसकी जबान मुझे बुरा-भला कह कर चोट पहुंचा रही थी तब उससे भी ज्यादा तेजी से उसकी आँखें मेरे जख्मों को भर रही थीं। वह बहुत लम्बा तो नहीं है – लेकिन अपनी उम्र के हिसाब से वह लम्बा है। उसकी टांगे देखने में जैसे-तैसे ठीक ही हैं – फिर भी कुल

मिलाकर वह ठीक है। उसके होंठ उसके गालों से कुछ ज्यादा ही लावण्यतापूर्ण, कुछ रसीले से और कामुकता की, लालिमा लिए हुए थे। उसके होंठों और गालों में इतना ही अंतर था जितना एक सतत लालिमा लिए लाल रंग और एक सफेदी मिले हुए लाल रंग में होता है। वहां कुछ औरतें भी होंगी, सिलवियस, क्या उन्होंने उसे वैसे ही बारीकी से गौर किया था जैसे मैंने किया था, उसके प्यार में पड़ने के लिए वे भी उसके करीब जा सकती थीं; लेकिन जहाँ तक मेरा प्रश्न है न मैं उससे प्यार करती हूँ और न ही नफरत करती हूँ; और इसके अलावा मेरे पास उससे प्यार करने की तुलना में नफ़रत करने की वजह है। इस तरह से मुझे फटकारने का उसे क्या हक था? उसने कहा था कि मेरी आँखें काली हैं और मेरे बाल काले हैं, और अब मैं याद करती हूँ तो उसने मेरा तिरस्कार किया था। मैं चकित हूँ कि मैंने फिर उसे जवाब क्यों नहीं दिया था। लेकिन अंत में एक बात यह है कि चूक होना छोड़ दिया जाना नहीं है। मैं उसे एक बहुत ही अधिक क्रुद्ध करने वाला पत्र लिखूंगी, और तुम इसे (पत्र को) उसके पास ले जाओगे। क्या तुम ले जाओगे, सिलवियस?

SILVIUS.

Phebe, with all my heart.

सिलवियस

पूरे दिल से, फीबी।

PHEBE.

I'll write it straight;

The matter's in my head and in my heart;

I will be bitter with him and passing short.

Go with me, Silvius.

फीबी

मैं इसे फौरन लिखूंगी। पत्र में लिखी जाने वाली बातें मेरे दिल-दिमाग में गूँज रही हैं। मुझे उसके प्रति कटु और रुखा होना होगा। सिलवियस, मेरे साथ चलो।

[Exeunt]

[निकास]

ACT IV.

नाटकांक ४

SCENE I. The forest

दृश्य १: जंगल

[Enter ROSALIND, CELIA, and JAQUES]

[रोज़लिंड, सीलिया और जॉक का प्रवेश]

JAQUES.

I prithee, pretty youth, let me be better acquainted with thee.

जॉक

मैं विनती करता हूँ, खूबसूरत नौजवान, मैं तुम्हें ज्यादा बेहतर जानना चाहूँगा।

ROSALIND.

They say you are a melancholy fellow.

रोज़लिंड

वे कहते हैं, आप एक गम्भीर आदमी हैं।

JAQUES.

I am so; I do love it better than laughing.

जॉक

मैं ऐसा ही हूँ; मैं हंसने की तुलना गम्भीर रहना ज्यादा पसंद करता हूँ।

ROSALIND.

Those that are in extremity of either are abominable fellows, and betray themselves to every modern censure worse than drunkards.

रोज़लिंड

पराकाष्ठा पार करने वाले लोग बहुत ही खराब होते हैं और खुद को धोखा देकर वे शराबियों से बदतर, हर जगह निंदा के पात्र होते हैं।

JAQUES.

Why, 'tis good to be sad and say nothing.

जॉक

खैर, अच्छा यही है कि उदास रहा जाये और कुछ न कहा जाए।

ROSALIND.

Why then, 'tis good to be a post.

रोज़लिंड

अरे तब, तो इसे एक पद बना देना अच्छा है।

JAQUES.

I have neither the scholar's melancholy, which is emulation; nor the musician's, which is fantastical; nor the courtier's, which is proud; nor the soldier's, which is ambitious; nor the lawyer's, which is politic; nor the lady's, which is nice; nor the lover's, which is all these; but it is a melancholy of mine own, compounded of many simples, extracted from many objects, and, indeed, the sundry contemplation of my travels; in which my often rumination wraps me in a most humorous sadness.

जॉक

मेरी गम्भीरता न एक विद्वान जैसी है, जो श्रेष्ठता दिखाने के लिए होती है; और न ही एक संगीतकार जैसी, जिसमें कल्पनाशीलता होती है; न ही एक दरबारी जैसी, जिसमें गर्व होता है; न ही एक सैनिक जैसी, जिसमें महत्वाकांक्षा होती है; न ही एक वकील जैसी; जिसमें चतुराई होती है; न ही एक औरत जैसी, जो अच्छी होती है; न ही एक प्रेमी जैसी, जिसमें ये सारे लक्षण होते हैं, लेकिन यह मेरी अपनी खुद की गम्भीरता है, जो छोटी-छोटी साधारण बातों का मिश्रण है, जिसे कई चीजों से लिया गया है, और

वास्तव में यह मेरी यात्राओं का विविध चिन्तन है, जिसमें प्रायः किये जाने वाले मेरे आत्ममंथन मुझे एक सर्वाधिक तरंगशील उदासी में लपेट देते हैं।

ROSALIND.

A traveller! By my faith, you have great reason to be sad. I fear you have sold your own lands to see other men's; then to have seen much and to have nothing is to have rich eyes and poor hands.

रोज़लिंड

एक यात्री! कसम से, आपके पास गम्भीर होने का एक बड़ा कारण है। मुझे भय है कि दूसरों की जमीनें देखने के लिए आपने अपनी जमीनों को बेच दिया है; फिर बहुत कुछ देखने और खुद के पास कुछ न होने के कारण आँखें तो सम्पन्न हो गयीं लेकिन हाथ कंगाल हो गये।

JAQUES.

Yes, I have gained my experience.

जॉक

हाँ, लेकिन मैंने अपना अनुभव हासिल किया।

[Enter ORLANDO]

[ऑरलैंडो का प्रवेश]

ROSALIND.

And your experience makes you sad. I had rather have a fool to make me merry than experience to make me sad- and to travel for it too.

रोज़लिंड

और आपके अनुभव आपको गम्भीर बनाते हैं। ऐसे अनुभव, जो मुझे उदासी दे और जिसके लिये मुझे यात्रा भी करनी पड़े, को हासिल करने की बजाय खुश रहने के लिए मैं एक मूर्ख बनना पसंद करूंगा।

ORLANDO.

Good day, and happiness, dear Rosalind!

ऑरलैंडो

प्यारी रोज़लिंड, दिन शुभ हो और तुम्हें खुशियाँ मिलें!

JAQUES.

Nay, then, God buy you, an you talk in blank verse.

जॉक

नहीं, तब, तुम्हें अलविदा, और तुम बेतुके छंद में बातें करो।

ROSALIND.

Farewell, Monsieur Traveller; look you lisp and wear strange suits, disable all the benefits of your own country, be out of love with your nativity, and almost chide God for making you that countenance you are; or I will scarce think you have swam in a gondola.

रोज़लिंड

अलविदा, श्रीमान यात्री; अपनी अस्पष्ट बोली पर ध्यान दें और विचित्र कपड़े पहने, और अपने देश से मिलने वाले सारे फायदों को त्यागकर, अपनी नागरिकता के लोगों से मिले प्रेम को भुला दें, और भगवान को लगभग झिड़के कि उसने आपकी मुखाकृति ऐसे बनायी जैसे कि वह है अन्यथा मैं शायद ही सोचूंगा कि आप गोंडोला-नाव[90] में तैर चुके हैं।

[Exit JAQUES]

[जॉक का निकास]

ROSALIND.

(as Ganymede pretending to be ROSALIND)

[90] वेनिस की संकरी नहरों के लिए बनायी गयी विशेष नाव।

Why, how now, Orlando! where have you been all this while? You a lover! An you serve me such another trick, never come in my sight more.

रोज़लिंड

(गैनमीड बनकर रोज़लिंड होने का अभिनय करते हुए)

अरे, अभी कैसे, ऑरलैंडो! इतने समय तुम कहाँ रहे? तुम एक प्रेमी हो! और तुमने मेरे साथ ऐसी कोई अन्य चालबाजी की तो दोबारा मेरी नजरों के सामने मत आना।

ORLANDO.

My fair Rosalind, I come within an hour of my promise.

ऑरलैंडो

मेरी सुंदर रोज़लिंड, मैं घंटे भर ही देर हूँ।

ROSALIND.

Break an hour's promise in love! He that will divide a minute into a thousand parts, and break but a part of the thousand part of a minute in the affairs of love, it may be said of him that Cupid hath clapped him o' th' shoulder, but I'll warrant him heart-whole.

रोज़लिंड

प्यार में किये गये वायदे को तोड़कर तुम एक घंटे देर से आये हो! प्यार के मामलों में जो कोई अपने प्रेमी से मिलने में एक मिनट के हजारवें हिस्से की भी देरी करता है तो भले ही कामदेव उसके कंधे को थपथपाकर उसका स्वागत करें, लेकिन मैं उसे अपने दिल में झाँकने के लिए कहूँगी[91]।

ORLANDO.

Pardon me, dear Rosalind.

ऑरलैंडो

[91] रोजलिंड के कहने का अर्थ है कि वह प्रेमी से कहेगी कि वह अपने दिल में झांके और पता करे क्या वह वाकई प्यार करता है।

मुझे क्षमा करो, प्यारी रोज़लिंड।

ROSALIND.

Nay, an you be so tardy, come no more in my sight. I had as lief be wooed of a snail.

रोज़लिंड

नहीं, और तुम ऐसे ही सुस्त रहे तो मेरी नजरों के सामने मत आना। तुम्हारी बजाय मैं एक घोंघे के शादी के प्रस्ताव को स्वीकार कर लूंगी।

ORLANDO.

Of a snail!

ऑरलैंडो

घोंघे के!

ROSALIND.

Ay, of a snail; for though he comes slowly, he carries his house on his head- a better jointure, I think, than you make a woman; besides, he brings his destiny with him.

रोज़लिंड

हाँ, घोंघे के; क्योंकि भले ही वह सुस्ती से आता है, वह अपने घर को अपने सिर पर लेकर चलता है – मैं सोचती हूँ एक औरत से किये गये तुम्हारे प्रस्ताव की तुलना में उसका प्रस्ताव बेहतर है[92]। इसके अलावा वह अपनी किस्मत अपने साथ लेकर आता है।

ORLANDO.

What's that?

[92] यहाँ रोज़लिंड कह रही है कि किसी औरत के लिए ऑरलैंडो की अपेक्षा घोंघे का शादी का प्रस्ताव बेहतर है क्योंकि उसके सिर पर छत होती है जबकि ऑरलैंडो के भाई ऑलिवर ने ऑरलैंडो की संपत्ति हड़प ली है और वह बेघर हो गया है।

ऑरलैंडो

वह क्या है?

ROSALIND.

Why, horns; which such as you are fain to be beholding to your wives for; but he comes armed in his fortune, and prevents the slander of his wife.

रोज़लिंड

अरे, 'हॉर्नस्', जिसके लिए तुम लोग अपनी पत्नियों को दोष देकर खुश होते हो[93]। लेकिन वह (घोंघा) अपनी किस्मत के साथ सुसज्जित होकर आता है और अपनी पत्नी को मिथ्याकलंकित होने से बचाता है[94]।

ORLANDO.

Virtue is no horn-maker; and my Rosalind is virtuous.

ऑरलैंडो

सद्चरित्रता से 'हॉर्न' नहीं बनते; और मेरी रोज़लिंड सद्चरित्र है[95]।

ROSALIND.

And I am your Rosalind.

रोज़लिंड

और मैं तुम्हारी रोज़लिंड हूँ।

---

[93] हॉर्नस् (horns)–यहाँ भी हॉर्नस् का आशय पत्नी द्वारा अपने पति से की गई बेवफाई से है, जिसका दोष ज्यादातर पति अपनी पत्नियों पर मढ़ते हैं।

[94] रोज़लिंड कह रही है कि किस्मत से घोंघे को पहले से ही 'हॉर्नस्' मिले रहते हैं। इसलिए उसकी पत्नी पर व्यभिचारिणी होने का लांछन नहीं लगता है, चाहे वह दुश्चरित्र ही क्यों न हो।

[95] ऑरलैंडो का आशय है कि यदि किसी की पत्नी अच्छे चरित्र की हो तो पति के 'हॉर्न' नहीं होते। और चूँकि रोज़लिंड अच्छे चरित्र वाली है, इसलिए उससे विवाह के उपरान्त ऑरलैंडो के भी 'हॉर्न' नहीं होंगे।

CELIA.

(as Aliena)

It pleases him to call you so; but he hath a Rosalind of a better leer than you.

सीलिया

(एलियना के रूप में)

तुम्हें ऐसे सम्बोधित कर उसे[96] ख़ुशी होती है; लेकिन वह रोज़लिंड को उस बुरी नजर से नहीं देखता जैसे तुम देखते हो।

ROSALIND.

Come, woo me, woo me; for now I am in a holiday humour, and like enough to consent. What would you say to me now, an I were your very very Rosalind?

रोज़लिंड

आओ, मुझसे शादी का प्रस्ताव करो, मुझसे शादी का प्रस्ताव करो; क्योंकि अब मैं एक अच्छे मूड में हूँ और सम्भवतः वह हामी के लिए काफी है। यदि मैं तुम्हारी प्यारी प्यारी रोज़लिंड होती, तब तुम मुझसे क्या कहते?

ORLANDO.

I would kiss before I spoke.

ऑरलैंडो

कुछ कहने से पहले मैं चुम्बन करना पसंद करता।

ROSALIND.

Nay, you were better speak first; and when you were graveled for lack of matter, you might take occasion to kiss. Very good orators,

[96] ऑरलैंडो को

when they are out, they will spit; and for lovers lacking- God warn us!- matter, the cleanliest shift is to kiss.

रोज़लिंड

नहीं, बेहतर होगा कि पहले तुम अपनी बात कहो; और जब तुम अपनी बात कहने में असमर्थता महसूस करो तब तुम चुम्बन ले सकते हो। बहुत अच्छे वक्ता, जब बोल नहीं पाते, तो वे थूकेंगे; और जब प्रेमी अपनी बात नहीं कह पाते – भगवान हमें बचाए! – वे चुम्बन लेते हैं।

ORLANDO.

How if the kiss be denied?

ऑरलैंडो

क्या होगा यदि चुम्बन मना कर दिया जाए?

ROSALIND.

Then she puts you to entreaty, and there begins new matter.

रोज़लिंड

तब वह मनाने के लिए कहेगी, और वहां से नई शुरुआत होगी।

ORLANDO.

Who could be out, being before his beloved mistress?

ऑरलैंडो

कोई अपनी प्रेमिका के सामने होने पर भला कैसे नई शुरुआत करेगा?

ROSALIND.

Marry, that should you, if I were your mistress; or I should think my honesty ranker than my wit.

रोज़लिंड

यदि मैं तुम्हारी प्रेमिका होती तो तुम कोशिश करते; या मैं यह सोचूँ कि मेरी सच्चरित्रता मेरी समझ से श्रेष्ठ है[97]।

ORLANDO.

What, of my suit?

ऑरलैंडो

क्या, अपने सूट[98] से बाहर आना?

ROSALIND.

Not out of your apparel, and yet out of your suit. Am not I your Rosalind?

रोज़लिंड

तुम्हें कपड़े उतारने की जरूरत नहीं है, फिर भी तुम्हें अपने सूट[99] से बाहर आना चाहिए। क्या मैं तुम्हारी रोज़लिंड नहीं हूँ?

ORLANDO.

I take some joy to say you are, because I would be talking of her.

ऑरलैंडो

तुम्हें रोजलिंड कहकर मैं कुछ आनन्दित होता हूँ, क्योंकि मुझे लगता है मैं उससे बात कर रहा होता हूँ।

ROSALIND.

Well, in her person, I say I will not have you.

---

[97] अर्थात यह कि यदि ऑरलैंडो गैनमीड की बात नहीं मानता और तब गैनमीड रोजलिंड को जितना सच्चरित्र समझता है उससे स्वयं को ज्यादा सच्चरित्र समझते हुए वह खुद को रोजलिंड बनाकर ऑरलैंडो को मनाने की कोशिश न करेगा।

[98] सूट (suit) का अर्थ रोज़लिंड को लेकर ऑरलैंडो के प्यार के दावे से है जिससे बाहर आकर उसे रोजलिंड को मनाने की बात कही गयी है किन्तु जिसे रोज़लिंड कपड़े के अर्थ में लेती है।

[99] सूट (suit) का अर्थ ऑरलैंडो के प्यार के दावे से है।

रोज़लिंड

अच्छी बात है, उसकी तरफ से, मैं कहती हूँ मुझे तुम्हारी जरूरत नहीं है।

ORLANDO.

Then, in mine own person, I die.

ऑरलैंडो

तब, मैं खुद कहूँगा कि मैं मर जाऊँ।

ROSALIND.

No, faith, die by attorney. The poor world is almost six thousand years old, and in all this time there was not any man died in his own person, videlicet, in a love-cause. Troilus had his brains dashed out with a Grecian club; yet he did what he could to die before, and he is one of the patterns of love. Leander, he would have lived many a fair year, though Hero had turned nun, if it had not been for a hot midsummer night; for, good youth, he went but forth to wash him in the Hellespont, and, being taken with the cramp, was drowned; and the foolish chroniclers of that age found it was- Hero of Sestos. But these are all lies: men have died from time to time, and worms have eaten them, but not for love.

रोज़लिंड

नहीं, भगवान के लिए, मरना है तो वकील के जरिये मरो। यह बेचारी दुनिया लगभग छह हजार साल पुरानी है, और इस पूरी कालावधि में कोई भी आदमी ऐसा नहीं था जो खुद मरा हो, खासकर प्यार के कारण। एक यूनानी छड़ी से पीट-पीटकर ट्रॉइलस[100] के भेजे[101] को उसके सिर से बाहर निकाल दिया गया था, फिर भी उसने वह किया था जो मरने से पहले वह कर सकता था, और वह प्रेम के आदर्श-नायकों

[100] ट्रॉइलस (Troilus) – पुरानी दंत कथा के अनुसार ट्रॉइलस, क्रेसिडा का प्रेमी था जिसे योद्धा एकुलिस ने मार दिया था।

[101] भेजा – दिमाग

में से एक है। लियेंडर[102] कई वर्षों तक जीवित रह सकता था यदि वह उस गर्मी की मध्य रात्रि में अपनी प्रेमिका, एक नन[103] से मिलने के लिए न गया होता, क्योंकि वह अच्छा नौजवान (नदी में) गया तो था लेकिन आगे हेलेस्पोंट[104] में अकड़न के कारण पानी में डूब गया; और उस समय के मूर्ख इतिहास-लेखकों ने उसे सेस्टस का नायक बना दिया। लेकिन यह सब झूठ है। लोग समय-समय पर मरते आयें हैं, और कीड़ों ने उन्हें खाया है, पर वे प्यार के लिए नहीं मरे।

ORLANDO.

I would not have my right Rosalind of this mind; for, I protest, her frown might kill me.

ऑरलैंडो

मैं कल्पना नहीं कर सकता कि रोज़लिंड की सोच ऐसी होगी; विरोध में मैं यही कहूँगा कि उसकी चढ़ी त्योरियां ही मुझे मार सकती है।

ROSALIND.

By this hand, it will not kill a fly. But come, now I will be your Rosalind in a more coming-on disposition; and ask me what you will, I will grant it.

रोज़लिंड

इस तरह से, त्योरियां दिखाने से एक मक्खी भी नहीं मरेगी। लेकिन आओ, अब मैं अपने स्वभाव को और भी ज्यादा उसके जैसा बनाते हुए तुम्हारी रोज़लिंड बनूंगा; और तुम मुझसे जो चाहो मांगो, मैं तुम्हें दूँगा।

ORLANDO.

Then love me, Rosalind.

---

[102] लियेंडर (Leander) – हेलेस्पोंट को तैरकर पार करते समय उस समय डूब कर मरा जब वह अपने प्रेमिका के पास जा रहा था।

[103] नन – ईसाई धार्मिक समुदाय की सन्यासिनी महिला

[104] हेलेस्पोंट (Hellespont)- जलडमरूमध्य जो मर्मारा के समुद्र को इजीयन के समुद्र से जोड़ता है।

ऑरलैंडो

तब मुझे प्यार दो, रोज़लिंड।

ROSALIND.

Yes, faith, will I, Fridays and Saturdays, and all.

रोज़लिंड

हाँ, कसम से, मैं दूंगी – शुक्रवार को और शनिवार को, और हमेशा।

ORLANDO.

And wilt thou have me?

ऑरलैंडो

और क्या तुम मुझे अपने साथ रखोगी?

ROSALIND.

Ay, and twenty such.

रोज़लिंड

हाँ, और तुम जैसे बीसियों को।

ORLANDO.

What sayest thou?

ऑरलैंडो

तुमने क्या कहा?

ROSALIND.

Are you not good?

रोज़लिंड

क्या तुम ठीक नहीं हो?

ORLANDO.

I hope so.

ऑरलैंडो

मैं ऐसी आशा करता हूँ।

ROSALIND.

Why then, can one desire too much of a good thing? Come, sister, you shall be the priest, and marry us. Give me your hand, Orlando. What do you say, sister?

रोज़लिंड

अरे तब, क्या एक अच्छी चीज को पाने की इतनी ज्यादा चाहत भी किसी में हो सकती है? आओ, बहन, तुम पुजारी बनोगी, और हमारी शादी कराओ। ऑरलैंडो, मुझे अपना हाथ दो। तुम क्या कहती हो, बहन?

ORLANDO.

Pray thee, marry us.

ऑरलैंडो

तुमसे विनती है, हमारी शादी कराओ।

CELIA.

I cannot say the words.

सीलिया

मैं उन शब्दों[105] को नहीं कह सकती।

ROSALIND.

You must begin 'Will you, Orlando'-

रोज़लिंड

तुम यह कहना शुरू करो ‘ऑरलैंडो, क्या तुम –’

[105] यहाँ शब्दों से तात्पर्य शादी कराए जाते समय बोले जाने वाले शब्दों से है।

CELIA.

Go to. Will you, Orlando, have to wife this Rosalind?

सीलिया

रहने दो, मुझे पता है। ऑरलैंडो, क्या तुम इस रोज़लिंड को अपनी पत्नी स्वीकार करोगे?

ORLANDO.

I will.

ऑरलैंडो

मैं करूंगा।

ROSALIND.

Ay, but when?

रोज़लिंड

अरे, लेकिन कब?

ORLANDO.

Why, now; as fast as she can marry us.

ऑरलैंडो

अभी; जितनी जल्दी वह हमारी शादी करा सके।

ROSALIND.

Then you must say 'I take thee, Rosalind, for wife.'

रोज़लिंड

तत्पश्चात तुम कहो 'रोज़लिंड, मैं तुम्हें अपनी पत्नी स्वीकार करता हूँ'

ORLANDO.

I take thee, Rosalind, for wife.

ऑरलैंडो

'रोज़लिंड, मैं तुम्हें अपनी पत्नी स्वीकार करता हूँ।'

ROSALIND.

I might ask you for your commission; but- I do take thee, Orlando, for my husband. There's a girl goes before the priest; and, certainly, a woman's thought runs before her actions.

रोज़लिंड

तुम्हारे अधिकार[106] के बारे में मुझे तुमसे पूछना चाहिए;लेकिन –मैं तुम्हें अपना पति स्वीकार करती हूँ, ऑरलैंडो। एक लड़की जो पादरी के पास जाती है; और, यकीनन, एक औरत के ख्याल उसकी भावभंगिमा से तेज चलते हैं[107]।

ORLANDO.

So do all thoughts; they are winged.

ऑरलैंडो

सभी विचारों के साथ ऐसा ही है; उनके पंख लगे होते हैं।

ROSALIND.

Now tell me how long you would have her, after you have possessed her.

रोज़लिंड

अब मुझे बताओ उसे हासिल करने के बाद, कितने समय तक तुम उसे अपने साथ रखोगे।

ORLANDO.

---

[106] रोजलिंड कहना चाहती है कि उसकी पूर्व अनुमति के बिना, ऑरलैंडो ने कैसे उसे पत्नी के रूप में स्वीकार कर लिया।

[107] रोजलिंड अपनी बात कहते समय आवेश में आ गयी है और वह बताना चाहती है कि शादी के लिए पादरी के पास जाने के बाद एक औरत के ख्यालों में पति से मिलन की लालसा इतनी तेज होती है कि शरीर के हावभावों की गति उन ख्यालों से मेल नहीं खा पाती। किन्तु यहाँ उत्तेजना में रोज़लिंड अपनी बात स्पष्ट रूप से नहीं कह पाती है।

Forever and a day.

ऑरलैंडो

हर दिन और हमेशा।

ROSALIND.

Say 'a day' without the 'ever.' No, no, Orlando; men are April when they woo, December when they wed: maids are May when they are maids, but the sky changes when they are wives. I will be more jealous of thee than a Barbary cock-pigeon over his hen, more clamorous than a parrot against rain, more new-fangled than an ape, more giddy in my desires than a monkey. I will weep for nothing, like Diana in the fountain, and I will do that when you are disposed to be merry; I will laugh like a hyen, and that when thou are inclined to sleep.

रोज़लिंड

'हमेशा' कहे बिना 'हर दिन' कहो। नहीं, नहीं, ऑरलैंडो, पुरुष - शादी का प्रस्ताव रखते समय अप्रैल के महीने की तरह[108] होते हैं और शादी के बाद दिसम्बर के महीने की तरह[109]। औरतें जब कुँवारी होती हैं तो वे मई के महीने की तरह[110] होती हैं, लेकिन पत्नी बनते ही आबोहवा बदल जाती है। फिर अपनी मुर्गी से ईर्ष्या करने वाले एक जंगली मुर्गे से ज्यादा मैं तुमसे ईर्ष्या करूंगी, बारिश में शोर मचाने वाले तोते से ज्यादा कोलाहल करूंगी, एक वनमानुष से ज्यादा नयी चीजों की तरफ आकर्षित होऊंगी, अपनी इच्छाओं को लेकर एक बन्दर से ज्यादा चक्कर खाऊंगी। बिना किसी बात के मैं ऐसे रोऊंगी, जैसे डायना झरने में बैठी हो, और मैं ऐसा तब करूंगी जब तुम बहुत ही अच्छे मूड में होगे। जब तुम सोने जा रहे होगे उस समय मैं लकड़बग्घे की तरह हँसूंगी।

ORLANDO.

---

[108] अर्थात उनमें जोश और उमंग होता है।

[109] अर्थात उनका सारा जोश ठंडा हो जाता है।

[110] अर्थात उनमें बहुत गर्मी होती है।

But will my Rosalind do so?

ऑरलैंडो

लेकिन क्या मेरी रोज़लिंड ऐसा करेगी?

ROSALIND.

By my life, she will do as I do.

रोज़लिंड

कसम से, वह वैसा ही करेगी जैसा मैं कर रहा हूँ।

ORLANDO.

O, but she is wise.

ऑरलैंडो

ओह, लेकिन वह बुद्धिमान है।

ROSALIND.

Or else she could not have the wit to do this. The wiser, the waywarder. Make the doors upon a woman's wit, and it will out at the casement; shut that, and 'twill out at the key-hole; stop that, 'twill fly with the smoke out at the chimney.

रोज़लिंड

नहीं तो उसमें ऐसा करने की समझ नहीं है[111]। ज्यादा समझदार औरत ज्यादा ही निरंकुश होती है। एक औरत के दिमाग को दरवाजों में बंद करोगे तो वह खिड़की के रास्ते बाहर चला जायेगा। यदि खिड़की को बंद करोगे तो यह 'की-होल'[112] से बाहर चला जायेगा। यदि तुम ताले के छेद को बंद करोगे तो यह चिमनी से धूएँ के साथ निकल जायेगा।

ORLANDO.

---

[111] अर्थात यदि रोजलिंड ऑरलैंडो को परेशान नहीं करती है तो वह बुद्धिमान नहीं है।

[112] ताले के छेद से निकल जायेगी।

A man that had a wife with such a wit, he might say 'Wit, whither wilt?'

ऑरलैंडो

एक आदमी जिसकी पत्नी के पास ऐसा दिमाग होगा, सम्भवतः वह कहेगा 'दिमाग, तुम कहाँ चल दिए?'

ROSALIND.

Nay, you might keep that check for it, till you met your wife's wit going to your neighbour's bed.

रोज़लिंड

नहीं, ये सवाल तुम्हें उस समय के लिए बचाकर रखने चाहिए, जब तुम उससे[113] अपने पड़ोसी के बिस्तर पर मिलो।

ORLANDO.

And what wit could wit have to excuse that?

ऑरलैंडो

और इसका वह क्या बहाना मार सकती है?

ROSALIND.

Marry, to say she came to seek you there. You shall never take her without her answer, unless you take her without her tongue. O, that woman that cannot make her fault her husband's occasion, let her never nurse her child herself, for she will breed it like a fool!

रोज़लिंड

वह कह सकती है कि वह वहां तुम्हें ढूँढने आयी थी। तुम उसे कभी भी निरुत्तर नहीं पाओगे, जब तक कि तुम उसे बिना जुबान के न पाओ। ओह, वह औरत जो अपनी गलती को अपने पति का संयोग नहीं बना सकती, उसे कभी अपने बच्चे की देखरेख मत करने देना, क्योंकि वह उसे एक मूर्ख की तरह पालेगी!

[113] अपनी पत्नी से

ORLANDO.

For these two hours, Rosalind, I will leave thee.

ऑरलैंडो

रोज़लिंड, इन दो घंटों के लिए मुझे तुम्हें छोड़ना होगा।

ROSALIND.

Alas, dear love, I cannot lack thee two hours!

रोज़लिंड

हाय, मेरे प्यार, दो घंटों का तुम्हारा वियोग मैं नहीं सह सकती!

ORLANDO.

I must attend the Duke at dinner; by two o'clock I will be with thee again.

ऑरलैंडो

रात के खाने के लिए ड्यूक के यहाँ मुझे जाना पड़ेगा, दो बजे तक मैं फिर से तुम्हारे पास लौट आऊँगा।

ROSALIND.

Ay, go your ways, go your ways. I knew what you would prove; my friends told me as much, and I thought no less. That flattering tongue of yours won me. 'Tis but one cast away, and so, come death! Two o'clock is your hour?

रोज़लिंड

हाँ, अपने रास्ते जाओ, अपने रास्ते जाओ। मैं जानती थी तुम क्या साबित करोगे; मेरे दोस्तों ने मुझसे ऐसा ही कहा था, और मैंने भी उनसे अलग नहीं सोचा था। तुम्हारी चापलूसी करने वाली जबान ने मुझे जीत लिया था। यह है लेकिन बिना महत्व की, बिल्कुल खाली, और इसलिए मौत तुम आ जाओ! दो बजे तुम्हारा समय है न?

ORLANDO.

Ay, sweet Rosalind.

ऑरलैंडो

हाँ, प्यारी रोज़लिंड।

ROSALIND.

By my troth, and in good earnest, and so God mend me, and by all pretty oaths that are not dangerous, if you break one jot of your promise, or come one minute behind your hour, I will think you the most pathetical break-promise, and the most hollow lover, and the most unworthy of her you call Rosalind, that may be chosen out of the gross band of the unfaithful. Therefore beware my censure, and keep your promise.

रोज़लिंड

मेरी कसम खाओ, और पूरी ईमानदारी से कहो, ताकि ईश्वर मुझे सम्भाले, और उन तमाम मनभावन कसमों, जो खतरनाक न हों, को खाकर कहो, यदि तुम रत्ती भर भी अपना वायदा तोड़ते हो, या अपने समय से एक मिनट की भी देरी करते हो, तो मैं सोचूंगी तुम वादा-तोड़ू सबसे घटिया आदमी, और सबसे खोखले आशिक हो और उसके लिए, जिसे तुम रोज़लिंड कहकर बुलाते हो, सबसे अयोग्य साथी हो जिसे[114] विश्वासघाती लोगों के घटिया समूह से चुना जा सकता है। इसलिए मेरी निंदा से सावधान रहना और अपने वायदे को पूरा करना।

ORLANDO.

With no less religion than if thou wert indeed my Rosalind; so, adieu.

ऑरलैंडो

धर्म से इसे कम न समझते हुए अपने वायदे को मैं ऐसे पूरा करूंगा मानो तुम वास्तव में मेरी रोज़लिंड हो; इसलिए अलविदा।

ROSALIND.

[114] रोजलिंड के जीवन साथी को

Well, Time is the old justice that examines all such offenders, and let Time try. Adieu.

रोज़लिंड

अच्छी बात है, समय वह पुराना न्यायाधीश है जो ऐसे सभी अपराधियों का परीक्षण करता है, और इसे[115] समय को ही परखने दो। अलविदा।

[Exit ORLANDO]

[ऑरलैंडो का निकास]

CELIA.

You have simply misused our sex in your love-prate. We must have your doublet and hose plucked over your head, and show the world what the bird hath done to her own nest.

सीलिया

अपने प्यार की बकबक में तुमने सीधे तौर पर हम औरतों का गलत चित्रण किया है। हमें तुम्हारी इस डब्लेट और होज को उतार फेंकना चाहिए और दुनिया को दिखा देना चाहिए कि एक चिड़िया ने अपने घोसले के साथ क्या बर्ताव किया है[116]।

ROSALIND.

O coz, coz, coz, my pretty little coz, that thou didst know how many fathom deep I am in love! But it cannot be sounded; my affection hath an unknown bottom, like the Bay of Portugal.

रोज़लिंड

ओ चचेरी-बहन, चचेरी-बहन, चचेरी-बहन, मेरी प्यारी छोटी चचेरी-बहन, काश तुम जान सकती कि मैं प्यार की कितनी गहराई में हूँ! लेकिन मेरे प्यार की गहराई की थाह नहीं ली जा सकती; पुर्तगाल की खाड़ी की तरह मेरा स्नेह एक अंजान गहराई तक गया है।

---

[115] वचन को

[116] अर्थात एक औरत किस तरह से औरतों की कौम की इज्जत को तार-तार कर सकती है।

CELIA.

Or rather, bottomless; that as fast as you pour affection in, it runs out.

सीलिया

या वस्तुतः, बिना तल का है; क्योंकि जितनी तेजी से तुम अपने स्नेह को बरसाती हो, यह उतनी ही तेजी से बाहर निकल जाता है।

ROSALIND.

No; that same wicked bastard of Venus, that was begot of thought, conceived of spleen, and born of madness; that blind rascally boy, that abuses every one's eyes, because his own are out- let him be judge how deep I am in love. I'll tell thee, Aliena, I cannot be out of the sight of Orlando. I'll go find a shadow, and sigh till he come.

रोज़लिंड

नहीं, यह वीनस का वही नाजायज दुष्ट लड़का है, जो सोच की, गुस्से की पैदाइश था, और जो पागलपने से जन्मा है; यह अँधा कमीना लड़का हर किसी की आँखों को अपमानित करता है क्योंकि वह खुद बिना आँखों वाला हैं[117]– उसी को तय करने दो कि मैं प्यार में कितनी डूबी हूँ। एलियना, मैं तुम्हें बताऊँगी कि ऑरलैंडो की आँखों से ओझल होकर मैं नहीं रह सकती। मैं किसी मरीचिका को तलाशूंगी और उसके आने तक बैठ कर आहें भरूँगी।

CELIA.

And I'll sleep.

सीलिया

और मैं सोऊंगी।

[117] कहने का अर्थ है वीनस के अंधे लड़के कामदेव के कारण लोग प्यार में पड़ जाते हैं और आँखें होते हुए भी उन्हें सही-गलत में अंतर नहीं सूझता और वे आँखों वाले अंधे बन जाते है।

[Exeunt]

[निकास]

SCENE II. The forest

दृश्य २: जंगल

[Enter JAQUES and LORDS, in the habit of foresters]

[जॉक और सामंतों का, वन-रक्षकों के भेष में, प्रवेश]

JAQUES.

Which is he that killed the deer?

जॉक

कौन है वह जिसने हिरन को मारा था?

LORD.

Sir, it was I.

सामंत

श्रीमान, यह मैं था।

JAQUES.

Let's present him to the Duke, like a Roman conqueror; and it would do well to set the deer's horns upon his head for a branch of victory. Have you no song, forester, for this purpose?

जॉक

एक रोमन विजेता की भांति हमें इस शख्स को ड्यूक के सामने पेश करना चाहिए; और बेहतर होगा कि इस हिरन के सींगों को उसके सिर पर विजय के बेलबूटे के रूप में लगाया जाए – वनरक्षक, इस अवसर पर क्या तुम गीत नहीं सुनोगे?

LORD.

Yes, sir.

सामंत

हाँ, श्रीमान।

JAQUES.

Sing it; 'tis no matter how it be in tune, so it make noise enough.

(SONG.)

What shall he have that killed the deer?

His leather skin and horns to wear.

[The rest shall hear this burden:]

Then sing him home.

Take thou no scorn to wear the horn;

It was a crest ere thou wast born.

Thy father's father wore it;

And thy father bore it.

The horn, the horn, the lusty horn,

Is not a thing to laugh to scorn.

जॉक

इसे गाओ। कोई फर्क नहीं पड़ता है कि यह लयबद्ध कैसे होगा, बस इससे पर्याप्त शोर होना चाहिये।

(गीत)

उसे क्या मिलेगा जिसने इस हिरन को मारा?

पहनने के लिए उसके चमड़े की खाल और उसके हॉर्नस्।

तब उसे घर भेजने के लिए यह गीत गाओ।

[बाकी लोग इस बोझ[118] को वहन करेंगे]

[118] मरा हुआ हिरन

इस हॉर्न को पहनने में तुम मत झिझको।

इन्हें तुम्हारे पैदा होने के समय से, पहले से पहना जा रहा है।

तुम्हारे पिता के पिता ने भी इसे पहना था।

यह हॉर्न, यह हॉर्न, यह विषयी हॉर्न,

क्या यह ऐसी चीज नहीं है जिस पर हंसा जाए, घृणा की जाये[119]।

[Exeunt]

[निकास]

[119] जॉक कह रहा है कि यदि किसी व्यक्ति की पत्नी व्यभिचारिणी हो तो वह उपहास एवं घृणा का पात्र होता है।

SCENE III. The forest

दृश्य ३: जंगल

[Enter ROSALIND and CELIA]

[रोज़लिंड और सीलिया का प्रवेश]

ROSALIND.

How say you now? Is it not past two o'clock?

And here much Orlando!

रोज़लिंड

अब तुम क्या कहती हो? क्या घड़ी में दो नहीं बजे हैं? और यहाँ मैं ऑरलैंडो के लिए कितनी बेचैन हूँ!

CELIA.

I warrant you, with pure love and troubled brain, he hath ta'en his bow and arrows, and is gone forth- to sleep. Look, who comes here.

सीलिया

मैं तुमसे कहती हूँ, सच्चे प्रेम और अशांत मन से, उसने अपने धनुष और बाणों को उठाया होगा, और फिर सोने चला गया होगा। देखो, इधर कौन आ रहा है।

[Enter SILVIUS]

[सिलवियस का प्रवेश]

SILVIUS.

(to ROSALIND)

My errand is to you, fair youth;

My gentle Phebe did bid me give you this.

I know not the contents; but, as I guess

By the stern brow and waspish action

Which she did use as she was writing of it,

It bears an angry tenour. Pardon me,

I am but as a guiltless messenger.

(Gives the letter)

सिलवियस

(रोज़लिंड से)

सुंदर नौजवान, मुझे आपको सन्देश देने के लिए भेजा गया है; मेरी सुशील फीबी ने आपको देने के लिए मुझे यह दिया था। मैं नहीं जानता इसमें क्या लिखा है; लेकिन, इसे लिखते समय उसकी तनी हुयी भौंह और पीले ततैये से उसके व्यवहार को देखते हुए जहाँ तक मेरा अंदाजा है इसका लहजा गुस्से भरा होगा। क्षमा करें, लेकिन मैं केवल एक निरपराध दूत हूँ।

(पत्र को देता है)

ROSALIND.

(as Ganymede)

(Examines the letter)

Patience herself would startle at this letter,

And play the swaggerer. Bear this, bear all.

She says I am not fair, that I lack manners;

She calls me proud, and that she could not love me,

Were man as rare as Phoenix. 'Od's my will!

Her love is not the hare that I do hunt;

Why writes she so to me? Well, shepherd, well,

This is a letter of your own device.

रोज़लिंड

(गैनमीड के रूप में)

(पत्र को गौर से देखता है)

इस पत्र में, उसके स्वयं सहन करने वाली बात चौंकाने वाली हो सकती है और अब तुम अकड़कर चलने का नाटक करो[120]। इसे बर्दाश्त करो, यह सब बर्दाश्त करो। वह कहती है मैं सुंदर नहीं हूँ, यह कि मुझमें कोई तहजीब नहीं है। वह मुझे घमण्डी कहती है, और यह कि भले ही आदमी दंतकथा के फीनिक्स की तरह दुर्लभ क्यों न हो जाएँ, वह मुझसे प्यार नहीं कर सकती। ईश्वर मेरी इच्छा को दृढ़ता दे! उसका प्यार कोई खरगोश नहीं है जिसका मैं शिकार कर सकता हूँ। वह ऐसे पत्र मुझे क्यों लिखती है? गड़ेरिये, यह पत्र तुमने खुद लिखा है!

SILVIUS.

No, I protest, I know not the contents;

Phebe did write it.

सिलवियस

नहीं, मैं इस बात का विरोध करता हूँ, इसमें क्या लिखा है मैं नहीं जानता; फीबी ने इसे लिखा था।

ROSALIND.

Come, come, you are a fool,

And turned into the extremity of love.

I saw her hand; she has a leathern hand,

A freestone-coloured hand; I verily did think

That her old gloves were on, but 'twas her hands;

---

[120] आशय यह है कि जब गैनमीड, फीबी को डांट रहा था तब फीबी ने चुपचाप उसकी बातों को सहन किया था यह बात चौंकाने वाली हो सकती है कि फीबी ने सब कुछ सहन कर लिया था किन्तु अब पत्र के जरिये फीबी गैनमीड से कहती है कि वह पत्र पढ़े और अकड़कर चलने का नाटक करे।

She has a huswife's hand- but that's no matter.

I say she never did invent this letter:

This is a man's invention, and his hand.

रोज़लिंड

चलो, चलो, तुम बेवकूफ हो, और प्यार की पराकाष्ठा पर हो। मैंने उसके हाथ देखें थे; उसके भूरे-पीले हाथ चमड़े जैसे हैं। मैं निश्चित ही यह सोचा करता था कि उसने पुराने दस्ताने पहन रखे थे लेकिन यह उसके हाथ थे। उसके हाथ घरेलू औरत जैसे हैं – लेकिन मुद्दा यह नहीं है। मैं कहता हूँ वह ऐसा पत्र लिखने के बारे में कभी सोच भी नहीं सकती थी। यह एक आदमी के दिमाग की उपज है, और उसी की लिखावट है।

SILVIUS.

Sure, it is hers.

सिलवियस

निस्संदेह, यह उसी का पत्र है।

ROSALIND.

Why, 'tis a boisterous and a cruel style;

A style for challengers. Why, she defies me,

Like Turk to Christian. Women's gentle brain

Could not drop forth such giant-rude invention,

Such Ethiope words, blacker in their effect

Than in their countenance. Will you hear the letter?

रोज़लिंड

अरे, यह पीड़ाप्रद और निष्ठुरता भरे लहजे में है, इसकी शैली ललकारने वालों जैसी है। अरे, जैसे एक तुर्क किसी ईसाई को ललकारे वैसे ही वह मुझे चुनौती दे रही है। ऐसे अपरिष्कृत शब्द, जो व्यवहार में कहीं अधिक क्षोभकारी प्रभाव रखते हैं, औरतों के सौम्य मस्तिष्क में ऐसी दैत्याकार-निष्ठुरता लिए हुए नहीं उपज सकते। क्या तुम पत्र को सुनोगे?

SILVIUS.

So please you, for I never heard it yet;

Yet heard too much of Phebe's cruelty.

सिलवियस

कृपया पढ़े, अभी तक मैंने इसे कभी नहीं सुना, हालांकि फीबी की निर्दयता को मैंने काफी सुना है।

ROSALIND.

(as Ganymede)

She Phebes me: mark how the tyrant writes.

[Reads]

'Art thou god to shepherd turned,

That a maiden's heart hath burned?'

Can a woman rail thus?

रोज़लिंड

(गैनमीड के रूप में)

वह मुझे फीबी[121] बता रही है : देखो वह निरंकुश इसे कैसे लिखती है।

[पत्र पढ़ता है]

'क्या तुम एक भगवान हो जिसने गड़ेरिये का भेष धरा है, जो यह जानता है कि किसी औरत के दिल को कैसे जलाया जाए?' अब बताओ क्या एक औरत उलाहना दे सकती है?

SILVIUS.

Call you this railing?

सिलवियस

[121] यूरेनस की पुत्री, फीबी जो काफी निष्ठुर थी।

आप इसे उलाहना देना कहते हैं?

ROSALIND.

(as Ganymede)

[Reads]

'Why, thy godhead laid apart,

Warr'st thou with a woman's heart?'

Did you ever hear such railing?

(Reads)

'Whiles the eye of man did woo me,

That could do no vengeance to me.'

Meaning me a beast.

(Reads)

'If the scorn of your bright eyne

Have power to raise such love in mine,

Alack, in me what strange effect

Would they work in mild aspect!

Whiles you chid me, I did love;

How then might your prayers move!

He that brings this love to thee

Little knows this love in me;

And by him seal up thy mind,

Whether that thy youth and kind

Will the faithful offer take

Of me and all that I can make;

Or else by him my love deny,

And then I'll study how to die.'

रोज़लिंड

(गैनमीड के रूप में)

[पढ़ता है]

'अरे, एक औरत के दिल से लड़ने के लिए तुमने अपना देवत्व क्यों छोड़ दिया?' क्या ऐसी उलाहना के बारे में तुमने कभी सुना था? *[पढ़ता है]* 'जब लोग आँखों से मुझे शादी के लिए राज़ी करने का प्रस्ताव किया करते थे, तो उन्होंने मुझसे कभी प्रतिहिंसा नहीं की थी।' कहने का अर्थ यह है कि वह मुझे जानवर समझती है। *[पढ़ता है]* तुम्हारी चमकती आँखों की घृणा में इतनी ताकत है कि वह मुझमें प्रेम का उफ़ान पैदा कर सकती हैं।... अफ़सोस, यदि उन्होंने मृदुता के साथ देखा होता तो न जाने क्या विचित्र प्रभाव मुझ पर डालतीं? जब तुम मुझे झिड़क रहे थे, तो मैंने प्यार किया था। (सोचो) तुम्हारी प्रेम याचना तब मुझ पर कितना प्रभाव डालती? तुम्हें यह प्रेम संदेश देने वाला आदमी मुझमें पैदा हुए इस प्रेम के बारे में कम ही जानता है, और तुम मुझे उसके जरिये अपने मन की बात बता दो कि क्या तुम मेरे सच्चे प्रणय निवेदन का यह प्रस्ताव स्वीकार करोगे और इससे ज्यादा मैं कुछ नहीं कह सकती अन्यथा उसे यह बता दो कि तुम्हें मेरा प्रस्ताव स्वीकार नहीं है और तब मैं यह विचार करूंगी कि मैं कैसे मरूं।

SILVIUS.

Call you this chiding?

सिलवियस

इसे तुम झिड़कना कहते हो?

CELIA.

(as Aliena)

Alas, poor shepherd!

सीलिया

(एलियना के रूप में)

अफ़सोस, बेचारे गड़रिये!

ROSALIND.

(as Ganymede)

Do you pity him? No, he deserves no pity. -*(to SILVIUS)* Wilt thou love such a woman? What, to make thee an instrument, and play false strains upon thee! Not to be endur'd! Well, go your way to her, for I see love hath made thee tame snake, and say this to her that if she love me, I charge her to love thee; if she will not, I will never have her unless thou entreat for her. If you be a true lover, hence, and not a word; for here comes more company.

रोज़लिंड

(गैनमीड के रूप में)

तुम्हें उस पर दया आती है? नहीं, वह दया का पात्र नहीं है। - *(सिलवियस से)* क्या तुम ऐसी औरत से प्यार करोगे? जो, तुम्हें एक बाजा बनाकर, तुम पर झूठी तान छेड़ती है[122]! इसे नहीं सहा जा सकता है। खैर, अब तुम अपने रास्ते उसके पास जाओ। क्योंकि मैं देखता हूँ प्यार ने तुम्हें एक पालतू सांप बना दिया है, और उससे यह कहना : 'कि यदि वह मुझसे प्यार करती है, तो मैं उसे तुम्हें प्यार करने के लिए कहता हूँ; यदि वह ऐसा नहीं करेगी, तो मैं कभी भी तब तक उसे नहीं स्वीकारूंगा जब तक तुम मुझसे उसकी सिफारिश न करो। यदि तुम सच्चे प्रेमी हो तो एक भी शब्द कहे बिना चले जाओ, क्योंकि इधर कोई और भी आ रहा है।

[Exit SILVIUS]

[सिलवियस का निकास]

[Enter OLIVER]

[ऑलिवर का प्रवेश]

OLIVER.

[122] तुम्हें खिलौना बनाकर झूठे प्यार के नाम पर तुम्हें जैसे चाहे इस्तेमाल करती है।

Good morrow, fair ones; pray you, if you know,

Where in the purlieus of this forest stands

A sheep-cote fenced about with olive trees?

ऑलिवर

सुप्रभात, भद्रजनों; आपसे विनती है, यदि आप जानते हों तो मुझे बताएं जैतून के पेड़ों की झुरमुट के बीच एक गड़ेरिये की झोपड़ी इस जंगल की सीमा में कहाँ पर स्थित है?

CELIA.

(as Aliena)

West of this place, down in the neighbour bottom.

The rank of osiers by the murmuring stream

Left on your right hand brings you to the place.

But at this hour the house doth keep itself;

There's none within.

सीलिया

(एलियना के रूप में)

पास ही घाटी में नीचे, इस जगह के पश्चिम में। तुम्हारे दाहिने हाथ के बायीं तरफ सरसराती जलधारा से होते हुए लगे पंक्तिबद्ध बादामों के पेड़ तुम्हें उस जगह पर पहुँचा देंगे। लेकिन इस समय वह घर खुद ही अपनी रखवाली कर रहा है। इस समय वहां कोई नहीं है।

OLIVER.

If that an eye may profit by a tongue,

Then should I know you by descriptionSuch

garments, and such years: 'The boy is fair,

Of female favour, and bestows himself

Like a ripe sister; the woman low,

And browner than her brother.' Are not you

The owner of the house I did inquire for?

ऑलिवर

यदि ऐसा है तो जैसी वेशभूषा और जैसी उम्र मुझे बताई गयी थी उस जबानी ब्योरे का फायदा आँखों से लेते हुए मुझे तुम्हें पहचान लेना चाहिए: 'लड़का सुंदर है, देखने में नारी सुलभ है, और वह खुद को एक परिपक्व बहन की भांति रखता है। साथ में एक छोटे कद की औरत है और जिसका रंग भाई की तुलना में गेहुँवां है।' कहीं तुम्हीं तो उस मकान के मालिक नहीं हो जिनका मैं पता लगाना चाहता था।

CELIA.

It is no boast, being asked, to say we are.

सीलिया

शेखी की बात नहीं हैं, क्योंकि पूछा गया है, इसलिए बता रहे हैं हम ही उसके मालिक हैं।

OLIVER.

Orlando doth commend him to you both;

And to that youth he calls his Rosalind

He sends this bloody napkin. Are you he?

ऑलिवर

ऑरलैंडो खुद से आप दोनों की सराहना करता रहता है, और उसने खून से रंगे इस रुमाल को उस लड़के के लिए भेजा है जिसे वह 'अपनी रोज़लिंड' कह कर बुलाता है। क्या तुम वही हो?

ROSALIND.

(as Ganymede)

I am. What must we understand by this?

रोज़लिंड

(गैनमीड के रूप में)

मैं हूँ। इससे हम क्या आशय निकालें?

OLIVER.

Some of my shame; if you will know of me

What man I am, and how, and why, and where,

This handkercher was stained.

ऑलिवर

मेरे लिए कुछ शर्म वाली बात है; यदि तुम मेरे बारे में जानोगे कि मैं कैसा आदमी हूँ, और कैसे, क्यों और कहां यह रुमाल दागदार हुयी थी।

CELIA.

I pray you, tell it.

सीलिया

मैं विनती करती हूँ, तुम कहो।

OLIVER.

When last the young Orlando parted from you,

He left a promise to return again

Within an hour; and, pacing through the forest,

Chewing the food of sweet and bitter fancy,

Lo, what befell! He threw his eye aside,

And mark what object did present itself.

Under an oak, whose boughs were mossed with age,

And high top bald with dry antiquity,

A wretched ragged man, o'ergrown with hair,

Lay sleeping on his back. About his neck

A green and gilded snake had wreathed itself,

Who with her head nimble in threats approached

The opening of his mouth; but suddenly,

Seeing Orlando, it unlinked itself,

And with indented glides did slip away

Into a bush; under which bush's shade

A lioness, with udders all drawn dry,

Lay couching, head on ground, with catlike watch,

When that the sleeping man should stir; for 'tis

The royal disposition of that beast

To prey on nothing that doth seem as dead.

This seen, Orlando did approach the man,

And found it was his brother, his elder brother.

ऑलिवर

आखिरी बार नौजवान ऑरलैंडो ने जब तुम लोगों से विदा ली थी, तब एक घंटे के भीतर लौट आने का उसने वायदा किया था, और खट्टे-मीठे ख्यालों में खोया हुआ वह जंगलों से होता हुआ तेजी से जा रहा था, तो सुनो, क्या घटित हुआ था। उसने एक कोने पर अपनी नजरें डालीं– और गौर किया कि वहां पर क्या चीज मौजूद थी, एक पुराने ओक के पेड़, जिसकी शाखाओं में समय के साथ काई लग गयी थी और पुराना होने के कारण सबसे ऊपरी हिस्सा सूखकर पत्तियों से रहित हो गया था, के नीचे एक अतिदुःखी फटेहाल आदमी, जिसकी दाढ़ी और बाल बहुत बढ़ गये थे, पीठ के बल लेटा हुआ था। उस आदमी के गले पर हरे रंग का एक शानदार सांप कुंडली मार कर लिपटा हुआ था, जो फण फैलाए था, और खतरे की आशंका में तेजी से उस आदमी के खुले हुए मुंह की तरफ जाने वाला था लेकिन अचानक ऑरलैंडो को देखते ही इसने अपनी पकड़ ढीली की और सरकते हुए निकल गया, और एक झाड़ी के भीतर चला गया। उस झाड़ी की छाया में एक शेरनी थी, जिसके स्तनों का सारा दूध उसके शावकों ने पी लिया था, वह जमीन पर सिर रखकर चित

लेटी हुयी थी। जमीन पर सोये उस आदमी को बिल्ली की भांति ताकते हुए वह शेरनी उस आदमी के हिलने-डुलने की प्रतीक्षा कर रही थी - क्योंकि अपनी शाही-प्रकृति के कारण शेर मृत दिखायी देने वाली चीजों का शिकार नहीं करते। यह देखकर, ऑरलैंडो उस आदमी के पास आया और उसने पाया कि वह उसका भाई, बड़ा भाई था।

CELIA.

O, I have heard him speak of that same brother;

And he did render him the most unnatural

That lived amongst men.

सीलिया

ओह, मैंने उसे उसके उस भाई के बारे में कहते हुए सुना है; और उसने (ऑरलैंडो ने) सभी जिन्दा लोगों में उसे (ऑलिवर को) सबसे अधिक घिनौना कहा था।

OLIVER.

And well he might so do,

For well I know he was unnatural.

ऑलिवर

और ऐसा कर के उसने ठीक ही किया था। क्योंकि मैं अच्छी तरह से जानता हूँ कि वह कितना घिनौना था।

ROSALIND.

But, to Orlando: did he leave him there,

Food to the sucked and hungry lioness?

रोज़लिंड

लेकिन, वापस ऑरलैंडो पर आते हैं : क्या उसने (ऑरलैंडो ने) उसे (ऑलिवर को) वहीं छोड़ दिया था, ताकि वह (ऑलिवर) उस भूखी मां-शेरनी का खाना बन सके।

OLIVER.

Twice did he turn his back, and purposed so;

But kindness, nobler ever than revenge,

And nature, stronger than his just occasion,

Made him give battle to the lioness,

Who quickly fell before him; in which hurtling

From miserable slumber I awaked.

ऑलिवर

दो बार उसने अपना मुंह फेरा था और ऐसा सोचा भी था, लेकिन बदला लेने की प्रवृत्ति की तुलना में उसमें दयालुता हमेशा से ही ज्यादा रही है, और स्वभाव की इस बलवती भावना ने इस अवसर पर भी उसे शेरनी से लड़ने के लिए प्रेरित किया था। जो जल्द ही उसके सामने ढेर हो गयी थी; इस शोरशराबे में मैं अपनी अपर्याप्त अल्पनिद्रा से उठ गया था।

CELIA.

Are you his brother?

सीलिया

क्या तुम उसके भाई हो?

ROSALIND.

Was't you he rescued?

रोज़लिंड

क्या तुम वही थे जिसे उसने बचाया था?

CELIA.

Was't you that did so oft contrive to kill him?

सीलिया

क्या तुम वही थे जो उसे मारने की अकसर योजना बनाता था?

OLIVER.

'Twas I; but 'tis not I. I do not shame

To tell you what I was, since my conversion

So sweetly tastes, being the thing I am.

ऑलिवर

मैं वही था; लेकिन अब मैं वह नहीं हूँ। तुम्हें यह बताने में मुझे कोई शर्मिंदगी नहीं है कि मैं क्या था, जब से मुझमें यह बदलाव आया है मैं बहुत ही अच्छा महसूस कर रहा हूँ, मैं वैसा हूँ जैसा मुझे होना चाहिए।

ROSALIND.

But for the bloody napkin?

रोज़लिंड

लेकिन यह खून से रंगा रूमाल?

OLIVER.

By and by.

When from the first to last, betwixt us two,

Tears our recountments had most kindly bathed,

As how I came into that desert place

In brief, he led me to the gentle Duke,

Who gave me fresh array and entertainment,

Committing me unto my brother's love;

Who led me instantly unto his cave,

There stripped himself, and here upon his arm

The lioness had torn some flesh away,

Which all this while had bled; and now he fainted,

And cried, in fainting, upon Rosalind.

Brief, I recovered him, bound up his wound,

And, after some small space, being strong at heart,

He sent me hither, stranger as I am,

To tell this story, that you might excuse

His broken promise, and to give this napkin,

Dyed in his blood, unto the shepherd youth

That he in sport doth call his Rosalind.

ऑलिवर

उसके तुरंत बाद। जब हम दोनों ने शुरू से अंत तक की अपनी दुःख गाथा रोकर एक दूसरे को सुनायी, हमारे आंसू हमें पूरी तरह भिगो चुके थे – (मैंने उसे बताया) कि कैसे मैं इस निर्जन जगह पर आया था- थोड़े ही समय में, वह मुझे अच्छे ड्यूक के पास ले गया, जिन्होंने मुझे नये कपड़े दिए और मेरा स्वागत सत्कार किया, और मुझे मेरे भाई की देखरेख में सौंप दिया, इसके तुरंत बाद वह (ऑरलैंडो) मुझे अपनी गुफा में ले गया, वहाँ उसने अपने कपड़े उतारे और यहां मैंने देखा कि उस शेरनी ने उसके बाजू से कुछ मांस नोच लिया था। इस पूरे समय के दौरान उसके बाजू से खून बहता रहा। और अब वह बेहोश था, बेहोशी में वह 'रोज़लिंड' पुकार रहा था। जल्दी से मैंने उसका उपचार किया, उसके घाव को बाँधा और कुछ समय बाद, अंदर से स्वस्थ महसूस होने पर, इस कहानी को कहने के लिए उसने मुझ अजनबी को यहाँ भेजा था, ताकि तुम उसकी वायदा खिलाफी के लिए उसे माफ़ कर सको और उसने अपने खून से रंगे हुये इस रूमाल को उस गड़ेरिये लड़के, जिसे खेल-खेल में वह रोज़लिंड कहकर बुलाता है, को देने के लिए मुझे दिया है।

[ROSALIND swoons]

[रोज़लिंड बेहोश होने लगती है]

CELIA.

Why, how now, Ganymede! sweet Ganymede!

सीलिया

अरे, हेलो, गैनमीड! प्यारे गैनमीड!

OLIVER.

Many will swoon when they do look on blood.

ऑलिवर

कई लोग जब खून देखते हैं तो उन्हें बेहोशी छाने लगती है।

CELIA.

There is more in it. Cousin Ganymede!

सीलिया

यहाँ उससे भी ज्यादा गम्भीर स्थिति है। चचेरे-भाई गैनमीड!

OLIVER.

Look, he recovers.

ऑलिवर

देखो, उसकी हालत सुधर रही है।

ROSALIND.

(as Ganymede)

I would I were at home.

रोज़लिंड

(गैनमीड बनकर)

काश मैं घर पर होता।

CELIA.

We'll lead you thither.

I pray you, will you take him by the arm?

सीलिया

हम तुम्हें वहां ले जायेंगे। मैं तुमसे विनती करती हूँ, क्या तुम उसकी बांह थामकर ले चलोगे?

OLIVER.

Be of good cheer, youth. You a man!

You lack a man's heart.

ऑलिवर

हिम्मत रखो, नौजवान। तुम मर्द हो! लेकिन तुममें आदमी वाला दिल नहीं है।

ROSALIND.

I do so, I confess it. Ah, sirrah, a body would think this was well counterfeited. I pray you tell your brother how well I counterfeited. Heigh-ho!

रोज़लिंड

मैं ऐसा ही हूँ, मैं यह स्वीकारता हूँ। आह, महोदय, कोई भी यही सोचेगा कि मैं अच्छा अभिनय कर लेता हूँ। मैं तुमसे विनती करता हूँ कि तुम अपने भाई को बताना, मैंने कितना अच्छा अभिनय किया था। हे-हो!

OLIVER.

This was not counterfeit; there is too great testimony in your complexion that it was a passion of earnest.

ऑलिवर

यह अभिनय नहीं था; तुम्हारे चेहरे की इतनी उड़ी हुयी रंगत बता रही है कि तुम्हारा भावावेग सच्चा था।

ROSALIND.

Counterfeit, I assure you.

रोज़लिंड

नकली था, मैं तुम्हें भरोसा दिलाता हूँ।

OLIVER.

Well then, take a good heart and counterfeit to be a man.

ऑलिवर

फिर तो, तुम अपना दिल मजबूत करो और एक आदमी होने की नकल करो।

ROSALIND.

So I do; but, i' faith, I should have been a woman by right.

रोज़लिंड

मैं वही कर रहा हूँ; कसम से, सही तौर पर मुझे एक औरत होना चाहिए।

CELIA.

Come, you look paler and paler; pray you draw homewards. Good sir, go with us.

सीलिया

चलो, तुम्हारा चेहरा सफेद पड़ता जा रहा है; तुमसे विनती है घर चलो। अच्छे श्रीमान, कृपया हमारे साथ चलिए।

OLIVER.

That will I, for I must bear answer back

How you excuse my brother, Rosalind.

ऑलिवर

मैं चलूँगा, क्योंकि रोज़लिंड, तुमने मेरे भाई को कितना माफ़ किया है इस बात का उत्तर भी मुझे देना है।

ROSALIND.

I shall devise something; but, I pray you, commend my counterfeiting to him. Will you go?

रोज़लिंड

मैं कुछ सोचूंगा; लेकिन, मैं तुमसे विनती करता हूँ, मेरे अभिनय की उससे प्रशंसा करना। क्या तुम चलोगे?

[Exeunt]

[निकास]

ACT V.

नाटकांक ५

SCENE I. The forest

दृश्य १: जंगल

[Enter TOUCHSTONE and AUDREY]

[टचस्टोन और ऑड्री का प्रवेश]

TOUCHSTONE.

We shall find a time, Audrey; patience, gentle Audrey.

टचस्टोन

ऑड्री, अच्छी ऑड्री, धीरज रखो; हम (शादी के लिए) समय निकाल लेंगे।

AUDREY.

Faith, the priest was good enough, for all the old gentleman's saying.

ऑड्री

कसम से, उस बूढ़े आदमी की सारी दलीलों के लिए वह पादरी काफी ठीक था।

TOUCHSTONE.

A most wicked Sir Oliver, Audrey, a most vile Martext. But, Audrey, there is a youth here in the forest lays claim to you.

टचस्टोन

सर ऑलिवर सबसे ज्यादा दुष्ट आदमी है, ऑड्री, एक सबसे अधिक अधम और बेतरतीब उपदेशक। लेकिन, ऑड्री, यहाँ जंगल में एक नौजवान है जो यह कहेगा कि तुम उसकी लड़की हो।

AUDREY.

Ay, I know who 'tis; he hath no interest in me in the world; here comes the man you mean.

ऑड्री

हाँ, मैं जानती हूँ यह कौन है; इस दुनिया में उसकी मुझमें कोई रुचि नहीं है; तुम्हारा आशय जिस आदमी से है वह इधर ही आ रहा है।

[Enter WILLIAM]

[विलियम का प्रवेश]

TOUCHSTONE.

It is meat and drink to me to see a clown. By my troth, we that have good wits have much to answer for: we shall be flouting; we cannot hold.

टचस्टोन

एक विदूषक को देखना मेरे लिए गोश्त खाने और जाम लड़ाने जैसा ही आनन्ददायी है। सच में, हम जैसे होशियार लोगों को बुद्धि दिखाने के लिए तैयार रहना चाहिए; हमें मसखरी करनी होगी; हम रुक नहीं सकते।

WILLIAM.

Good ev'n, Audrey.

विलियम

गुड इवनिंग, ऑड्री।

AUDREY.

God ye good ev'n, William.

ऑड्री

तुम्हें भी गुड इवनिंग, विलियम।

WILLIAM.

And good ev'n to you, sir.

विलियम

और श्रीमान, आपको भी गुड इवनिंग।

TOUCHSTONE.

Good ev'n, gentle friend. Cover thy head, cover thy head; nay, prithee be covered. How old are you, friend?

टचस्टोन

गुड इवनिंग, अच्छे दोस्त। अपने सिर को ढंक लो, अपने सिर को ढंक लो; नहीं, तुमसे विनती है, ढंके रहो। तुम कितने साल के हो, मेरे दोस्त?

WILLIAM.

Five and twenty, sir.

विलियम

पच्चीस साल का, श्रीमान।

TOUCHSTONE.

A ripe age. Is thy name William?

टचस्टोन

एक परिपक्व आयु। क्या तुम्हारा नाम विलियम है?

WILLIAM.

William, sir.

विलियम

विलियम है, श्रीमान।

TOUCHSTONE.

A fair name. Wast born i' th' forest here?

टचस्टोन

एक अच्छा नाम है। क्या तुम्हारा जन्म यहाँ जंगल में हुआ था?

WILLIAM.

Ay, sir, I thank God.

विलियम

हाँ, श्रीमान, मैं भगवान को धन्यवाद देता हूँ।

TOUCHSTONE.

'Thank God.' A good answer.

Art rich?

टचस्टोन

'भगवान को धन्यवाद'। अच्छा जवाब है। क्या तुम अमीर हो?

WILLIAM.

Faith, sir, so so.

विलियम

यकीन करें, श्रीमान, जैसे-तैसे काम चल जाता है।

TOUCHSTONE.

'So so' is good, very good, very excellent good; and yet it is not; it is but so so. Art thou wise?

टचस्टोन

'जैसे-तैसे काम चल जाता है।' अच्छा, बहुत अच्छा, बहुत ही अच्छा है; फिर भी यह ठीक उत्तर नहीं है; यह है लेकिन बस काम चलाऊँ उत्तर। क्या तुम बुद्धिमान हो?

WILLIAM.

Ay, sir, I have a pretty wit.

विलियम

हाँ, श्रीमान, मुझमें काफी समझ है।

TOUCHSTONE.

Why, thou say'st well. I do now remember a saying: 'The fool doth think he is wise, but the wise man knows himself to be a fool.' The heathen philosopher, when he had a desire to eat a grape, would open his lips when he put it into his mouth; meaning thereby that grapes were made to eat and lips to open. You do love this maid?

टचस्टोन

तुमने अच्छा कहा। अब मुझे एक कहावत याद आती है : 'एक बेवकूफ सोचता है कि वह समझदार है, लेकिन एक बुद्धिमान खुद को एक मूर्ख ही जानता है।' एक काफिर दार्शनिक को जब एक अंगूर खाने की इच्छा हुयी थी तो उसने अपने होंठों को खोला और अंगूर को अपने मुंह में रख लिया था; कहने का अर्थ है कि अंगूर खाने के लिए बने थे और होंठ खोलने के लिए। क्या तुम इस लड़की से प्यार करते हो?

WILLIAM.

I do, sir.

विलियम

मैं करता हूँ, श्रीमान।

TOUCHSTONE.

Give me your hand. Art thou learned?

टचस्टोन

मुझे अपना हाथ दो। क्या तुम शिक्षित हो?

WILLIAM.

No, sir.

विलियम

नहीं, श्रीमान।

TOUCHSTONE.

Then learn this of me: to have is to have; for it is a figure in rhetoric that drink, being poured out of cup into a glass, by filling the one doth empty the other; for all your writers do consent that ipse is he; now, you are not ipse, for I am he.

टचस्टोन

तब तुम मुझसे यह सीखो : किसी चीज पर कब्जा होना उस पर स्वामित्व होना होता है; काव्यात्मक उपमा के रूप में कहा जाए तो शराब को कप से एक गिलास में उड़ेलना एक बर्तन को खाली करना और दूसरे को भरना है, तुम्हारे सभी लेखक इस बात से राज़ी होंगे कि वह 'इप्से'[123] हैं। अब क्योंकि मैं 'वह' हूँ इसलिए तुम 'इप्से' नहीं हो।

WILLIAM.

Which he, sir?

विलियम

वह कौन, श्रीमान?

TOUCHSTONE.

He, sir, that must marry this woman. Therefore, you clown, abandon- which is in the vulgar leave- the society- which in the boorish is company- of this female- which in the common is woman- which together is: abandon the society of this female; or, clown, thou perishest; or, to thy better understanding, diest; or, to wit, I kill thee, make thee away, translate thy life into death, thy liberty into bondage. I will deal in poison with thee, or in bastinado, or in steel; I will bandy with thee in faction; will o'er-run thee with policy; I will kill thee a hundred and fifty ways; therefore tremble and depart.

टचस्टोन

[123] इप्से (Ipse) – एक किस्म की शराब

श्रीमान, 'वह' जिसकी इससे शादी होगी। इसलिये, विदूषक तुम त्याग दो—अशिष्ट भाषा में 'छोड़ दो'—इस नारी (जिसे आम भाषा में 'स्त्री' कहा जाता है) के समाज को—जिसे असभ्य लहजे में 'संगति' कहा जाता है; कुलमिलाकर यह कि इस नारी के समाज को त्याग दो, अन्यथा, विदूषक तुम्हारा अंत हो जाएगा; या तुम्हारी बेहतर समझ के लिए तुम मर जाओगे; या यह समझो कि तुम्हें दूर भेजने के लिए मैं तुम्हें मार दूंगा, तुम्हारी ज़िन्दगी को मौत बना दूंगा, तुम्हारी आजादी को गुलामी बना दूंगा। मैं तुम्हें जहर दे दूंगा, या लाठी या तलवार से मार दूंगा। मार-मार कर मैं तुम्हें टेढ़ा कर दूंगा। मैं योजना बनाकर तुम्हें तबाह कर दूंगा। मैं तुम्हें डेढ़ सौ तरीकों से मार डालूँगा। इसलिए (भय से) कांपो और विदा लो।

AUDREY.

Do, good William.

ऑड्री

जाओ, अच्छे विलियम।

WILLIAM.

God rest you merry, sir.

ईश्वर तुम्हें खुश रखे, श्रीमान।

[Exit]

[निकास]

[Enter CORIN]

[कॉरिन का प्रवेश]

CORIN.

Our master and mistress seeks you; come away, away.

कॉरिन

हमारे मालिक और मालकिन तुम्हारी राह देख रहे हैं; चलो, वापस चलो।

TOUCHSTONE.

Trip, Audrey, trip, Audrey. I attend, I attend.

टचस्टोन

जल्दी करो, ऑड्री, जल्दी, ऑड्री। मैं आता हूँ, मैं आता हूँ।

[Exeunt]

[निकास]

SCENE II. The forest

दृश्य २: जंगल

[Enter ORLANDO and OLIVER]

[ऑरलैंडो और ऑलिवर का प्रवेश]

ORLANDO.

Is't possible that on so little acquaintance you should like her? that but seeing you should love her? and loving woo? and, wooing, she should grant? and will you persever to enjoy her?

ऑरलैंडो

क्या यह सम्भव है कि इतनी कम जान पहचान में तुम उसे चाहने लगो? कि केवल देखकर ही तुम उसे प्यार करने लगो? और शादी का प्रेम प्रस्ताव रखने की बात सोचो? और, प्रस्ताव रखने पर क्या वह उसे स्वीकार कर लेगी? और उसका रस पाने के लिए तुम अड़ जाओगे?

OLIVER.

Neither call the giddiness of it in question, the poverty of her, the small acquaintance, my sudden wooing, nor her sudden consenting; but say with me, I love Aliena; say with her that she loves me; consent with both that we may enjoy each other. It shall be to your good; for my father's house and all the revenue that was old Sir Rowland's will I estate upon you, and here live and die a shepherd.

ऑलिवर

इससे न ही चकित हो और न ही प्रश्न करके मुझसे उसकी गरीबी, उससे हुयी मेरी थोड़ी जान पहचान, अचानक उसके सामने शादी के लिए रखे गये मेरे प्रस्ताव, और अचानक हुयी उसकी रजामंदी के बारे में पूछो – बस मेरे साथ कहो 'मैं एलियना से प्यार करता हूँ,' और उसके साथ कहो कि वह मुझसे प्यार करती है; हम दोनों को अपनी सहमति दो ताकि हम एक दूसरे का रसपान कर सकें। यह तुम्हारे भले के लिए

ही होगा क्योंकि मेरे पिता का घर और बूढ़े सर रोलैंड की वसीयत में कहे गये सभी राजस्वों को मैं तुम्हें न्यस्त कर दूंगा, और यहाँ मैं एक गड़ेरिये की भांति जियूँगा और मरूंगा।

ORLANDO.

You have my consent. Let your wedding be to-morrow. Thither will I invite the Duke and all's contented followers. Go you and prepare Aliena; for, look you, here comes my Rosalind.

ऑरलैंडो

तुम्हें मेरी रजामंदी प्राप्त है। कल ही तुम्हारी शादी हो जाने दो। वहां मैं ड्यूक और उनके स्वयं संतुष्ट अनुयायियों को आमंत्रित कर लूँगा। तुम जाओ और एलियना को तैयार करो; क्योंकि देखो, यहाँ मेरी रोज़लिंड आ रही है।

[Enter ROSALIND]

[रोज़लिंड का प्रवेश]

ROSALIND.

(as Ganymede)

God save you, brother.

रोज़लिंड

(गैनमीड बनकर)

भगवान तुम्हारी रक्षा करे, भाई।

OLIVER.

And you, fair sister.

ऑलिवर

और तुम्हारी भी, सुंदर बहन।

[Exit]

[निकास]

ROSALIND.

O, my dear Orlando, how it grieves me to see thee wear thy heart in a scarf!

रोज़लिंड

ओ, मेरे प्यारे ऑरलैंडो, दिल के पास ऐसे स्कार्फ बांधे हुए तुम्हें देखकर मुझे कितना दुःख होता है!

ORLANDO.

It is my arm.

ऑरलैंडो

यह मेरी बाजू है।

ROSALIND.

I thought thy heart had been wounded with the claws of a lion.

रोज़लिंड

मैंने सोचा कि शेर के पंजों से तुम्हारे दिल[124] पर चोट लगी थी।

ORLANDO.

Wounded it is, but with the eyes of a lady.

ऑरलैंडो

चोट तो लगी है, लेकिन एक औरत की आँखों से।

ROSALIND.

Did your brother tell you how I counterfeited to swoon when he showed me your handkercher?

रोज़लिंड

[124] दिल-छाती

क्या तुम्हारे भाई ने तुम्हें बताया था कि जब उसने मुझे तुम्हारा रुमाल दिखाया था तो मैंने कैसे बेहोश होने का अभिनय किया था।

ORLANDO.

Ay, and greater wonders than that.

ऑरलैंडो

हाँ, और उससे भी ज्यादा अचम्भित करने वाली बातें बतायीं।

ROSALIND.

O, I know where you are. Nay, 'tis true. There was never any thing so sudden but the fight of two rams and Caesar's thrasonical brag of 'I came, saw, and overcame.' For your brother and my sister no sooner met but they looked; no sooner looked but they loved; no sooner loved but they sighed; no sooner sighed but they asked one another the reason; no sooner knew the reason but they sought the remedy- and in these degrees have they made pair of stairs to marriage, which they will climb incontinent, or else be incontinent before marriage. They are in the very wrath of love, and they will together. Clubs cannot part them.

रोज़लिंड

ओह, मैं जानता हूँ कि तुम कहाँ खोये हो। नहीं, यह सच है। सिवाय दो भेड़ों की लड़ाई के और सीजर की शेखी कि "मैं आया, मैंने देखा और मैंने विजय पायी।", कुछ भी अचानक कभी इतनी तेजी से घटित नहीं हुआ था। क्योंकि तुम्हारा भाई और मेरी बहन, मिलते ही वे एक दूसरे को देखने लगे, एक दूसरे को देखते ही वे प्यार में पड़ गये, प्यार में पड़ते ही वे आहें भरने लगे, आहें भरते ही उन्होंने एक दूसरे से इसका कारण पूछा और कारण पता लगते ही उन्होंने इसका इलाज ढूंढ लिया और इन चरणों से गुजर कर उन्होंने शादी की सीढ़ी तैयार की, जिस पर वे बेकाबू होकर चढ़ेंगे या फिर शादी से पहले ही चढ़ जायेंगे। वे प्यार में काफी उत्तेजित हैं और वे साथ होंगे। चाबुक भी उन्हें अलग नहीं कर सकता।

ORLANDO.

They shall be married to-morrow; and I will bid the Duke to the nuptial. But, O, how bitter a thing it is to look into happiness through another man's eyes! By so much the more shall I to-morrow be at the height of heart-heaviness, by how much I shall think my brother happy in having what he wishes for.

ऑरलैंडो

वे कल विवाह कर लेंगे और मैं ड्यूक को इस विवाह-बंधन पर आमंत्रित करूंगा। लेकिन, ओह, खुशियों को दूसरे व्यक्ति की आंखों से देखना कितना कटुतापूर्ण है! कल मेरे हृदय के भारीपन की गहराइयां कितनी अधिक होंगी, मैं कितना अधिक सोचूंगा कि मेरा भाई वह चीज पाकर खुश है जिसकी उसने चाहत की है।

ROSALIND.

Why, then, to-morrow I cannot serve your turn for Rosalind?

रोज़लिंड

अरे, तब, तो कल मैं तुम्हारे लिए रोज़लिंड होने का अभिनय नहीं कर सकता।

ORLANDO.

I can live no longer by thinking.

ऑरलैंडो

मैं ख्यालों में अब और नहीं जी सकता।

ROSALIND.

I will weary you, then, no longer with idle talking. Know of me then- for now I speak to some purpose- that I know you are a gentleman of good conceit. I speak not this that you should bear a good opinion of my knowledge, insomuch I say I know you are; neither do I labour for a greater esteem than may in some little measure draw a belief from you, to do yourself good, and not to grace me. Believe then, if you please, that I can do strange things. I have, since I was three year old, conversed with a magician, most profound in his art and yet not damnable. If you do love Rosalind

so near the heart as your gesture cries it out, when your brother marries Aliena shall you marry her. I know into what straits of fortune she is driven; and it is not impossible to me, if it appear not inconvenient to you, to set her before your eyes to-morrow, human as she is, and without any danger.

रोज़लिंड

मैं तुम्हें व्यर्थ की बातों में अब और अधिक क्लान्त नहीं करूंगा। फिर मेरे बारे में जानो – क्योंकि अब मैं कुछ काम की बात कहता हूँ - मैं जानता हूँ तुम एक सम्मानयोग्य अच्छे आदमी हो। मैं यह इसलिये नहीं कहता हूँ कि तुम भी मेरे ज्ञान के बारे में वैसी ही एक अच्छी राय कायम करो जैसी तुम्हारे बारे में मेरी है। और न ही ज्यादा सम्मान पाने के लिए श्रम करने का मेरा कोई इरादा है लेकिन कुछ हद तक मैंने तुमसे सीखा है कि आदमी को खुद ही अच्छाई करनी चाहिए, न कि अपने महिमा मंडन के लिए। यदि तुम्हें अच्छा लगे तो यकीन करना कि मैं विचित्र चीजें कर सकता हूँ। जब मैं तीन साल का था तो मेरा एक जादूगर से सम्पर्क हुआ था, जो अपने हुनर में सबसे अधिक पारंगत था फिर भी उसने कोई बुरा काम नहीं किया था। यदि तुम रोज़लिंड को, अपने दिल के करीब बताते हुए, उतना ही प्यार करते हो जितना तुम्हारी भाव भंगिमायें जाहिर करती हैं, तो जिस समय तुम्हारे भाई की एलियना से शादी होगी उसी समय तुम उससे (रोज़लिंड से) शादी करोगे। मैं जानता हूँ कि किस्मत की किन कठिन परिस्थितियों से वह गुजरी है, और यदि यह बात तुम्हें असुविधापूर्ण न लगे तो मेरे लिए यह असम्भव नहीं है कि मैं उसे, जिस मानव रूप में वह है उसी रूप में और बिना किसी हानि के, कल तुम्हारी आँखों के सामने खड़ा कर दूँ।

ORLANDO.

Speak'st thou in sober meanings?

ऑरलैंडो

यह बात तुम गम्भीरता से कह रहे हो?

ROSALIND.

By my life, I do; which I tender dearly, though I say I am a magician. Therefore put you in your best array, bid your friends; for if you will be married to-morrow, you shall; and to Rosalind, if you will. Look, here comes a lover of mine, and a lover of hers.

रोज़लिंड

मैं अपनी जिन्दगी की कसम खाता हूँ, जो मुझे बेहद प्यारी है; बावजूद इसके कि मैं एक जादूगर हूँ[125]। इसलिए तुम अपने सबसे बढ़िया कपड़े पहन कर आना, अपने साथियों को आमंत्रित करना; क्योंकि यदि तुम कल शादी करना चाहते हो, तो तुम करोगे, और रोजलिंड से ही करोगे। देखो, यहाँ इधर मेरी एक प्रेमिका और उसका एक प्रेमी आ रहा है।

[Enter SILVIUS and PHEBE]

[सिलवियस और फीबी का प्रवेश]

PHEBE.

Youth, you have done me much ungentleness

To show the letter that I writ to you.

फीबी

नौजवान, तुमने उस पत्र को, जिसे मैंने तुम्हें लिखा था, (सिलवियस को) दिखाकर मेरे साथ बहुत ही अशिष्टता का बर्ताव किया है।

ROSALIND.

I care not if I have. It is my study

To seem despiteful and ungentle to you.

You are there followed by a faithful shepherd;

Look upon him, love him; he worships you.

रोज़लिंड

यदि मैंने ऐसा किया है तो मुझे परवाह नहीं है। यह मेरा खुद का अवलोकन है कि मैं तुमसे धृष्टता से और रूखे तरीके से पेश आऊँ, तुम्हारे पीछे-पीछे एक वफादार गड़ेरिया आया है। उसकी ओर देखो, उसे प्यार करो; वह तुम्हारी पूजा करता है।

---

[125] कहने का अर्थ है गैनमीड बनी रोजलिंड के खुद को जादूगर बता रही है पर वह किसी कलाकारी को न दिखा कर पूरी गम्भीरता से अपनी जिन्दगी की कसम खा रही है।

PHEBE.

Good shepherd, tell this youth what 'tis to love.

फीबी

अच्छे गड़ेरिये, इस नौजवान को बताओ कि प्यार करना क्या होता है।

SILVIUS.

It is to be all made of sighs and tears;

And so am I for Phebe.

सिलवियस

इसका मतलब होता है आहें भरना और आंसुओं से सराबोर रहना; और जैसे मैं फीबी के लिए हूँ।

PHEBE.

And I for Ganymede.

फीबी

और मैं गैनमीड के लिए।

ORLANDO.

And I for Rosalind.

ऑरलैंडो

और मैं रोज़लिंड के लिए।

ROSALIND.

And I for no woman.

रोज़लिंड

और मैं किसी औरत के लिए नहीं हूँ।

SILVIUS.

It is to be all made of faith and service;

And so am I for Phebe.

सिलवियस

इसका मतलब होता है सदा वफादार रहना और सेवा में हाजिर रहना; और जैसे मैं फीबी के लिए हूँ।

PHEBE.

And I for Ganymede.

फीबी

और मैं गैनमीड के लिए।

ORLANDO.

And I for Rosalind.

ऑरलैंडो

और मैं रोज़लिंड के लिए।

ROSALIND.

And I for no woman.

रोज़लिंड

और मैं किसी औरत के लिए नहीं हूँ।

SILVIUS.

It is to be all made of fantasy,

All made of passion, and all made of wishes;

All adoration, duty, and observance,

All humbleness, all patience, and impatience,

All purity, all trial, all obedience;

And so am I for Phebe.

सिलवियस

इसका मतलब होता है कल्पनाओं में खोये रहना, दीवानगी का होना, चाहतों का होना, गहरे प्रेम का होना, कर्तव्य बोध का होना और धार्मिक रीति रिवाजों का पालन करना, नम्रता का होना, धीरज का होना, अधीरता का होना, पवित्रता का होना, हर परीक्षा के लिए तैयार रहना, पूरी तरह से आज्ञाकारिता का होना और जैसे मैं फीबी के लिए हूँ।

PHEBE.

And so am I for Ganymede.

फीबी

और जैसे मैं गैनमीड के लिए हूँ।

ORLANDO.

And so am I for Rosalind.

ऑरलैंडो

और जैसे मैं रोज़लिंड के लिए हूँ।

ROSALIND.

And so am I for no woman.

रोज़लिंड

और जैसे मैं किसी औरत के लिए नहीं हूँ।

PHEBE.

If this be so, why blame you me to love you?

फीबी

यदि ऐसी बात है तो तुम्हें प्यार करने के लिए तुम मुझे दोष क्यों देते हो?

SILVIUS.

If this be so, why blame you me to love you?

सिलवियस

यदि ऐसी बात है तो तुम्हें प्यार करने के लिए तुम मुझे दोष क्यों देती हो?

ORLANDO.

If this be so, why blame you me to love you?

ऑरलैंडो

यदि ऐसी बात है तो तुम्हें प्यार करने के लिए तुम मुझे दोष क्यों देती हो?

ROSALIND.

Why do you speak too, 'Why blame you me to love you?'

रोज़लिंड

तुम भी यह क्यों कहते हो,'तुम्हें प्यार करने के लिए तुम मुझे दोष क्यों देती हो?'

ORLANDO.

To her that is not here, nor doth not hear.

ऑरलैंडो

उसको कहा है जो यहाँ नहीं है, और न ही (मेरी बात) सुन सकती है।

ROSALIND.

Pray you, no more of this; 'tis like the howling of Irish wolves against the moon.*[To SILVIUS]* I will help you if I can. *[To PHEBE]* I would love you if I could.- To-morrow meet me all together. *[To PHEBE]* I will marry you if ever I marry woman, and I'll be married to-morrow. *[To ORLANDO]* I will satisfy you if ever I satisfied man, and you shall be married to-morrow. [To Silvius] I will content you if what pleases you contents you, and you shall be married to-morrow. *[To ORLANDO]* As you love Rosalind, meet. *[To SILVIUS]* As you love Phebe, meet;- and as I love no woman, I'll meet. So, fare you well; I have left you commands.

रोज़लिंड

तुमसे विनती है, ऐसा फिर मत कहना; यह आयरिश भेड़ियों के चाँदनी में हुँआ-हुँआ करके चिल्लाने जैसा है। *[सिलवियस से]* मैं तुम्हारी मदद करूंगा, यदि मैं कर सकता

हूँ। *[फीबी से]* मैं तुमसे प्यार करता यदि कर सकता – कल तुम सब मुझसे यहाँ आकर मिलना। *[फीबी से]* यदि कभी मैं किसी औरत से शादी करूंगा तो मैं तुमसे करूंगा, और कल मैं शादीशुदा होऊंगा।*[ऑरलैंडो से]* यदि कभी मैं किसी आदमी को संतुष्ट करूंगा तो मैं तुम्हें संतुष्ट करूंगा, और कल तुम शादीशुदा होगे। *[सिलवियस से]* जिस चीज से तुम्हें ख़ुशी मिलती है यदि वह तुम्हें संतुष्ट करती है, तो मैं तुम्हें संतुष्ट करूंगा, और कल तुम शादीशुदा होगे। *[ऑरलैंडो से]* क्योंकि तुम रोज़लिंड से प्यार करते हो, (इसलिए कल आकर) मिलना। *[सिलवियस से]* क्योंकि तुम फीबी से प्यार करते हो, (इसलिए कल आकर) मिलना। - और क्योंकि मैं किसी औरत को नहीं चाहता, मैं (कल आकर) मिलूंगा। इसलिए अलविदा। मैंने तुम लोगों को बता दिया है कि तुम्हें क्या करना है।

SILVIUS.

I'll not fail, if I live.

सिलवियस

यदि मैं जीवित रहा, तो मैं असफल नहीं होऊंगा (अर्थात मैं आऊंगा)।

PHEBE.

Nor I.

फीबी

न ही मैं।

ORLANDO.

Nor I.

ऑरलैंडो

न ही मैं।

[Exeunt]

[निकास]

SCENE III. The forest

दृश्य ३: जंगल

[Enter TOUCHSTONE and AUDREY]

[टचस्टोन और ऑड्री का प्रवेश]

TOUCHSTONE.

To-morrow is the joyful day, Audrey; to-morrow will we be married.

टचस्टोन

ऑड्री, आने वाला कल ख़ुशी का दिन है; कल हम शादीशुदा होंगे।

AUDREY.

I do desire it with all my heart; and I hope it is no dishonest desire to desire to be a woman of the world. Here come two of the banish'd Duke's pages.

ऑड्री

मैं भी पूरे दिल से यही चाहती हूँ; और आशा करती हूँ कि यह बदनीयत ख्वाहिश नहीं है कि मैं इस दुनिया की एक (सम्मानित) औरत बनने की चाहत रखूं। निष्कासित ड्यूक के सेवकों में से दो इधर आ रहे हैं।

[Enter two PAGES]

[दो सेवकों का प्रवेश]

FIRST PAGE.

Well met, honest gentleman.

पहला सेवक

अच्छे मिले, भले आदमी।

TOUCHSTONE.

By my troth, well met. Come sit, sit, and a song.

टचस्टोन

कसम से, अच्छे मिले। आओ बैठो, बैठो और एक गाना हो जाए।

SECOND PAGE.

We are for you; sit i' th' middle.

दूसरा सेवक

हम तुम्हारे लिए ही हैं; हमारे बीच बैठो।

FIRST PAGE.

Shall we clap into't roundly, without hawking, or spitting, or saying we are hoarse, which are the only prologues to a bad voice?

पहला सेवक

अपनी खराब आवाजों को जाहिर करते हुए, बिना सुर दिए या थूक कर या यह कहकर कि हम कर्कश हैं, गीत में क्या हम केवल ताली बजायेंगे?

SECOND PAGE.

I'faith, i'faith; and both in a tune, like two gipsies on a horse.

दूसरा सेवक

मेरा मानना है, मेरा मानना है; और हम दोनों वैसे ही लयबद्ध हैं जैसे एक ही घोड़े पर सवार दो खानाबदोश बंजारे।

PAGES

(SONG)

It was a lover and his lass,

With a hey, and a ho, and a hey nonino,

That o'er the green corn-field did pass

In the spring time, the only pretty ring time,

When birds do sing, hey ding a ding, ding.

Sweet lovers love the spring.

Between the acres of the rye,

With a hey, and a ho, and a hey nonino,

These pretty country folks would lie,

In the spring time, the only pretty ring time,

When birds do sing, hey ding a ding, ding.

Sweet lovers love the spring.

This carol they began that hour,

With a hey, and a ho, and a hey nonino,

How that a life was but a flower,

In the spring time, the only pretty ring time,

When birds do sing, hey ding a ding, ding.

Sweet lovers love the spring.

And therefore take the present time,

With a hey, and a ho, and a hey nonino,

For love is crowned with the prime,

In the spring time, the only pretty ring time,

When birds do sing, hey ding a ding, ding.

Sweet lovers love the spring.

दोनों सेवक

(गाना)

एक दीवाना था और उसकी हसीना थी,

हे, और हो, और हे-हे,

मक्के के हरे खेतों से वे गुजरे,

बसंत की ऋतु में, जो मंगनी के लिए एकलौता सलोना समय है,

जब पक्षी भी गाते हैं, हे वे गुनगुनाते हैं।

प्यारे प्रेमियों को बसंत रास आता है।

राई के मैदानों के बीच में,

हे, और हो, और हे-हे,

ये प्यारे देशीय लोग लेट जाते थे।

बसंत की ऋतु में, जो मंगनी के लिए एकलौता सलोना समय है,

जब पक्षी भी गाते हैं, हे वे गुनगुनाते हैं।

प्यारे प्रेमियों को बसंत रास आता है।

उस समय वे इस आनन्दगीत को गाना शुरू करते थे,

हे, और हो, और हे-हे ,

एक जिन्दगी कैसी थी केवल एक फूल सी,

बसंत की ऋतु में, जो मंगनी के लिए एकलौता सलोना समय है,

जब पक्षी भी गाते हैं, हे वे गुनगुनाते हैं।

प्यारे प्रेमियों को बसंत रास आता है।

और इसलिए वे वर्तमान को समेट लेते हैं।

हे, और हो, और हे-हे,

क्योंकि प्रेम चरम पर मुकुट पहने होता है।

बसंत की ऋतु में, जो मंगनी के लिए एकलौता सलोना समय है,

जब पक्षी भी गाते हैं, हे वे गुनगुनाते हैं।

प्यारे प्रेमियों को बसंत रास आता है।

TOUCHSTONE.

Truly, young gentlemen, though there was no great matter in the ditty, yet the note was very untuneable.

टचस्टोन

सच में, नौजवानों, हालांकि इस गीत में कुछ ख़ास नहीं था, फिर भी इसके स्वरों का आरोह-अवरोह बहुत ही बेसुरा था।

FIRST PAGE.

You are deceived, sir; we kept time, we lost not our time.

पहला सेवक

श्रीमान, आप धोखा खा गये; स्वरों की समरसता में हमने समय का ध्यान रखा था। हमसे समय की चूक नहीं हुयी थी।

TOUCHSTONE.

By my troth, yes; I count it but time lost to hear such a foolish song. God buy you; and God mend your voices. Come, Audrey.

टचस्टोन

कसम से, हाँ; मैंने गौर किया लेकिन ऐसे बेवकूफी के गाने को सुनकर मैंने समय की चूक की। तुम लोगों को अलविदा; और भगवान तुम्हारी आवाजों को सुधारे। आओ, ऑड्री।

[Exeunt]

[निकास]

SCENE IV. The forest

दृश्य ४: जंगल

[Enter DUKE SENIOR, AMIENS, JAQUES, ORLANDO, OLIVER, and CELIA]

[ड्यूक सीनियर, ऐमीयेन्स, जॉक, ऑरलैंडो, ऑलिवर और सीलिया का प्रवेश]

DUKE SENIOR.

Dost thou believe, Orlando, that the boy

Can do all this that he hath promised?

ड्यूक सीनियर

ऑरलैंडो, क्या तुम्हें यकीन है कि यह लड़का वह सब कर सकता है जिसे करने का इसने वचन दिया है?

ORLANDO.

I sometimes do believe and sometimes do not:

As those that fear they hope, and know they fear.

ऑरलैंडो

कभी-कभी मैं यकीन कर लेता हूँ और कभी-कभी नहीं भी करता : क्योंकि जो भय से आशा करते हैं, वे जानते हैं कि वे आशंकित हैं।

[Enter ROSALIND, SILVIUS, and PHEBE]

[रोज़लिंड, सिलवियस और फीबी का प्रवेश]

ROSALIND.

(as Ganymede)

Patience once more, whiles our compact is urged: (to DUKE SENIOR) You say, if I bring in your Rosalind, You will bestow her on Orlando here?

रोज़लिंड

(गैनमीड बनकर)

एक बार फिर से धीरज रखो, तब तक हम अपनी बात पक्की कर लें: (ड्यूक सीनियर से) आप कहते हैं, यदि मैं आपकी रोज़लिंड को ला दूं, तो क्या आप यहाँ उसे ऑरलैंडो को सौंप देंगे? (अर्थात उसका विवाह ऑरलैंडो से कर देंगे?)

DUKE SENIOR.

That would I, had I kingdoms to give with her.

ड्यूक सीनियर

मैं ऐसा ही करता, मैं अपना साम्राज्य भी उसके (रोज़लिंड के) साथ (ऑरलैंडो को) सौंप देता।

ROSALIND.

(to ORLANDO)

And you say you will have her when I bring her?

रोज़लिंड

(ऑरलैंडो से)

और तुम कहते हो, जब मैं उसे लाऊँगी तो तुम उसे अपने पास रखोगे? (अर्थात उससे शादी कर लोगे?)

ORLANDO.

That would I, were I of all kingdoms king.

ऑरलैंडो

मैं ऐसा ही करता, भले ही मैं सभी साम्राज्यों का राजा होता।

ROSALIND.

(to PHOEBE)

You say you'll marry me, if I be willing?

रोज़लिंड

(फीबी से)

तुम कहती हो यदि मैं राज़ी हो जाऊं तो तुम मुझसे शादी करोगी?

PHEBE.

That will I, should I die the hour after.

फीबी

मैं ऐसा ही करूंगी, भले ही (शादी के) घंटे भर बाद मुझे मरना पड़े।

ROSALIND.

But if you do refuse to marry me,

You'll give yourself to this most faithful shepherd?

रोज़लिंड

लेकिन यदि तुम मुझसे शादी करने से मना करती हो, तो तुम खुद को इस सबसे वफादार गड़ेरिये को सौंप दोगी? (अर्थात इस गड़ेरिये से शादी कर लोगी?)

PHEBE.

So is the bargain.

फीबी

तो यह सौदा रहा।

ROSALIND.

(to SILVIUS)

You say that you'll have Phebe, if she will?

रोज़लिंड

(सिलवियस से)

तुम कहते हो कि तुम फीबी को अपने पास रखोगे, यदि वह तुम्हारे पास आना चाहे?

SILVIUS.

Though to have her and death were both one thing.

सिलवियस

भले ही उसे रखना और मौत, दोनों एक ही चीज क्यों न हो।

ROSALIND.

I have promised to make all this matter even.

Keep you your word, O Duke, to give your daughter;

You yours, Orlando, to receive his daughter;

Keep your word, Phebe, that you'll marry me,

Or else, refusing me, to wed this shepherd;

Keep your word, Silvius, that you'll marry her

If she refuse me; and from hence I go,

To make these doubts all even.

रोज़लिंड

इस पूरे मामले को सुलझाने का मैंने वायदा किया है। ओ ड्यूक, अपनी पुत्री को सौंप कर अपने शब्द का मान रखो – ऑरलैंडो, उनकी पुत्री को स्वीकार कर तुम अपने शब्द का मान रखो। - फीबी, तुम अपने शब्द का मान रखो कि तुम मुझसे शादी करोगी या फिर मुझे इन्कार करने की दशा में तुम इस गड़ेरिये से शादी करोगी – सिलवियस, तुम अपने शब्द का मान रखो कि यदि वह मुझसे शादी करने से मना करती है तो तुम उससे शादी करोगे। और अब मैं इन दुविधाओं को दूर करता हूँ।

[Exeunt ROSALIND and CELIA]

[रोज़लिंड और सीलिया का निकास]

DUKE SENIOR.

I do remember in this shepherd boy

Some lively touches of my daughter's favour.

ड्यूक सीनियर

मुझे इस गड़ेरिये लड़के में कुछ हद तक अपनी पुत्री की सी जीवंतता याद आती है।

ORLANDO.

My lord, the first time that I ever saw him

Me thought he was a brother to your daughter.

But, my good lord, this boy is forest-born,

And hath been tutored in the rudiments

Of many desperate studies by his uncle,

Whom he reports to be a great magician,

Obscured in the circle of this forest.

ऑरलैंडो

माय लार्ड, पहली बार जब मैंने उसे देखा था तो मुझे लगा था कि वह आपकी पुत्री का भाई था, लेकिन, माय गुड लार्ड, यह लड़का जंगल में पैदा हुआ है और हताशा विषयक कई चीजों के विषय में उसने अपने चाचा से मूलभूत शिक्षा पायी है, जिनको वह एक महान जादूगर होना बताता है, वह इस जंगल के भीतर गुप्त जीवन बिता रहे हैं।

[Enter TOUCHSTONE and AUDREY]

[टचस्टोन और ऑड्री का प्रवेश]

JAQUES.

There is, sure, another flood toward, and these couples are coming to the ark. Here comes a pair of very strange beasts which in all tongues are called fools.

जॉक

निश्चित रूप से, एक और बाढ़ इधर आने को है और ये जोड़े आर्क[126] से आ रहे हैं। यहाँ बहुत ही विचित्र जीवों का एक जोड़ा इधर आ रहा है जिसे किसी भी भाषा में मूर्ख ही कहा जाता है।

TOUCHSTONE.

Salutation and greeting to you all!

टचस्टोन

आप सभी को अभिवादन और शुभकामनाएं!

JAQUES.

Good my lord, bid him welcome. This is the motley-minded gentleman that I have so often met in the forest. He hath been a courtier, he swears.

जॉक

मेरे अच्छे लार्ड, उसका स्वागत कीजिए। यह जोकर-सी सोच वाला आदमी है जिससे अक्सर मैं जंगलों में मिलता आया हूँ। वह कसम खाता है कि वह दरबारी रह चुका है।

TOUCHSTONE.

If any man doubt that, let him put me to my purgation. I have trod a measure; I have flattered a lady; I have been politic with my friend, smooth with mine enemy; I have undone three tailors; I have had four quarrels, and like to have fought one.

टचस्टोन

इस बारे में यदि किसी को कोई संदेह हो तो वह मुझसे मेरे शुद्धिकरण के लिए कह सकता है। मैंने लम्बा रास्ता तय किया है। मैंने एक औरत की खुशामद की है। मैं अपने दोस्तों के प्रति शालीन रहा हूँ और अपने शत्रुओं से मैंने मधुर बर्ताव किया है। मैंने तीन दर्जियों को बर्बाद किया है। मैंने चार बार झगड़े किये हैं, और एक बार तो लगभग लड़ने ही वाला था।

---

[126] आर्क (Ark) – यहाँ आर्क का अर्थ नोवा के उस बड़े जहाज से है, जो सृष्टि के जल निमग्न होते समय पानी में तैर रहा था।

JAQUES.

And how was that ta'en up?

जॉक

और वह (लड़ाई) कैसे शुरू हुयी थी?

TOUCHSTONE.

Faith, we met, and found the quarrel was upon the seventh cause.

टचस्टोन

सच में, हम मिले, और हमने पाया कि वह झगड़ा सातवें कारण को लेकर था।

JAQUES.

How seventh cause? Good my lord, like this fellow.

जॉक

सातवें कारण को लेकर कैसे? माय लार्ड, आप इसे पसंद करते हैं।

DUKE SENIOR.

I like him very well.

ड्यूक सीनियर

मैं उसे बहुत अच्छे से पसंद करता हूँ।

TOUCHSTONE.

God 'ild you, sir; I desire you of the like. I press in here, sir, amongst the rest of the country copulatives, to swear and to forswear, according as marriage binds and blood breaks. A poor virgin, sir, an ill-favoured thing, sir, but mine own; a poor humour of mine, sir, to take that that man else will. Rich honesty dwells like a miser, sir, in a poor house; as your pearl in your foul oyster.

टचस्टोन

भगवान आपका भला करे, श्रीमान। आपसे भी मैं ऐसा करने की चाहत रखता हूँ। मैं यहाँ यह कहना चाहता हूँ, श्रीमान, देश के बाकी शादीशुदा जोड़ों के बीच, मैं वैसे ही नई कसमें खाऊं और पुरानी कसमों को तोडूं जैसे शादी के समय किया जाता है जिसमें नये बंधन जुड़ते हैं और खून के रिश्ते टूटते हैं। श्रीमान, एक बेचारी कुंवारी लड़की, जिसे लोग पसंद नहीं करते, किन्तु श्रीमान, अब यह मेरी है। मेरी एक बुरी आदत है, श्रीमान, मैं उन चीजों को लेता हूँ जिसे कोई अन्य व्यक्ति नहीं लेना चाहेगा। श्रीमान, श्रेष्ठ सच्चरित्रता एक कंजूस की भांति एक गरीब के घर में रहती है, जैसे आपका (कीमती) मोती आपकी खराब सीपी में होता है।

DUKE SENIOR.

By my faith, he is very swift and sententious.

ड्यूक सीनियर

वाकई, वह बहुत ही तेज और सारगर्भित है।

TOUCHSTONE.

According to the fool's bolt, sir, and such dulcet diseases.

टचस्टोन

श्रीमान, विदूषक की चतुराई और ऐसी प्यारी बातें बीमारी हैं।

JAQUES.

But, for the seventh cause: how did you find the quarrel on the seventh cause?

जॉक

लेकिन, वह सातवाँ कारण क्या था: लड़ाई उस सातवें कारण से थी यह तुमने कैसे जाना?

TOUCHSTONE.

Upon a lie seven times removed- bear your body more seeming, Audrey- as thus, sir. I did dislike the cut of a certain courtier's beard; he sent me word, if I said his beard was not cut well, he was in the mind it was. This is called the Retort Courteous. If I sent him

word again it was not well cut, he would send me word he cut it to please himself. This is called the Quip Modest. If again it was not well cut, he disabled my judgment. This is called the Reply Churlish. If again it was not well cut, he would answer I spake not true. This is called the Reproof Valiant. If again it was not well cut, he would say I lie. This is called the Countercheck Quarrelsome. And so to the Lie Circumstantial and the Lie Direct.

टचस्टोन

हमारी बहस सातवीं बार जाकर खत्म हुयी थी। - ऑड्री, खुद को देखने लायक स्थिति में रखो। - आगे फिर, श्रीमान : मुझे एक दरबारी की ख़ास तरीके से कटी हुयी मूंछें पसंद नहीं आई थीं। उसने मुझे संदेश भिजवाया कि यदि मैंने कहा कि उसकी दाढ़ी ठीक से नहीं बनी थी, तो वह मानेगा कि यह बनी थी। यह 'शालीनता से प्रत्युत्तर देना' कहलाता। यदि मैं उसे दुबारा संदेश भिजवाता कि यह ठीक ढंग से नहीं कटी थी, तो वह मुझे यह उत्तर भिजवा सकता था कि उसने मूंछें खुद की खुशी के लिए काटी थीं। यह 'व्यंग्यात्मक शालीनता' कहलाता। यदि पुनः यह कहा जाता कि यह अच्छे से नहीं काटी गयी थी, तो वह मेरे फैसले को सुनने से ही मना कर सकता था। यह 'अशिष्ट प्रतिक्रिया' कहलाता। यदि फिर से यह कहा जाता कि यह अच्छे से नहीं काटी गयी थी, तो वह मुझे उत्तर दे सकता था कि मैंने सत्य नहीं कहा था। यह 'निर्भीकता के साथ फटकारना' कहलाता। यदि पुनः यह कहा जाता कि यह अच्छे से नहीं काटी गयी थी, तो वह कह सकता था कि मैं झूठ कहता हूँ। यह 'कलहप्रिय प्रतिक्रिया' कहलाता, और ऐसे ही 'परिस्थितियों की आड़ में ललकारना' और 'मुंह पर ललकारना' होता।

JAQUES.

And how oft did you say his beard was not well cut?

जॉक

और कितनी बार तुमने यह कहा था कि उसकी दाढ़ी अच्छे से नहीं कटी थी?

TOUCHSTONE.

I durst go no further than the Lie Circumstantial, nor he durst not give me the Lie Direct; and so we measured swords and parted.

टचस्टोन

'परिस्थितियों की आड़ में ललकारने' तक बात पहुँचाने की मेरी हिम्मत नहीं हुयी थी और मुझे 'मुंह पर ललकारने' की उसकी हिम्मत नहीं हुयी थी और फिर हमने अपनी तलवारों को आंका और हम अलग हो गये।

JAQUES.

Can you nominate in order now the degrees of the lie?

जॉक

क्या अब तुम क्रम से डटने की श्रेणियों को नामित कर सकते हो[127]?

TOUCHSTONE.

O, sir, we quarrel in print by the book, as you have books for good manners. I will name you the degrees. The first, the Retort Courteous; the second, the Quip Modest; the third, the Reply Churlish; the fourth, the Reproof Valiant; the fifth, the Countercheck Quarrelsome; the sixth, the Lie with Circumstance; the seventh, the Lie Direct. All these you may avoid but the Lie Direct; and you may avoid that too with an If. I knew when seven justices could not take up a quarrel; but when the parties were met themselves, one of them thought but of an If, as: 'If you said so, then I said so.' And they shook hands, and swore brothers. Your If is the only peace-maker; much virtue in If.

टचस्टोन

ओह श्रीमान, जैसे आपके पास अच्छे तौर-तरीकों की किताब होती है, वैसे ही हम लोगों ने मुद्रांकित तरीके से, किताब के अनुसार झगड़ा किया। मैं आपको श्रेणियों के नाम बताऊँगा : पहली है 'शालीनता से प्रत्युत्तर देना', दूसरी है 'व्यंग्यात्मक शालीनता', तीसरी है 'अशिष्ट प्रतिक्रिया', चौथी है 'निर्भीकता के साथ फटकारना', पांचवीं है 'कलहप्रिय प्रतिक्रिया', छठीं है 'परिस्थितियों की आड़ में ललकारना', और सातवीं है 'मुंह पर ललकारना'। 'मुंह पर ललकारने' वाली स्थिति को छोड़कर

[127] अपनी बात पर अड़ने को क्रम से चरणबद्ध तरीके से कहकर डटने की श्रेणियों को बता सकते हो।

आप इन सभी स्थितियों से बच सकते हैं और 'यदि' शब्द का इस्तेमाल करके आप उससे भी बच सकते हैं। मैं जानता था केवल उस स्थिति में जब तक कि झगड़े के पक्षकार खुद ही आकर न मिलें, ये सात न्यायसंगत बातें स्वयं झगड़े का रूप नहीं ले सकती थी, तब उनमें से एक पक्षकार केवल 'यदि' के बारे में ऐसे सोचता: "यदि आप ऐसा कहते तो मैं वैसा कहता।" और फिर वे हाथ हिलाते और (अच्छे सम्बन्ध बनाने की) शपथ लेकर भाइयों की तरह अलग होते। आपका 'यदि' शब्द ही केवल एकमात्र सन्धिकर्ता है : इस 'यदि' शब्द में बहुत गुण है।

JAQUES.

Is not this a rare fellow, my lord?

He's as good at any thing, and yet a fool.

जॉक

माय लार्ड, क्या यह एक बेहद निराला साथी नहीं है? यह किसी भी विषय पर अच्छा बोलता है, और फिर भी विदूषक है।

DUKE SENIOR.

He uses his folly like a stalking-horse, and under the presentation of that he shoots his wit:

ड्यूक सीनियर

वह अपनी बेवकूफियों को बहेलिये के प्रशिक्षित घोड़े की तरह इस्तेमाल करता है जो, बहेलिये को छिपाने का दिखावा कर अपनी कुशलता से, शिकार करने में उस बहेलिये की सहायता करता है :

[Enter HYMEN, ROSALIND, and CELIA.] (Soft MUSIC)

[हायमेन[128],रोज़लिंड और सीलिया का प्रवेश।] (मधुर संगीत)

HYMEN.

Then is there mirth in heaven,

[128] हायमेन (Hymen) – दंतकथाओं में विवाह के देवता

When earthly things made even Atone together. Good Duke, receive thy daughter; Hymen from heaven brought her, Yea, brought her hither, That thou mightst join her hand with his, Whose heart within his bosom is.

हायमेन

जब भौतिक चीजें, व्यवस्थित कर दी जाती हैं और लोग मिलकर गीत गाने के लिए एकत्रित होते हैं,

तब वहां स्वर्ग में हंसी-ख़ुशी का माहौल होता है।

अच्छे ड्यूक, अपनी पुत्री का हाथ थामो।

स्वर्ग से हायमेन उसे लेकर आया है,

हाँ, यहाँ उसे लेकर आया है,

ताकि तुम उसका (रोज़लिंड का) हाथ उस के हाथ में थमा सको, जिसका दिल उसके प्रेमी के हृदय में है।

ROSALIND.

[To DUKE] To you I give myself, for I am yours. *[To ORLANDO]* To you I give myself, for I am yours.

रोज़लिंड

[ड्यूक से] मैं खुद को आपको सौंपती हूँ, क्योंकि मैं आपकी हूँ। *[ऑरलैंडो से]* मैं खुद को तुम्हें सौंपती हूँ, क्योंकि मैं तुम्हारी हूँ।

DUKE SENIOR.

If there be truth in sight, you are my daughter.

ड्यूक सीनियर

जो दिख रहा है यदि वह सच है, तो तुम मेरी पुत्री हो।

ORLANDO.

If there be truth in sight, you are my Rosalind.

ऑरलैंडो

जो दिख रहा है यदि वह सच है, तो तुम मेरी रोज़लिंड हो।

PHEBE.

If sight and shape be true,

Why then, my love adieu!

फीबी

जो दिख रहा है और तुम्हारा रूप, यदि वह सच है, तो मेरे प्यार अलविदा!

ROSALIND.

(to DUKE SENIOR) I'll have no father, if you be not he; *(to ORLANDO)* I'll have no husband, if you be not he; *(to PHOEBE)* Nor ne'er wed woman, if you be not she.

रोज़लिंड

(ड्यूक सीनियर से) यदि आप मेरे पिता नहीं होंगे, तो मेरा कोई पिता नहीं होगा। *(ऑरलैंडो से)* यदि तुम मेरे पति नहीं होगे, तो मेरा कोई पति नहीं होगा। *(फीबी से)* यदि तुम मेरी पत्नी नहीं होगी, तो मैं किसी औरत से शादी नहीं करूंगा।

HYMEN.

Peace, ho! I bar confusion; 'Tis I must make conclusion

Of these most strange events. Here's eight that must take hands

To join in Hymen's bands, If truth holds true contents.

(to ORLANDO and ROSALIND) You and you no cross shall part;

(to OLIVER and CELIA) You and you are heart in heart;

(to PHOEBE) You to his love must accord, Or have a woman to your lord; *(to TOUCHSTONE and AUDREY)* You and you are sure together, As the winter to foul weather. *(to all)* Whiles a wedlock-hymn we sing, Feed yourselves with questioning, That reason wonder may diminish, How thus we met, and these things finish.

हायमेन

अरे, शान्त रहिये! मैं गलतफहमी दूर करता हूँ। अब मुझे इन सबसे अद्भुत घटनाओं के निष्कर्ष को निकालना होगा। यदि सच्चाई वास्तविक संतुष्टि देती है, तो विवाह-बंधन की रस्म के लिए यहाँ मौजूद आठों लोगों को एक-दूसरे का हाथ थामना होगा। *(ऑरलैंडो और रोज़लिंड से)* तुम्हें और तुम्हें कोई भी कष्ट अलग नहीं कर सकेंगे। *(ऑलिवर और सीलिया से)* तुम्हारा और तुम्हारा दिल आपस में जुड़ा रहे। *(फीबी से)* या तो तुम उसके (सिलवियस के) प्यार के अनुरूप हो जाओ या एक औरत को अपना स्वामी मानो। *(टचस्टोन और ऑड्री)* तुम और तुम, निश्चय ही ऐसे एक साथ रहो जैसे ठंड, खराब मौसम के साथ रहती है। *(सभी से)* जिस समय हम विवाह-बंधन के मन्त्र गायें, उस समय आप लोग स्वयं से प्रश्न करें, ताकि तर्क अचरज को कम कर सके कि आखिर हम कैसे मिले और कैसे ये चीजें अपने अंजाम पर पहुंची।

SONG

Wedding is great Juno's crown;

O blessed bond of board and bed!

'Tis Hymen peoples every town;

High wedlock then be honoured.

Honour, high honour, and renown,

To Hymen, god of every town!

(विवाह गीत)

विवाह, महान जूनो[129] का मुकुट है,

ओ साथ रहने और सोने के बंधन का आशीष प्राप्त करने वाले जोड़े।

इस विवाहगीत को हर कस्बे के लोग गायेंगे;

फिर इस श्रेष्ठ विवाहबंधन का सम्मान किया जायेगा।

[129] जूनो (Juno) – यूनानी मान्यता के अनुसार विवाह की देवी हैं।

हर कस्बे के देवता, हायमेन के कारण

(इस विवाह को) सम्मान, बहुत सम्मान, और ख्याति मिलेगी।

DUKE SENIOR.

O my dear niece, welcome thou art to me!

Even daughter, welcome in no less degree.

ड्यूक सीनियर

ओ मेरी प्यारी भतीजी, तुम्हारा यहाँ पर स्वागत है! मेरी बेटी जितना ही तुम्हारा स्वागत है।

PHEBE.

(to SILVIUS) I will not eat my word, now thou art mine;

Thy faith my fancy to thee doth combine.

फीबी

(सिलवियस से) मैं अपनी बात से नहीं पलटूँगी, अब तुम मेरे हो; तुम्हारी वफ़ा और तुमको लेकर की गयी मेरी कल्पनाएँ अब एकीकार होंगी।

[Enter JAQUES de BOYS]

[जॉक डी बॉयज का प्रवेश]

JAQUES de BOYS.

Let me have audience for a word or two.

I am the second son of old Sir Rowland,

That bring these tidings to this fair assembly.

Duke Frederick, hearing how that every day

Men of great worth resorted to this forest,

Addressed a mighty power; which were on foot,

In his own conduct, purposely to take

His brother here, and put him to the sword;

And to the skirts of this wild wood he came,

Where, meeting with an old religious man,

After some question with him, was converted

Both from his enterprise and from the world;

His crown bequeathing to his banished brother,

And all their lands restored to them again

That were with him exiled. This to be true

I do engage my life.

जॉक डी बॉयज

एक-दो शब्द मुझे यहाँ मौजूद लोगों से कह लेने दें। मैं बूढ़े सर रोलैंड का दूसरा लड़का हूँ, जो ये खबरें इस अच्छी सभा के लिए लाया है। हर रोज किस तरीके से बहुत ही गुणी लोग इस जंगल में आया करते थे, यह सुनकर ड्यूक फ्रेडेरिक ने बहुत बड़े सैन्य-दल को सम्बोधित किया था, जो पैदल ही उनके निर्देशन में उनके भाई को हिरासत में लेने और युद्ध करने के उद्देश्य से इधर जंगल में आ रहा था। और यहाँ इस घने जंगल की सीमाओं में आने पर एक बूढ़े धार्मिक व्यक्ति से उनकी मुलाकात हुयी थी, जिससे कुछ प्रश्न पूछने के बाद, उन्होंने (आपको पकड़ने के) अपने उद्यम और इस सांसारिकता, को छोड़ने का मन बना लिया। उनका मुकुट उनके निष्कासित भाई को हस्तांतरित हो जाएगा, और निष्कासन में साथ आये व्यक्तियों की वे तमाम जमीनें, जो निष्कासन के समय उनके (निष्कासन में आये व्यक्तियों के) पास थीं, पुनः वापस लौटा दी जायेंगी। यह बातें सच हों इसके लिए मैं अपनी जिन्दगी की कसम खाता हूँ।

DUKE SENIOR.

Welcome, young man.

Thou offer'st fairly to thy brothers' wedding:

To one, his lands withheld; and to the other,

A land itself at large, a potent dukedom.

First, in this forest let us do those ends

That here were well begun and well begot;

And after, every of this happy number,

That have endured shrewd days and nights with us,

Shall share the good of our returned fortune,

According to the measure of their states.

Meantime, forget this new-fall'n dignity,

And fall into our rustic revelry.

Play, music; and you brides and bridegrooms all,

With measure heaped in joy, to th' measures fall.

ड्यूक सीनियर

स्वागत है, नौजवान। तुम अपने भाइयों की शादी में काफ़ी बढ़िया तोहफा लाये हो : एक को (ऑलिवर को) तुम उसकी जमीनें वापस दिला रहे हो, तो दूसरे को (ऑरलैंडो को) मिलने वाली जमीन इतनी विशाल है कि वह एक सशक्त ड्यूकडम[130] है। - पहले, हमें इस जंगल में उन चीजों को खत्म करना चाहिए जो यहाँ पर अच्छे से शुरू हुयी थीं। और उसके बाद यहां मौजूद हर शख्स, जिन्होंने कठिनाई में अपने दिन और रात हमारे साथ गुजारे हैं, को हमारे सौभाग्य की वापसी पर उसकी स्थिति के अनुसार अच्छा पुरस्कार दिया जाएगा। इस दौरान, अभी-अभी प्राप्त हुए पद-ओहदे को भूल कर हम लोग देशीय तरीके से अपनी खुशियों को मनाएं – संगीत शुरू करो।- और सभी वर-वधुएँ, उन खुशियों का आनन्द उठाएं जो हमें मिली हैं।

JAQUES.

Sir, by your patience. If I heard you rightly,

The Duke hath put on a religious life,

And thrown into neglect the pompous court.

[130] ड्यूकडम (dukedom) – ड्यूक का पद और उसके अधीनस्थ आने वाला क्षेत्र।

जॉक

श्रीमान, जरा ठहरें। यदि मैंने आपको ठीक-ठीक सुना है, तो ड्यूक ने एक धार्मिक जीवन जीने का रास्ता चुना है और उस शानदार दरबार को उपेक्षापूर्वक छोड़ दिया है।

JAQUES DE BOYS.

He hath.

जॉक डी बॉयज

उन्होंने ऐसा ही किया है।

JAQUES.

To him will I. Out of these convertites

There is much matter to be heard and learned.

[To DUKE] You to your former honour I bequeath;

Your patience and your virtue well deserves it.

[To ORLANDO] You to a love that your true faith doth merit;

[To OLIVER] You to your land, and love, and great allies.

[To SILVIUS] You to a long and well-deserved bed;

[To TOUCHSTONE] And you to wrangling; for thy loving voyage Is but for two months victualled.- So to your pleasures; I am for other than for dancing measures.

जॉक

मैं उन्हें खोजने जाऊँगा। इन परिवर्तनों के बीच अभी काफी कुछ सुना जाना और सीखा जाना बाकी है। *[ड्यूक सीनियर से]* मैं आपको आपका पुराना सम्मान देता हूँ, आपका धैर्य और आपके गुण इसके लिए उपयुक्त हैं। *[ऑरलैंडो से]* तुम्हारी सच्ची निष्ठा के लिये मैं तुम्हें प्यार देता हूँ। *[ऑलिवर से]* तुम्हें तुम्हारी जमीनें और प्यार, और मित्रता देता हूँ। *[सिलवियस से]* तुम्हें एक बड़ा और शानदार बिस्तर (जिस पर तुम अपनी पत्नी के साथ सो सको)। *[टचस्टोन से]* और तुमसे आशा करता हूँ कि हम जल्द ही लड़ेंगे। क्योंकि तुम्हारी यह जो प्रेम यात्रा है उसकी भूख दो महीने में

खत्म हो जायेगी – इसलिए आप लोग अपनी खुशियाँ मनाएं। मुझे नाचने-गाने के अतिरिक्त दूसरे काम के लिए बनाया गया है।

DUKE SENIOR.

Stay, Jaques, stay.

ड्यूक सीनियर

रुको, जॉक, रुको।

JAQUES.

To see no pastime I. What you would have

I'll stay to know at your abandoned cave.

जॉक

मेरे पास मन बहलाव का समय नहीं है। आप मुझसे क्या चाहते हैं यह जानने के लिए आपकी परित्यक्त गुफा में मैं आपका इंतज़ार करूंगा।

[Exit]

[निकास]

DUKE SENIOR.

Proceed, proceed. We will begin these rites, As we do trust they'll end, in true delights.

[A dance]

ड्यूक सीनियर

जारी रखो, जारी रखो। हम इन धार्मिक संस्कारों को आरम्भ करेंगे, जैसा कि हम आशा करते हैं ये सच्ची खुशियों के साथ समाप्त होंगे।

[एक नृत्य होता है]

[Exeunt all but ROSALIND.]

[रोज़लिंड को छोड़कर अन्य सभी का निकास]

EPILOGUE

उपसंहार

ROSALIND.

It is not the fashion to see the lady the epilogue; but it is no more unhandsome than to see the lord the prologue. If it be true that good wine needs no bush, 'tis true that a good play needs no epilogue. Yet to good wine they do use good bushes; and good plays prove the better by the help of good epilogues. What a case am I in then, that am neither a good epilogue, nor cannot insinuate with you in the behalf of a good play! I am not furnished like a beggar; therefore to beg will not become me. My way is to conjure you; and I'll begin with the women. I charge you, O women, for the love you bear to men, to like as much of this play as please you; and I charge you, O men, for the love you bear to women- as I perceive by your simpering none of you hates them- that between you and the women the play may please. If I were a woman, I would kiss as many of you as had beards that pleased me, complexions that liked me, and breaths that I defied not; and, I am sure, as many as have good beards, or good faces, or sweet breaths, will, for my kind offer, when I make curtsy, bid me farewell.

रोज़लिंड

एक कुलीन महिला, को उपसंहार में देखना प्रचलन में नहीं है, लेकिन यह एक सामंत के प्रस्तावना में दिखाई पड़ने से ज्यादा बेढंगा नहीं है। यदि यह सच है कि अच्छी शराब को झाड़ी की जरूरत नहीं होती है, तो यह भी सच है कि एक अच्छे नाटक को उपसंहार की जरूरत नहीं होती है। फिर भी अच्छी शराब (को रखने) के लिए वे अच्छी झाड़ियों का उपयोग करते हैं, और अच्छे नाटक, अच्छे उपसंहार की मदद से और भी बेहतर साबित होते हैं। तो क्या कारण है कि मैं यहाँ हूँ, क्योंकि न ही मैं एक अच्छा उपसंहार हूँ और न ही एक अच्छे नाटक की तरफ से अप्रत्यक्षतः मैं आपको इसका इशारा कर सकती हूँ। मुझे एक याचक की तरह तैयार नहीं किया गया है;

इसलिए मैं याचना कर नहीं सकती हूँ। मेरा तरीका है कि मैं आप पर जादू कर दूं, और मैं औरतों से शुरू करूंगी। ओ औरतों, मैं तुमसे कहती हूँ, उस प्रेम के लिए जिसे तुम पुरूषों के प्रति रखती हो — तुम इस नाटक को उतना पसंद करो जितनी इससे तुम्हें प्रसन्नता मिले। और ओ पुरुषों, मैं तुमसे कहती हूँ, उस प्रेम के लिए जिसे तुम औरतों के प्रति रखते हो — जैसा तुम्हारी लजीली मुस्कुराहट से मुझे लगता है, तुममें से कोई भी उनसे घृणा नहीं करता – यह कि तुम्हें और औरतों को यह नाटक ख़ुशी दे। यदि मैं एक औरत होती, तो मैं उन पुरुषों को—जिनकी दाढ़ियाँ मुझे पसंद आती, जो मुझे पसंद करते, और मैं जिनकी साँसों को न नकारती—चुम्बन देती। और मैं पक्के तौर पर कह सकती हूँ कि जितने भी सुंदर दाढ़ियों वाले, या अच्छे चेहरे या मधुर साँसों वाले लोग हैं, वे मेरे स्नेहपूर्ण समर्पण के बदले, जब मैं आगे झुकूंगी, मुझे जाने के लिए विदाई देंगे।

~THE END~

~समाप्त~

'जो तुमको हो पसंद' (As You Like It) प्रसिद्ध नाटककार विलियम शेक्सपियर (William Shakespeare) की लोकप्रिय रचना है। इस नाटक में, सर रोलैंड वसीयत में अपनी सारी संपत्ति अपने सबसे बड़े बेटे ऑलिवर के नाम कर देते हैं और उसे यह जिम्मेदारी सौंपते हैं कि वह उनके छोटे बेटे ऑरलैंडो की परवरिश करे, जिसके लिए वे अपनी वसीयत में ऑरलैंडो के नाम एक हजार स्वर्णमुद्राएँ कर देते हैं। ऑलिवर न केवल ऑरलैंडो की स्वर्णमुद्राएँ हथिया लेता है बल्कि उसे घर में नौकर बनाकर रखता है। ऑरलैंडो ऑलिवर से सम्पत्ति में अपने हिस्से की स्वर्णमुद्राओं की मांग करता है जिसपर ऑलिवर उसे अपने रास्ते से हटाने के बारे में सोचने लगता है।

तभी, कुश्तीबाज चार्ल्स आकर ऑलिवर को बताता है कि ऑरलैंडो उससे कुश्ती लड़ने के बारे में सोच रहा है। कुश्ती की बात सुनकर ऑलिवर चार्ल्स को उकसाता है कि कुश्ती में वह ऑरलैंडो को मार डाले।

कुश्ती के मुकाबले में ऑरलैंडो, चार्ल्स को उठाकर अखाड़े के बाहर फेंक देता है और कुश्ती जीत जाता है। पुराने ड्यूक की बेटी एवं नए ड्यूक फ्रेडेरिक की भतीजी—रोज़लिंड, ऑरलैंडो को बधाई देने आती है। रोज़लिंड की सुन्दरता को देखकर ऑरलैंडो उसके प्यार में पड़ जाता है लेकिन कुछ कह नहीं पाता।

ऑरलैंडो से मुलाक़ात के बाद रोज़लिंड भी उसे चाहने लगती है जिसके लिए फ्रेडेरिक की बेटी सीलिया उसे छेड़ती है। सीलिया और रोज़लिंड आपस में बातचीत कर रही होती हैं तभी फ्रेडरिक आकर रोज़लिंड को देश-निकाला की सज़ा सुना देते हैं। सीलिया भी रोज़लिंड के साथ चुपचाप महल से निकल जाने का निर्णय लेती है।

इधर जब ऑरलैंडो वापस घर पहुँचता है तो उसे अपने नौकर ऐडम से पता चलता है कि ऑलिवर ऑरलैंडो की हत्या करने की योजना बना रहा है। ऑरलैंडो और ऐडम घर छोड़कर जंगल की तरफ चल देते हैं।

दूसरी तरफ रोज़लिंड और सीलिया भी सीनियर ड्यूक की तलाश में महल छोड़कर जंगल में चली जाती हैं। जंगल में ऑरलैंडो और रोज़लिंड की मुलाकात कैसे होती है, और यह मुलाक़ात उनके विवाह के बंधन तक कैसे पहुँचती है, यह जानने के लिए पढ़े 'जो तुमको हो पसंद' ...।

Copyright © 2017
All Rights Reserved.